CMYK


बाल दिवस आज

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

नन्हे-मुन्हे हम हैं बच्चे-काम करेंगे अच्छे-अच्छे

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी





# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार!

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

गुरुवार 14 नवम्बर, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 29 कार्तिक 2081 LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 317
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200

# बेलगाम बुलडोजर पर ब्रेक

## दोषी होने पर किसी का घर नहीं गिराया जा सकता, अफसर जज नहीं हो सकते, सुप्रीम कोर्ट ने जारी की नई गाइडलाइंस

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बुलडोजर न्याय पर बड़ा फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से लोगों के घर गिराए जाने को असंवैधानिक बताया है। अदालत ने कहा कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति का मकान केवल इस आधार पर गिरा देती है कि वह अभियुक्त है, तो यह कानून के शासन का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा की यहां तक कि गंभीर अपराधों के आरोपी और दोषी के खिलाफ भी बुलडोजर की कार्रवाई बिना नियम का पालन किए नहीं की जा सकती। कोर्ट ने कहा कानून का शासन, नागरिकों के अधिकार और प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत आवश्यक शर्त है। पीठ ने कहा कि अफसर जज नहीं हो सकते। अगर किसी संपत्ति को केवल इसलिए ध्वस्त कर दिया जाता है क्योंकि व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है तो यह पूरी तरह से असंवैधानिक है।

### घर हर किसी का सपना

सुप्रीम कोर्ट के बी आर गवई और जस्टिस के वी विश्वनाथन के पीठ ने सुनाया फैसला। अपने फैसले में जस्टिस गवई ने कहा कि किसी का घर उसकी उम्मीद होती है हर किसी का सपना होता है कि उसका आश्रय कभी न छिने।

हर आदमी की उम्मीद होती है कि उसके पास आश्रय हो। हमारे सामने सवाल यह है कि क्या कार्यपालिका किसी ऐसे व्यक्ति का आश्रय छीन सकती है जिस पर अपराध का आरोप है। अदालत ने कहा कि किसी आरोपी का घर सिर्फ इसलिए नहीं गिराया जा सकता क्योंकि उस पर किसी अपराध का आरोप है। उन्होंने कहा कि आरोपों पर सच्चाई का फैसला सिर्फ न्यायपालिका ही करेगी।

- बुलडोजर की मनमानी पर अधिकारियों को नहीं बख्शेंगे
- गलत तरीके से घर तोड़ने पर मुआवजा मिले



### संवैधानिक आदर्श शक्ति के दुरुपयोग की इजाजत नहीं देता

'शीर्ष अदालत ने कहा कि कार्यपालिका द्वारा की गई ज्यादतियों से कानून की कड़ी शक्ति से निपटा जाना चाहिए। हमारे संवैधानिक आदर्श ऐसे किसी भी शक्ति के दुरुपयोग की अनुमति नहीं देते। यह कानून के न्यायालय द्वारा सहन नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब किसी विशेष संरचना को अचानक से ध्वस्त करने के लिए चुना जाता है, और उसी प्रकार की बाकी संपत्तियों को नहीं छुआ जाता, तो यह अनुमान लगाया जा सकता है कि असली उद्देश्य कानूनी कार्रवाई नहीं, बल्कि बिना सुनवाई के दंडित करना था। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि बुलडोजर की कार्रवाई आरोपी या दोषी के परिवार को 'सामूहिक दंड' देने जैसा है। और जब प्रॉपर्टी को सिलेक्टिव आधार को ध्वस्त किया जाए तो कार्रवाई दुर्भावना की ही लगती है।

### गाइडलाइन में क्या-क्या है

- बिना कारण बताओ नोटिस के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की जाएगी, मालिक को पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस भेजा जाएगा और नोटिस को संरचना के बाहर चिपकाया भी जाएगा।
- नोटिस तामील होने के बाद अपना पक्ष रखने के लिए संरचना के मालिक को 15 दिन का समय दिया जाएगा।
- तामील होने के बाद कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सूचना भेजी जाएगी।
- कलेक्टर और डीएम नगरपालिका भवनों के ध्वस्तीकरण आदि के प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे।
- नोटिस में उल्लंघन की प्रकृति, निजी सुनवाई की तिथि और किसके समक्ष सुनवाई तय की गई है, निर्दिष्ट डिजिटल पोर्टल उपलब्ध कराया जाएगा, जहां नोटिस और उसमें पारित आदेश का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा।
- प्राधिकरण व्यक्तिगत सुनवाई सुनेगा और मिनटों को रिकॉर्ड किया जाएगा, उसके बाद अंतिम आदेश पारित किया जाएगा।
- इसमें यह उत्तर दिया जाना चाहिए कि क्या अनधिकृत संरचना समझौता योग्य है और यदि केवल एक भाग समझौता योग्य नहीं पाया जाता है और यह पता लगाना है कि विध्वंस का चरम कदम ही एकमात्र जवाब क्यों है।
- आदेश डिजिटल पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा।
- आदेश के 15 दिनों के भीतर मालिक को अनधिकृत संरचना को ध्वस्त करने या हटाने का अवसर दिया जाएगा और केवल तभी जब अपीलीय निकाय ने आदेश पर रोक नहीं लगाई है, तो विध्वंस के चरण होंगे।
- विध्वंस की कार्रवाई की वीडियोग्राफी की जाएगी वीडियो को संरक्षित किया जाना चाहिए।
- उक्त विध्वंस रिपोर्ट नगर आयुक्त को भेजी जानी चाहिए.सभी निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए इन निर्देशों का पालन न करने पर अवमानना और अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी।
- अधिकारियों को मुआवजे के साथ ध्वस्त संपत्ति को अपनी लागत पर वापस करने के लिए उत्तरदायी ठहराया जाएगा. सभी मुख्य सचिवों को निर्देश दिए जाने चाहिए।

# झारखंड में 67 फीसदी व वायनाड में 65 % मतदान



पंजाब केसरी/नई दिल्ली

झारखंड में पहले फेज की 43 सीटों के साथ ही 10 राज्यों की 31 विधानसभा और केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार शाम 5 बजे वोटिंग खत्म हो गई। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। झारखंड के पहले चरण के मतदान में लगभग 67 फीसदी मतदान हुआ। यहां लोग सुबह से ही कतारों में लगे दिखाई दिए। यहां तक कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी लोगों ने उत्साह के साथ वोट डाले।

केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर लगभग 65 फीसदी मतदान हुआ। इस सीट पर कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा का मुकाबला भाजपा की नव्या हरिदास और लेफ्ट के सत्यन मोकेरी से है। प्रियंका वायनाड में एक बूथ पर पहुंचीं और लोगों से मिलीं।

पश्चिम बंगाल में नॉर्थ 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में कुछ लोगों ने टीएमसी नेता अशोक साहू पर बम फेंके और गोलीबारी की। इसमें उनकी मौत हो गई। वे टीएमसी के वार्ड अध्यक्ष रह चुके हैं। राजस्थान के देवली-उनियारा सीट पर कांग्रेस से बागी और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया। वे समरावता मतदान केंद्र में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे।

बिहार के तरारी विधानसभा सीट पर वोटिंग को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गई। दोनों गुटों में हुई मारपीट में 6 लोग घायल हुए हैं। एक युवक का सिर फट गया। पुलिस को यहां फ्लैग मार्च करना पड़ा।

- राजस्थान, बिहार की सीटों पर भी चुनाव
- पश्चिम बंगाल में बम हमले में टीएमसी नेता की मौत


(पृष्ठ-3 भी देखें)

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

बेहद बिगड़ते हालात के बीच बुधवार को दिल्ली में सर्दियों के इस सीजन में पहली बार वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई। एक्यूआइ 400 के पार चला गया। दिन भर स्माग छाया गया। सांस लेना भी कठिन है और दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा में भी जहरीली धुंध की गहरी चादर छाई रही। वहीं उत्तर भारत में विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा में पराली जलने की सेटेलाइट तस्वीरें नासा ने जारी की हैं। इधर धुंध की गहरी चादर लोगों पर पूरा असर डालती दिखाई दे रही है। एनसीआर के शहरों में भी एक्यूआइ के स्तर में इजाफा देखा गया। आलम यह रहा कि देश भर में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दिल्ली की ही रही। हालांकि एक दो दिन में ही इसके वापस 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच जाने के आसार हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को दिल्ली का एक्यूआइ 418 दर्ज हुआ। यह देश में सबसे ज्यादा था। इधर घने कोहरे के कारण 10 उड़ानों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। सुबह से ही विमान सेवाएं पूरी तरह प्रभावित हुईं। एक दर्जन से ज्यादा विमान देरी से उड़े और आने वाले दो दिनों तक कोहरा छाने के भी आसार बताए जाते हैं।

### एक्यूआई-400 पार



### नासा ने पराली जलने की सेटेलाइट तस्वीर जारी की



10 उड़ानों के मार्ग बदले

(पृष्ठ-7 और 11 भी देखें)

# तिलक के शानदार शतक से भारत की दमदार विजय



**सेंचुरियन** में तीसरे टी20 मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 11 रन से हराकर 2-1 की बढ़त ले ली। तिलक वर्मा ने भारत की जीत में नाबाद शतक जमाया। अर्शदीप ने 3 विकेट लिए।

(सम्पूर्ण कवरेज अंतिम पृष्ठ पर)

# दिल्ली में रोशन हुए 3,51,000 दीये



दिल्ली में पहली बार कश्मीरी गेट स्थित वासुदेव घाट पर बुधवार को दिल्ली दीपोत्सव 2024 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान घाट 3, 51,000 दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। (छाया : अमित श्रीवास्तव) (पढ़ें पृष्ठ-7 पर)

# बस मार्शल की तर्ज पर सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स तुरंत बहाल हों : आतिशी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वी के सक्सेना द्वारा सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को प्रदूषण रोकने से संबंधित कार्य के लिए चार माह तक लगाने की अनुमति देने के बाद दिल्ली सरकार ने दावा किया कि उसकी सिफारिश पर एलजी ने सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को रखे जाने की अनुमति दी है। दिल्ली सरकार ने मांग की है कि इन सीडीवी को बस मार्शल के लिए नियमित तौर पर नियुक्ति दी जाए। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि उनके नेतृत्व में उनकी सरकार का मंत्रिमंडल कुछ दिन पहले ही इस बारे में एलजी से सिफारिश कर चुका है।

(पढ़ें पृष्ठ-4 पर)

पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार!
कूपन न. 35

### राष्ट्रीय सर्राफा

| | सोना | | चांदी |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 24K : 77000 | चांदी तैयार | : 91000 |
| कोलकाता | 24K : 76850 | चांदी तैयार | : 91000 |
| मुम्बई | 24K : 76850 | चांदी तैयार | : 91000 |
| चेन्नई | 24K : 76850 | चांदी तैयार | : 1,01,000 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया


| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 82.75 | 86.75 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.38 | 109.87 |

### शेयर सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 77790.95 | -984.23 |
| NSE | 23559.05 | -324.40 |

मौसम
Min 17°c Max 30°c

# अक्षरा सिंह से 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग



**पटना,** (पंजाब केसरी): भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह से अपराधियों ने 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग की है और पैसे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि अक्षरा सिंह के मोबाइल फोन पर सोमवार देर रात अलग-अलग नंबरों से दो कॉल आये। अक्षरा सिंह को दो दिनों के अंदर 50 लाख रुपये की रंगदारी देने के लिए कहा गया है और पैसे नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी है।

**कई परियोजनाओं की सौगात** | पीएम ने एक बार फिर राहुल पर जोरदार हमला बोला...

# बिहार का हर सपना पूरा कर रहे हैं : मोदी

पंजाब केसरी/दरभंगा, देवधर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र में उनकी सरकार और बिहार में नीतीश कुमार की सरकार मिलकर इस प्रदेश के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने यहां यह भी कहा कि नीतीश कुमार बिहार में सुशासन लाए और 'जंगलराज' को समाप्त किया। मोदी ने दरभंगा में एम्स की आधारशिला रखने के बाद कहा, "दिल्ली में केंद्र में मेरी सरकार और यहां बिहार में नीतीश जी की सरकार मिलकर बिहार के हर सपने को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं। वहीं देवधर की सभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना लगाते हुए कहा कि वह कांग्रेस के सहजादे हैं और एससी/एसटी तथा ओबीसी के आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा यह सब नहीं होने देगी। हमारी विकास और जन कल्याण योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ बिहार के लोगों को मिले, यही हमारा प्रयास है।"प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर राज्य में 12,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में मोदी ने कहा, "नीतीश बाबू के नेतृत्व में बिहार में सुशासन का जो मॉडल विकसित करके दिखाया गया है, वह अद्भुत है। बिहार को 'जंगलराज' से मुक्ति दिलाने में उनकी भूमिका की जितनी सराहना की जाए, वह कम है।"



### नीतीश ने छुए मोदी के पांव

समारोह के दौरान अनोखा नजारा देखने को मिला। सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी के पैर छूने की कोशिश की लेकिन पीएम मोदी ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। दरभंगा के शोभन में दरभंगा एम्स के शिलान्यास समारोह के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना संबोधन खत्म करके वापस अपनी जगह जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने पीएम मोदी के पैर छूने की कोशिश की, हालांकि पीएम मोदी ने फौरन उन्हें पैर छूने से रोक दिया। इस दौरान नीतीश कुमार के इस व्यवहार से पीएम मोदी भी आश्चर्यचकित नजर आए। इससे पहले भी नीतीश पीएम के पैर छू चुके हैं।

"छिपे हुए भय की भावना ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है उसे केवल मनोबल के द्वारा ही बाहर निकाला जा सकता है। -चाणक्य"





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# महंगाई ने फिर तोड़ी कमर

**देश** में खाद्य वस्तुओं के बेतहाशा बढ़ती कीमतों की वजह से अक्तूबर महीने में खुदरा महंगाई की दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो चुकी है जो कि पिछले 14 महीनों में सबसे ऊंची है। रिजर्व बैंक ने अनुमान लगाया था कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई की दर 4.2 प्रतिशत के आसपास रहेगी। उससे यह दर दो प्रतिशत अधिक है। महंगाई फलों, सब्जियों व मीट-मछली और खाने के तेल के दाम मुख्यत: बढ़ने की वजह से ऊंची ही है। बढ़ती महंगाई का सबसे ज्यादा विपरीत असर मध्यम व गरीब तबकों पर पड़ता है। ये आंकड़े तब आये हैं जब देश के दो प्रमुख राज्यों महाराष्ट्र व झारखंड में चुनाव हो रहे हैं। महंगाई के ये आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किये हैं। सबसे ज्यादा चिन्ता की बात यह है कि खाद्य वस्तुओं के दामों में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिससे इसका खुदरा महंगाई सूचकांक बढ़कर 10.87 प्रतिशत हो गया है जो कि पिछले 15 महीनों में सर्वाधिक है। हालांकि यह सितम्बर महीने में भी 9.24 प्रतिशत था। इसकी एक वजह यह भी मानी जा रही है कि अक्तूबर महीने में त्यौहारों जैसे दीपावली व दशहरा और विजयदशमी का मौसम था अत: खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़े हैं।

त्यौहारी मौसम में इन वस्तुओं की मांग बहुत अधिक बढ़ जाती है। मगर पिछले वर्ष के इसी महीने को देखें तो यह दर केवल 6.61 प्रतिशत थी। इससे पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई की रफ्तार बहुत तेज भाग रही है। परन्तु चालू वर्ष के विगत सितम्बर महीने में औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में वृद्धि हुई है। यह दर 3.1 प्रतिशत रही है। जबकि इससे पिछले महीने अगस्त महीने में औद्योगिक उत्पादन की दर नकारात्मक थी और इसमें .1 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई थी। इसकी वजह भी त्यौहारी मौसम माना जा रहा है क्योंकि त्यौहार के अवसर पर इस क्षेत्र में भी उत्पादन बढ़ता है जिससे त्यौहारों पर बढ़ी मांग की पूर्ति समुचित रूप से की जा सके। परन्तु खाद्य मोर्चे पर बढ़ती महंगाई चिन्ता बढ़ाने वाली बात है क्योंकि अक्तूबर महीने में इसकी दर दहाई के आंकड़े से पार हो गई जो कि पिछले 14 महीने में सर्वाधिक है। जुलाई 2023 के बाद इस प्रकार की बेतहाशा वृद्धि पहली बार दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा चिन्ता की बात यह है कि यदि इसी प्रकार महंगाई बढ़ती रही तो आने वाले महीनों में इसमें कमी के आसार नहीं रहेंगे क्योंकि प्राय: यह होता है कि खाद्य वस्तुओं के दामों में जब एक बार वृद्धि हो जाती है तो उनके दाम नीचे आने का नाम नहीं लेते। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी गरीब आदमियों विशेषकर रोज मजदूरी करने वाले लोगों को होती है क्योंकि उनकी मजदूरी आम तौर पर बढ़ती नहीं है। नौकरी पेशा मध्यम वर्ग के लोगों पर भी इसका बहुत बुरा असर पड़ता है क्योंकि उनकी आमदनी भी निश्चित होती है। भारत में प्रति व्यक्ति आय के आंकड़े भी चिन्तित करने वाले माने जाते हैं क्योंकि देश की सम्पत्ति पर केवल दस प्रतिशत लोग ही अधिकार जमाये बैठे हैं इनमें भी एक प्रतिशत लोगों के पास मुल्क की 44 प्रतिशत सम्पत्ति है। खुदरा मूल्य सूचकांक में 45 प्रतिशत हिस्सा खाद्य व पेय सामग्री का होता है। इन वस्तुओं के दामों में अक्तूबर महीने में समग्र रूप से 9.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि सितम्बर महीने में यह दर 8.36 प्रतिशत थी। मगर सबसे ज्यादा साग-सब्जियों के दामों में तेजी आयी। अक्तूबर महीने में यह वृद्धि 42 प्रतिशत से भी अधिक रही। इसका मतलब यह हुआ कि साग-सब्जी के दाम ड्योढ़े हो गये। यह वृद्धि पिछले 57 महीनों में सर्वाधिक रही। जाहिर तौर पर इस महंगाई के असर से सामान्य नागरिकों का जीवन कठिन हुआ और गृहणियों का रसोई बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया। जबकि फलों के दामों में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई यह सितम्बर महीने के 7.65 प्रतिशत से बढ़कर 8.43 प्रतिशत हुई। इसका भी विशेष अर्थ है। अर्थ यह है कि फलों के दाम बाजार में पहले से ही बहुत अधिक हैं जिन्हें खरीदने की क्षमता गरीब आदमी में नहीं है। अत: इनकी मांग में ज्यादा वृद्धि अक्तूबर महीने में नहीं हुई। इसके साथ अनाज जैसे आटा, बेसन आदि के दामों में अक्तूबर महीने में नाम मात्र की वृद्धि हुई जो सितम्बर के 6.84 से बढ़कर 6.94 प्रतिशत हो गई। मगर खाद्य तेलों के दाम बेतहाशा तरीके से बढ़े। सितम्बर में जहां इनकी महंगाई दर 2.47 प्रतिशत थी वहीं अक्तूबर में बढ़कर 9.51 प्रतिशत हो गई।

भारत खाद्य तेलों का बहुतायत में आयात करता है अत: इस क्षेत्र में आयातित तेलों के बढ़ते दामों का असर भी हो सकता है। आर्थिक मोर्चे पर महंगाई को थामना बहुत जरूरी है क्योंकि इसकी वजह से देश की सम्पूर्ण वित्त व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पहले यह समझा जा रहा था कि यदि महंगाई की दर 4 प्रतिशत के आसपास रहती है तो आगामी दिसम्बर महीने में रिजर्व बैंक ब्याज की दरों में एक प्रतिशत की कटौती कर सकता है मगर अब इसकी संभावना समाप्त हो गई है।

# दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भारत से रह जाएंगी पीछे : केपीएमजी



● 21वीं सदी में भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर पर सबसे अधिक रहेगा जोर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केपीएमजी की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत 21 वीं सदी में बुनियादी ढांचे की सबसे बड़ी योजनाओं को लागू करने में सक्षम होगा। इतना ही नहीं हम दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं को भी पीछे छोड़ने में कामयाब होंगे। इस पहल के लिए पूंजी के राजकोषीय स्त्रोतों का सृजन अहम होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, इनोवेटिव फाइनेंशियल स्ट्रक्चर के माध्यम से विदेशी और घरेलू पूंजी को आकर्षित करने और निवेश को आसान बनाने के लिए कदम महत्वपूर्ण होंगे।

यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब भारत राजमार्गों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रेलवे क्षेत्रों में टिकट परियोजनाओं पर बड़े सरकारी खर्च के कारण दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है।

'केपीएमजी 2024 इंफ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रांसपोर्ट सीईओ आउटलुक' रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर के 120 सेक्टर लीडर्स के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर के सीईओ अगले तीन वर्षों में आय और कर्मचारियों की संख्या के मामले में व्यवसाय में वृद्धि की उम्मीद करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 63 प्रतिशत इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्टेशन सीईओ को उम्मीद है कि अगले 3 वर्षों में आय में 2.5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी। हालांकि वे जेनरेटिव एआई और दूसरी नई टेक्नोलॉजी के प्रभाव, वैश्विक अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति और टैलेंट के लिए प्रतिस्पर्धा के बारे में चिंतित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 57 प्रतिशत सेक्टर सीईओ का कहना है कि पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) से जुड़ी हितधारकों की अपेक्षाएं तेजी से बदल रही हैं। भारत में केपीएमजी के पार्टनर, सह-प्रमुख डील एडवाइजरी और इंफ्रास्ट्रक्चर, विनिवेश और विशेष स्थिति समूह के प्रमुख मनीष अग्रवाल ने कहा कि जनरेशन एआई जैसी उभरती हुई टेक्नोलॉजी को अपनाने की दौड़ इंफ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्ट सेक्टर के सीईओ के एजेंडे में बढ़ गई है। हमारे सर्वेक्षण में सीईओ ने प्रतिभा की कमी, टेक्नोलॉजी अपनाने और जलवायु जोखिम से संबंधित चिंताओं का उल्लेख किया। वे अपनी एआई क्षमताओं और कौशल का विस्तार करने को तैयार हैं।वे अपने कर्मचारियों को प्राथमिकता दे रहे हैं और अपनी प्रतिभा का विकास कर रहे हैं। शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे जनता का विश्वास बनाने पर पहले से कहीं अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। केपीएमजी सीईओ आउटलुक के 10वें संस्करण ने 25-29 जुलाई, 2024 के बीच 1,325 सीईओ के साथ सर्वेक्षण किया। सभी उत्तरदाताओं का वार्षिक राजस्व 500 मिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक है।

## आसरा गृह में फूड प्वाइजनिंग से दो की मौत, नौ गंभीर

**पटना,** (पंजाब केसरी): बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां आसरा गृह में खिचड़ी खाने से दो लड़कियों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार पटना के शास्त्री नगर इलाके में स्थित आसरा गृह में फूड प्वाइजनिंग के कारण 2 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि 9 लड़कियों को गंभीर हालत में पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले की जानकारी मिलते ही पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह ने एडीएम के नेतृत्व में जांच के लिए कमेटी गठित कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार एक लड़की की मौत 7 नवंबर को हुई थी, जबकि दूसरी लड़की की मौत 10 नवंबर को हो गई। वहीं पीएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में एडमिट कराई गई अन्य लड़कियों को डायरिया हो गया है उनका पेट खराब है और उल्टी भी हो रही है। यह लड़कियां बार-बार बेहोश हो जा रही हैं।

# पीएम मोदी नोबल शांति पुरस्कार के हकदार : मार्क मोबियस


● दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच पीएम मोदी एक बहुत ही महत्वपूर्ण शांतिदूत बन सकते हैं



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहचान एक वैश्विक नेता के तौर पर होती है। अब उनकी इस पहचान को और मजबूती मिली है। दुनिया के बड़े इंवेस्टर्स में शामिल मार्क मोबियस का कहना है कि पीएम मोदी सही मायनों में 'नोबेल शांति पुरस्कार' के हकदार हैं। इसकी वजह पीएम मोदी के पास ग्लोबल वैश्विक मंच पर राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी पक्षों के साथ संवाद करने की क्षमता होना है। मोबियस इमर्जिंग अपॉरच्युनिटी फंड के 88 वर्षीय चेयरमैन मार्क मोबियस का कहना है कि पीएम मोदी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण शांतिदूत बन सकते हैं। वह भी तब जब दुनिया उथल-पुथल से गुजर रही है। मार्क मोबियस का फंड उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देश में नए अवसरों पर फोकस करता है। मार्क मोबियस ने कहा कि पश्चिमी एशिया में चल रहे संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनिया में मची उथल-पुथल के बीच पीएम मोदी एक बहुत ही महत्वपूर्ण शांतिदूत बन सकते हैं। उन्होंने कहा, "पीएम मोदी एक महान नेता होने के साथ-साथ एक महान इंसान भी हैं। वह बहुत-बहुत अच्छे इंसान हैं. मुझे लगता है कि ग्लोबल लेवल पर उनकी भूमिका आगे चलकर और बढ़ेगी। वह वैश्विक स्तर पर राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी पक्षों के साथ संवाद करने में सक्षम हैं. वह आगे चलकर एक महत्वपूर्ण शांतिदूत बन सकते हैं।" मार्क मोबियस ने कहा कि जब बात नोबेल शांति पुरस्कार की आती है, तो पीएम मोदी "वास्तव में लगभग कुछ भी करने में सक्षम हैं" और इस वैश्विक पुरस्कार के हकदार हैं। मार्क मोबियस ने भारत के वैश्विक परिस्थितियों में तटस्थ रहने की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस तरह भारत ने सभी के प्रति निष्पक्ष रहने की अपनी क्षमता दिखाई है। ऐसे में भारत वैश्विक मंच पर शांति के लिए मध्यस्थ के रूप में कार्य करने की बहुत अच्छी स्थिति में है और पीएम मोदी दुनिया में एक प्रमुख मध्यस्थ बनने के लिए बहुत अच्छी तरह से योग्य हैं। रूस-यूक्रेन के बीच 2 साल से ज्यादा समय से जारी संघर्ष के बीच भारत तटस्थ बना रहा है। पीएम मोदी ने लगातार शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है। इससे भारत की दुनिया में स्टेबिलिटी के समर्थक के रूप में पुष्टि होती है।

# अजित पवार गुट चुनाव प्रचार में शरद पवार के फोटो-वीडियो इस्तेमाल न करे

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा आपकी अपनी पहचान, अपने पैरों पर खड़ा होना सीखिए



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी (अजित गुट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार से बुधवार को बड़ी बात कहते हुए कहा कि आप अपने पैरों पर खड़ा होना सीखिए। साथ ही, कोर्ट ने अजित गुट की पार्टी के लिए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शरद पवार की फोटोज और वीडियोज का इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी। जस्टिस सूर्या कांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा कि आप अपने पैरों पर खड़ा होना सीखिए। मालूम हो कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को एक ही फेज में सभी 288 सीटों पर मतदान होना है। 23 नवंबर को झारखंड के साथ नतीजों का ऐलान किया जाएगा। कोर्ट ने अजित पवार की एनसीपी से कहा कि आपको अपनी अलग पहचान के आधार पर ही चुनाव लड़ना होगा। कोर्ट ने अजित पवार से कहा कि वे अपनी पार्टी के नेताओं को निर्देश दें कि वे शरद पवार की तस्वीरें व वीडियोज का इस्तेमाल न करें। यह याचिका शरद पवार द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव में अजित पवार को घड़ी सिंबल का इस्तेमाल नहीं करने देने की मांग की थी। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट की सुनवाई के दौरान शरद पवार की ओर से कोर्ट में उपस्थित हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कुछ फोटोज व पोस्टर्स दिखाए, जिसमें दावा किया गया कि अजित पवार गुट के कैंडिडेट शरद पवार की तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि, अजित पवार की ओर से मौजूद वकील बलबीर सिंह ने फोटोज और वीडियोज को एडिट किया हुआ बताया।

# भारत ने आर्मेनिया को आकाश एयर डिफेंस सिस्टम बेचा

भारत ने आकाश एयर डिफेंस सिस्टम की आर्मेनिया को पहली बैटरी भेजी है

यह सिस्टम लड़ाकू विमान, मिसाइल, ड्रोन और दूसरे हवाई खतरों को बरबाद कर देता है



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): हथियारों के निर्यात के मामले में भारत ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। भारत ने आकाश एयर डिफेंस सिस्टम की आर्मेनिया को पहली बैटरी भेजी है। आकाश एयर डिफेंस सिस्टम को बनाने वाली भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड ने सोशल एक्स पर यह जानकारी साझा की। हालांकि अपनी पोस्ट में बीईएल ने उस देश का नाम नही बताया है जिसे उसने आकाश सिस्टम को निर्यात किया है। वैसे रक्षा सूत्रों ने कन्फर्म किया है कि भारत ने आर्मेनिया को ही यह सिस्टम निर्यात किया है। भारत का यह दूसरा मिसाइल सिस्टम है जिसे निर्यात किया गया है।

इससे पहले ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को फिलीपींस को निर्यात किया गया था। आकाश को डीआरडीओ ने डेवलप किया है। इस सिस्टम का निर्माण भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड द्वारा किया जाता है। यह सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है। यह सिस्टम लड़ाकू विमान, मिसाइल, ड्रोन और दूसरे हवाई खतरों को बरबाद कर देता है। आकाश मिसाइल सिस्टम की बड़ी ताकत इसकी गति है, करीब तीन हजार किलोमीटर प्रति घंटा। इसकी रेंज है 40 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटा।

इसमें ऐसे सिस्टम लगे हैं जो एक साथ कई विमानों और मिसाइलों को ट्रैक कर सकता हैं। यह अपने साथ हथियार भी लेकर जा सकता है। यह मिसाइल भारतीय थल सेना और वायुसेना में पहले ही शामिल है। आर्मेनिया ने दो साल पहले भारत के साथ करीब 6,500 करोड़ रुपए की लागत से 15 आकाश मिसाइल सिस्टम खरीदने का सौदा किया था। भारत ने पहले ही साफ कर दिया है कि अब वह न सिर्फ हथियारों के मामले आत्मनिर्भरता हासिल करेगा बल्कि मित्र देशों को हथियार निर्यात भी करेगा।

# भारतीय स्टार्टअप ने अक्टूबर तक जुटाया 10 बिलियन डॉलर फंड

● पार हो सकता है पिछले वर्ष का आंकड़ा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,**(पंजाब केसरी): भारतीय स्टार्टअप द्वारा फंडिंग जुटाए जाने को लेकर सुधार देखने को मिल रहा है। हाल ही में आई एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष अक्टूबर तक भारतीय स्टार्टअप ने लगभग 10 बिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। स्टार्टअप ने पिछले साल भर में कुल 10.5 बिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई थी। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार स्टार्टअप द्वारा जुटाई गई फंडिंग पिछले वर्ष के आंकड़े को पार कर जाएगी। स्टार्टअप द्वारा जुटाई जाने वाली फंडिंग को लेकर यह वृद्धि स्टार्टअप इकोसिस्टम में आशावाद का संकेत देता है। पिछले दो वर्षों से जो कि एक लंबा समय है, से स्टार्टअप को फंडिंग की कमी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में नए आंकड़े सकारात्मक नजर आ रहे हैं। ट्रैक्सन डेटा के अनुसार, स्टार्टअप ने अक्टूबर तक 1,220 राउंड में फंडिंग हासिल की। इसमें 18 राउंड 100 मिलियन डॉलर से अधिक के थे। 100 मिलियन डॉलर से ज्यादा के सौदों में यह उछाल इस सेक्टर को फंडिंग विंटर से राहत दिलवाने का संकेत बना है। बीते साल इस अवधि में स्टार्टअप्स ने 1,837 राउंड पूरे किए थे, लेकिन केवल 8.8 बिलियन डॉलर ही जुटाए गए, क्योंकि निवेशकों का ध्यान पिछले साल छोटे आकार के सौदों पर अधिक था।

# निवेशकों के 6 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार में चौतरफा गिरावट देखी गई। भारी बिकवाली के कारण निफ्टी और सेंसेक्स दोनों पांच महीने के निचले स्तरों पर पहुंच गए।



कारोबार के अंत में सेंसेक्स 984 अंक या 1.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,690 और निफ्टी 324 अंक या 1.36 प्रतिशत 23,559 पर था। गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 6 लाख करोड़ रुपये कम होकर 430 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि कल 436 लाख करोड़ रुपये था। बिकवाली का सबसे अधिक दबाव मिडकैप और स्मॉलकैप शेयर पर देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,456 अंक या 2.64 प्रतिशत गिरकर 53,800 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 532 अंक या 2.96 प्रतिशत गिरकर 17,458 पर था। एनएसई के करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। रिल्यटी, इन्फ्रा, ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, मेटल, और पीएसई में सबसे ज्यादा गिरावट थी। सेंसेक्स के 30 में से 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# विकसित हरियाणा-विकसित भारत के लिए जन कल्याण को दें प्राथमिकता

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज 15वीं विधानसभा के प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि एक दशक पहले के हरियाणा और आज के हरियाणा में अन्तर दर्पण की तरह साफ है। प्रदेश के नॉन-स्टॉप विकास के लिए अब अनुकूल वातावरण है। इसका अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, यह सभी सदस्यों का दायित्व है। उन्होंने सदस्यों का आह्वान किया कि विकसित हरियाणा-विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सदन के समय के पल-पल का सदुपयोग करते हुए जनहित को प्राथमिकता दें। उन्होंने विश्वास जताया कि यह सदन जनकल्याण के निर्णयों का नवीन अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि लोगों ने किसी सरकार पर लगातार तीसरी बार भरोसा जताया है। हरियाणा की यह विधानसभा कैसे निर्णय लेती है, क्या नीतियां बनाती है, इस पर पूरे प्रदेश की निगाहें रहेंगी। इस अनुकूल समय का अधिक से अधिक लाभ प्रदेश और इसकी जनता को मिले, यह दायित्व सदस्यों का है।



यूथ को 9000 रुपये मासिक देने का ऐलान



नायब सिंह सैनी सरकार ने सीईटी पास युवाओं को दो वर्षों के लिए 9 हजार रुपया मासिक वित्तीय मदद देने का ऐलान किया है! आज विधानसभा में राज्यपाल ने अभिभाषण में सरकार के इस निर्णय से अवगत कराया ! राज्यपाल ने बताया कि हरियाणा के युवा वोटर सरकार के टॉप एजेंडे में शामिल हैं।

# सीएक्यूएम ने पराली जलाने की घटनाओं में कमी के लिए पंजाब की सराहना की

**चंडीगढ़,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और आसपास के इलाकों की आबोहवा पर नजर रखने के लिए गठित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बुधवार को पिछले साल की तुलना में पराली जलाने की संख्या में लगभग 71 प्रतिशत की कमी के लिए पंजाब की सराहना की। राज्य सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। सीएक्यूएम के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने पराली जलाने से रोकने के उपायों की समीक्षा करने के लिए पंजाब के संबंधित विभागों, उपायुक्तों और जिला पुलिस प्रमुखों के साथ बैठक की।वर्मा ने इस समस्या को रोकने के लिए पंजाब सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा हालांकि अभी भी प्रवर्तन प्रयासों में सुधार करने और पराली जलाने के मामलों को शून्य के स्तर पर लाने की आवश्यकता है। सीएक्यूएम अध्यक्ष ने कहा कि बैठक के दौरान सभी उपायुक्तों के साथ प्रवर्तन उपायों की समीक्षा की गई और मुख्य रूप से उन जिलों पर ध्यान केंद्रित किया गया जहां पराली जलाने की घटनाएं सबसे अधिक आई है। ऐसी घटनाओं की दर को शून्य पर लाने की आवश्यकता पर बल दिया। वर्मा ने कहा कि सीएक्यूएम स्थिति पर बारीकी से नजर रखेगा तथा प्रवर्तन उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों और स्थानीय प्राधिकारियों के साथ मिलकर काम करेगा।

# कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) केंद्र ने कोचिंग संस्थानों के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए बुधवार को नये दिशानिर्देश जारी किए जिनमें शत-प्रतिशत चयन या नौकरी की पूरी गारंटी जैसे झूठे दावों को निषिद्ध किया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा तैयार अंतिम दिशानिर्देश का मसौदा, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर कई शिकायतें मिलने के मद्देनजर जारी किया गया। सीसीपीए ने अब तक 54 नोटिस जारी किए हैं और करीब 54.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने संवाददाताओं से कहा, ''हमने पाया है कि कोचिंग संस्थान जानबूझकर अभ्यर्थियों से जानकारी छिपा रहे हैं। इसलिए, हम कोचिंग उद्योग में शामिल लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए दिशानिर्देश लेकर आए हैं।''उन्होंने कहा कि सरकार कोचिंग संस्थानों के खिलाफ नहीं है, लेकिन विज्ञापनों की गुणवत्ता से उपभोक्ता अधिकारों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। नये दिशानिर्देशों में, कोचिंग संस्थानों को प्रस्तावित पाठ्यक्रमों और अवधि, अध्यापकों से संबंधित दावे, शुल्क संरचना और शुल्क वापसी की नीतियों, परीक्षा में चयन की दर और रैंक, और चयन की गारंटी या वेतन वृद्धि के बारे में झूठे दावे करने से प्रतिबंधित किया गया है। 'कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापन की रोकथाम' शीर्षक वाले दिशानिर्देशों में 'कोचिंग' को अकादमिक सहायता, शिक्षा, मार्गदर्शन, अध्ययन कार्यक्रम और ट्यूशन को शामिल करने के लिए परिभाषित किया गया है लेकिन परामर्श, खेल और रचनात्मक गतिविधियों को बाहर रखा गया है।

## 82 हजार से ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई, 15 करोड़ से ज्यादा का चालान

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): गौतमबुद्धनगर में नवंबर का पूरा महीना यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान स्कूल-कॉलेज समेत आम जनता को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर भी चालान की कार्रवाई की जा रही है। 12 दिन में यातायात पुलिस ने 1 लाख से ज्यादा लोगों को जागरूक किया। 82,000 से ज्यादा वाहनों पर कार्रवाई की गई और 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का चालान काटा गया है।

1 नवंबर को पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह ने पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 में दीप प्रज्वलित कर यातायात माह-2024 का शुभारंभ किया था। इसके बाद पूरे जनपद में विभिन्न स्कूल और कॉलेज, मुख्य चौराहों, ट्रांसपोर्ट यूनियनों, विभिन्न वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए 203 जागरूकता कार्यक्रम व कार्यशालाएं आयोजित की गई।






# 23 करोड़ का भैंसा, हर दिन 1500 की डाइट



● पुष्कर मेले में आकर्षण का केंद्र बना सिरसा का "अनमोल"

● वीर्य से मालिक हर महीने करता है लाखों की कमाई

**सिरसा, (पंजाब केसरी):** राजस्थान के अजमेर से 15 किलोमीटर की दूरी पर लगने वाले अंतरराष्ट्रीय पुष्कर पशु मेले की शुरुआत हो चुकी है। यह मेला 9 से 15 नवंबर तक चलेगा। इस मेले में अलग-अलग प्रजातियों के पशु खरीद-ब्रिकी के लिए आए हुए हैं, लेकिन इस बार इस मेले में हरियाणा के सिरसा से आया "अनमोल" नाम का भैंसा आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस भैंसें को देखने के लिए दूर दराज से काफी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। 1500 किलोग्राम के इस भैंसे ने अपने विशाल आकार और 23 करोड़ रुपए की चौंका देने वाली कीमत के साथ सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह आठ वर्षीय भैंसा न केवल देखने लायक है, बल्कि मेरठ में अखिल भारतीय किसान मेले जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में भी दिखाई दे चुका। लेकिन अनमोल की सिर्फ़ दिखावट ही उसे स्टार नहीं बनाती। प्रजनन के उद्देश्य से भैंसे के वीर्य की बहुत मांग है, प्रत्येक वीर्य 250 रुपये में बिकता है, जिससे 300 से 900 मवेशियों का प्रजनन हो सकता है। यह आकर्षक साइड बिजनेस इसके मालिक गिल को हर महीने 4-5 लाख रुपये की आय दिलाता है। अनमोल का दैनिक रखरखाव काफी शानदार है, जिसकी लागत लगभग 1,5000 रुपए है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भैंस के आहार में सूखे मेवे, अनार, केले, दूध, अंडे और बहुत कुछ शामिल है, साथ ही साथ उसे खली, हरा चारा और देसी घी जैसे सप्लीमेंट भी दिए जाते हैं।






(1) झारखंड में प्रथम चरण के मतदान के दौरान वोट डालने के बाद अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ स्याही लगी अंगुली दिखाते झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन (2) रक्षा राज्यमंत्री फर्स्ट टाइम वोटर के साथ (3) केन्द्रीय मंत्री अन्नापूर्णा देवी (4) वायनाड सीट पर हुए उपचुनाव में लोगों से मुलाकात करती कांग्रेस प्रत्याशी प्रियंका गांधी वाड्रा। (छाया : प्रेट्र)

# नक्सली क्षेत्रों में हुआ जोरदार मतदान

**रांची,** (पंजाब केसरी): झारखंड के विधानसभा चुनाव में पहले चरण के तहत राज्य की 43 सीटों पर मतदान हुआ, वहां अति नक्सल प्रभावित माने जाने वाले इलाकों में भी वोटर बेखौफ होकर मताधिकार का इस्तेमाल किया। पश्चिमी सिंहभूम जिला तहत मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कोलबंगा स्थित मतदान केंद्र संख्या- 254 और उत्क्रमित विद्यालय रबांगा के मतदान केंद्र संख्या- 255 पर वोटरों की लंबी कतार देखी गई।

इस इलाके में नक्सलियों ने मतदान बहिष्कार के संबंध में पोस्टरबाजी की थी और मतदान का इस्तेमाल करने पर धमकी दी थी। वोटर इन धमकियों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी करने पहुंचे। यहां के मतदाता सुरक्षा बलों की तैनाती में निडर होकर मतदान किया। शाम तक करीब 65 फीसदी मतदान हुआ।

गुमला जिले के कुरुमगढ़ के 7 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां झारखंड राज्य गठन के बाद पहली बार मतदान हो रहा है । अति उग्रवाद प्रभावित होने के कारण मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह जाते थे। इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर उत्साहित हैं। नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले पलामू-गढ़वा के बूढ़ा पहाड़ इलाके के वोटर लोकतंत्र में अपना विश्वास दिखा रहे हैं।

एक समय जहां नक्सलियों के डर से लोग घर से बाहर नहीं निकलते थे, वे आज भारी संख्या में उत्साहित होकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में सिंहभूम में सबसे ज्यादा नक्सली घटनाएं हुई हैं और इस बार भी माओवादी नक्सलियों ने यहां चुनाव बहिष्कार का फरमान जारी किया था, लेकिन व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त के बीच वोटर मतदान करने निकले हैं। रांची के तमाड़ थाना के अतिनक्सल प्रभावित व सुदूरवर्ती गांव आराहांगा के लोगों ने इस बार पहली बार विधानसभा चुनाव के दौरान पहली बार अपने गांव के बूथ पर वोट दिया। इसके पहले नक्सलियों के प्रभुत्व वाले इस गांव में मतदान केंद्र नहीं बनाया जाता था। पहले चरण के तहत हो रहे चुनाव में 43 सीटों पर कुल मिलाकर 15 हजार 344 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया

**चतरा (झारखंड),** (पंजाब केसरी): झारखंड के चतरा जिले के एक गांव के 900 से अधिक मतदाताओं ने एक ''हत्या मामले'''' में कथित तौर पर न्याय नहीं मिलने के कारण बुधवार को विधानसभा चुनाव का बहिष्कार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी रांची से लगभग 170 किलोमीटर दूर परतापुर ब्लॉक के अंतर्गत नवरतनपुर गांव के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार किया। चतरा जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) रमेश घोलप ने कहा कि मतदान के अंतिम समय शाम चार बजे तक नवरतनपुर के बूथ संख्या - 201 पर कोई वोट नहीं डाला गया। बूथ पर 459 महिलाओं सहित 913 मतदाता पंजीकृत थे।''''

## एमपी के दो विस. क्षेत्रों में 74 प्रतिशत मतदान

मध्य प्रदेश के दो विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को हुए उपचुनाव में 74 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान के दौरान दोनों राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए। राज्य के दो विधानसभा क्षेत्र विजयपुर और बुधनी में उपचुनाव हुए हैं। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। विजयपुर में 75.27 प्रतिशत एवं बुधनी में 72.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक औसत मतदान का प्रतिशत 73.82 रहा। भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को पुलिस ने अपनी निगरानी में रखा। मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ और 11 बजे तक 37 प्रतिशत से अधिक मतदाता दोनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान कर चुके थे।

## मर्सिडीज-बेंज इंडिया की गाड़ियों की जबरदस्त बिक्री



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी)। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक संतोष अय्यर ने कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में लग्जरी कारों की बढ़ती मांग के कारण कंपनी की बिक्री में इस साल दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की जाएगी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अब एफ1 हाइब्रिड तकनीक से लैस अपना नया 'एएमजी सी 63 एस ई परफॉरमेंस' मॉडल लॉन्च किया है, जिसकी कीमत 1.95 करोड़ रुपये है। यह इस साल कंपनी का 14वां प्रोडक्ट लॉन्च है, जिसका उद्देश्य 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले अपने हाई-एंड वाहनों की बिक्री को बढ़ाना है। लॉन्च के अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए अय्यर ने कहा कि त्योहारी सीजन में कंपनी के वाहनों की बिक्री शानदार रही, जो बेहद प्रतिस्पर्धी और उतार-चढ़ाव वाले बाजार में ऑटोमोबाइल दिग्गज के प्रदर्शन की मजबूती को दर्शाता है।

# झारखंड बना घुसपैठ का अड्डा : मोदी



**गोड्डा** (झारखंड),(पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड में घुसपैठ के खतरनाक स्तर पर पहुंचने का दावा करते हुए घुसपैठियों को 'संरक्षण' देने के लिए सत्तारूढ़ झामुमो नीत गठबंधन पर प्रहार किया। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के स्थान पर राज्य सरकार की 'अबुआ आवास' आवास योजना को 'कट मनी और कमीशन' के लिए 'फर्जी' योजना करार दिया। झारखंड में घुसपैठ खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है और इससे बेटी, माटी और रोटी पर हमले हो रहे हैं। गठबंधन घुसपैठियों को आदिवासियों की जमीन, जंगल और पानी पर कब्जा करने की सुविधा दे रहा है, जिससे उनकी आबादी घट रही है। न केवल माफिया राज और प्रश्नपत्र लीक में लिप्त है बल्कि उसने विकास को भी अवरुद्ध कर दिया है और लोगों को पलायन करने, बेरोजगार रहने और संपर्क सुविधाओं से वंचित होने के कारण परेशानी झेलने को मजबूर किया है। मैं आपसे वादा करता हूं कि मैं उन दोषियों को बाहर निकालूंगा जो आपके बच्चों के भविष्य के साथ खेलते थे, भले ही वे 'पाताल' में छिपे हों। करोड़ों रुपये के धनशोधन मामले में जेल में बंद आलमगीर आलम का नाम लिए बिना प्रधानमंत्री ने कहा कि झामुमो नीत गठबंधन ने जेल में बंद नेता की पत्नी को टिकट देकर आपके जख्मों पर नमक छिड़का। कांग्रेस ने आलम की पत्नी निशात आलम को पाकुड़ से टिकट दिया है। पूर्व संसदीय कार्य मंत्री आलम को ईडी ने धनशोधन के कथित मामले में 15 मई को हिरासत में लिया था। राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं और रिश्वतखोरी से जुड़े मामले में यह कार्रवाई हुई। ईडी ने आलम के घरेलू नौकर से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की थी।

## आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया

**देवघर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को झारखंड विधानसभा के चुनाव में रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा को 'सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण' मुद्दा करार दिया और लोगों को विश्वास दिलाया कि राजग की सरकार इनकी सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। देवघर जिले के सारठ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि आज झारखंड की पहचान बदलने की बहुत बड़ी साजिश हो रही है और झामुमो तथा कांग्रेस सरकार में बाहर से आए घुसपैठियों को यहां का स्थायी निवासी बनाने के लिए हर गलत काम किया गया। कहा, इन घुसपैठियों के लिए रातों-रात पक्के कागज बनाए गए। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और उनकी जमीन हथिया ली गई। इन घुसपैठियों ने आपसे आपका रोजगार छीन लिया और आपकी रोटी भी छीन ली। लेकिन यहां की सरकार का रवैया देखिए। झामुमो सरकार ने अदालत में कह दिया कि झारखंड में कोई घुसपैठ हुई ही नहीं है।''

# आचार संहिता का उल्लंघन करके घोषणापत्र जारी करने पर फंसी कांग्रेस

**रांची,** (पंजाब केसरी): झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया है और इस संबंध में एक रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को सौंप दी गई है। कांग्रेस ने राज्य में पहले चरण के मतदान से एक दिन पहले मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी किया था जिसमें 250 यूनिट मुफ्त बिजली, जाति आधारित जनगणना कराने और एक साल के भीतर सभी रिक्त सरकारी पदों को भरने का वादा किया गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें प्रचार का शोर थमने और मतदान शुरू होने के बीच की अवधि (साइलेंट पीरियड) के दौरान घोषणापत्र जारी करने के लिए कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। कुमार ने कहा, ''हमने निर्वाचन आयोग को विस्तृत रिपोर्ट भेजी है।

## साइलेंट पीरियड में घोषणापत्र जारी करना असंवैधानिक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कांग्रेस पर संविधान और चुनाव के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से कांग्रेस के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए संबित पात्रा ने कहा कि आज 13 तारीख है और झारखंड में मतदान चल रहा है। झारखंड में संविधान के अनुसार, लोकतंत्र का उत्सव चल रहा है और यह हिंदुस्तान की खूबसूरती है। उन्होंने आगे कहा कि वहीं इस देश में एक ऐसा राष्ट्रीय दल है जो समय-समय पर संविधान की धज्जियां उड़ाता रहता है। मतदान से पहले के 48 घंटे साइलेंट पीरियड होते हैं।

# छह मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति रद्द

**शिमला,** (पंजाब केसरी): हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने छह मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) की नियुक्ति बुधवार को रद्द कर दी और उस कानून को भी अमान्य घोषित कर दिया, जिसके तहत ये नियुक्तियां की गई थीं।

न्यायमूर्ति विवेक ठाकुर और न्यायमूर्ति बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने इन सीपीएस को हासिल सभी सुविधाओं और विशेषाधिकार को भी तत्काल प्रभाव से वापस लेने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश संसदीय सचिव (नियुक्ति, वेतन, भत्ता, शक्तियां, विशेषाधिकार और संशोधन) अधिनियम, 2006 को निष्प्रभावी घोषित कर दिया। फैसला सुनाते हुए न्यायमूर्ति नेगी ने कहा कि ये पद सार्वजनिक पद पर कब्जा करने वाले हैं और इनके तहत दी जाने वाली सभी सुविधाएं तत्काल प्रभाव से वापस ली जाएं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने मंत्रिमंडल के विस्तार से पहले आठ जनवरी 2023 को छह सीपीएस-अर्की विधानसभा क्षेत्र से संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल बराकटा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति की थी।

## गडकरी, फडणवीस के भी हुए बैग चेक : अजित



**मुंबई,** (पंजाब केसरी): अजित पवार ने इलेक्शन कमीशन के अफसरों के साथ अपना वीडियो जारी किया। इलेक्शन कमीशन के अधिकारियों ने शिवसेना यूटीबी गुट के चीफ उद्धव ठाकरे के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी प्रमुख अजित पवार के बैग की भी चेकिंग की है। गडकरी के बैग की चेकिंग लातूर में की गई, जब वे औसा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अभिमन्यु पवार का प्रचार करने पहुंचे। भाजपा ने फडणवीस का वीडियो बुधवार को जारी किया। फडणवीस के बैग की चेकिंग 5 नवंबर को कोल्हापुर में की गई। अजित पवार ने खुद वीडियो जारी किया और बताया कि कैंपेनिंग के दौरान ईसी अफसरों के उनका बैग चेक किया। इससे पहले मंगलवार को उद्धव के हेलिकॉप्टर की चेकिंग की गई थी।

# महाविकास आघाड़ी जीता तो महाराष्ट्र कांग्रेस के लिए 'एटीएम' बन जाएगा : अमित शाह



- महाराष्ट्र का सारा पैसा दिल्ली भेज देगी कांग्रेस

**जलगांव (महाराष्ट्र),**(पंजाब केसरी): केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि अगर महा विकास आघाडी 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीत जाता है तो राज्य कांग्रेस के लिए 'एटीएम' बन जाएगा। शाह ने जलगांव जिले के चालीसगांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ''वे (एमवीए) राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल कर महाराष्ट्र से पैसा बटोरेंगे और पैसा दिल्ली भेज देंगे। वहीं, अगर भाजपा नीत महायुति सरकार बनती है तो मोदी प्रशासन महाराष्ट्र के लिए वृहद विकास सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में सरकार बनाने जा रही है और महायुति सरकार महाराष्ट्र में सत्ता में आ रही है। इसलिए कांग्रेस झूठे वादे करती है और लोगों को गुमराह करती है। कहा, हाल में, राहुल गांधी को बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान की एक प्रति लहराते हुए देखा गया। उन्होंने संसद में शपथ लेते वक्त भी वही प्रति पकड़ी थी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''जब कुछ पत्रकारों को वह प्रति मिली तो उसके पन्ने खाली थे। संविधान की फर्जी प्रति दिखाकर राहुल ने लोगों का विश्वास तोड़ा और बाबासाहेब का अपमान किया। जाहिर है, राहुल बाबा आपने कभी भारतीय संविधान नहीं पढ़ा। उन्होंने कहा कि ''सोनिया-मनमोहन सरकार'' ने वोट बैंक की राजनीति के कारण 10 साल तक नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

कांग्रेस की पूरी राजनीति धोखे के आधार पर चलती है। वे कह रहे हैं कि महायुति सरकार बनने के बाद महाराष्ट्र में निवेश कम हो गया है। सच्चाई यह है कि एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की सरकार बनने के बाद हमारा महाराष्ट्र पूरे भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में पहले नंबर पर है। आपका एक वोट न सिर्फ महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनाएगा बल्कि आपका एक वोट महाराष्ट्र की प्यारी बहनों के खाते में 2,100 रुपये भी जमा करेगा। आपके एक वोट से किसानों के खाते में सालाना 12 हजार की जगह 15 हजार रुपये जमा होंगे। आपका एक वोट भारत के भविष्य को मजबूत करेगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 'पत्थर की लकीर' की तरह है जबकि कांग्रेस तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में चुनाव पूर्व किए वादों से मुकर गयी है।

**नहीं देने देंगे मुसलमानों का आरक्षण:** शाह ने महाराष्ट्र के धुले में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें यह याद रखना चाहिए कि अगर उनकी 'चौथी पीढ़ी' भी आ जाए तो वह भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण काटकर मुसलमानों को नहीं दे सकतीं। कुछ दिन पहले उमेला समूह के लोग महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष से मिले और कहा कि मुसलमानों को आरक्षण देना चाहिए।

# स्वतंत्रता आंदोलन में भाजपा, आरएसएस की कोई भूमिका नहीं थी : खड़गे



भाजपा का 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा है विभाजनकारी

**लातूर (महाराष्ट्र),** (पंजाब केसरी): कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को भाजपा और उसके वैचारिक मार्गदर्शक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वतंत्रता संग्राम और देश की एकता में कोई भूमिका नहीं होने का आरोप लगाया। खड़गे ने सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला करते हुए नारों, ''बंटेंगे तो कटेंगे'' और ''एक हैं तो सुरक्षित हैं'' की आलोचना की और इन्हें विभाजनकारी बताया। लातूर में 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करते हुए खड़गे ने भाजपा नीत महायुति सरकार को चोरों की सरकार करार दिया और चुनाव में उसकी हार का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा जिन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा संविधान की पुस्तक लहराने पर सवाल उठाया था। खड़गे ने कहा कि जाति जनगणना, जिसका वादा कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था, उसका उद्देश्य एकता को बढ़ावा देना और सभी वर्गों के लिए लाभों का समान वितरण करना है। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना लोगों को बांटने के लिए नहीं है। खड़गे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लगाए जा रहे क्रम बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं के नारे की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने देश और सभी समुदायों को एकजुट रखने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। इसके विपरीत, भाजपा और संघ का स्वतंत्रता आंदोलन और देश की एकता में कोई योगदान नहीं था। खड़गे ने कहा कि महायुति चोरों की सरकार है। विधानसभा चुनाव देशद्रोहियों को सबक सिखाने का मौका है।

## बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के जगतदल इलाके में तृणमूल कांग्रेस के एक नेता की बुधवार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मृतक की पहचान जगतदल वार्ड नंबर 12 से तृणमूल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक शॉ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जगतदल पुलिस थाने से कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक चाय की दुकान के सामने खड़े शॉ को बदमाशों ने कई बार गोली मारी और उन पर बम भी फेंके। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शॉ को निकटवर्ती भाटपारा सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि हमले में कुछ अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय के पुलिस आयुक्त आलोक राजोरिया भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। राजोरिया ने संवाददाताओं को बताया, ''हमने जांच शुरू कर दी है। संदिग्धों से पूछताछ शुरू हो चुकी है। हमें इस हत्या में अब तक कोई राजनीतिक संबंध नहीं मिला है।''




# दिल्ली सरकार ने एलजी से की तत्काल बस मार्शलों को बहाल करने की सिफारिश

**दिल्ली कैबिनेट का कहना, बस मार्शलों के लिए योजना बनाना सर्विसेज के साथ-साथ कानून-व्यवस्था का मसला, इसलिए एलजी से किया अनुरोध**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली सरकार ने सर्वसम्मति से उपराज्यपाल वीके सक्सेना से बस मार्शलों को तत्काल बहाल करने की सिफारिश की है। दिल्ली कैबिनेट का कहना है कि बस मार्शलों के लिए योजना बनाना सर्विसेज के साथ-साथ कानून-व्यवस्था का मसला है। इसलिए एलजी से बस मार्शलों के लिए योजना बनाने का अनुरोध किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों ने दिल्ली सरकार को लिखित में दिया कि बस मार्शलों के लिए पॉलिसी बनाने का अधिकार केवल एलजी के पास है। योजना बनने तक बस मार्शलों को 31 अक्टूबर 2023 से पहले की तरह तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। एलजी को पॉलिसी बनाने में कई महीने या साल लग सकते हैं। इसलिए दिल्ली कैबिनेट ने जो बस मार्शल जहां तैनात थे, वहीं पर तत्काल बहाल करने का आग्रह किया है। दिल्ली सरकार बस मार्शलों पर आने वाले वित्तीय खर्च को उठाने के लिए तैयार है। एलजी को सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बस मार्शल के रूप में इस्तेमाल करने की तत्काल इजाजत देनी चाहिए। समझने में आसानी के लिए कैबिनेट बैठक का निर्णय एलजी को हिंदी और अंग्रेजी दोनों में भेजा गया है। दिल्ली सरकार का कहना है कि दिल्ली देश की राजधानी है। पूरी दुनिया की नजर दिल्ली पर रहती है। इस कारण दिल्ली में हर छोटी-बड़ी घटना पूरी दुनिया में भारत की छवि पर प्रभाव डालती है। इसको ध्यान में रखते हुए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने दिल्ली में बसों के अंदर महिलाओं को सुरक्षित माहौल देने के लिए बस मार्शल नियुक्त करने का ऐतिहासिक कदम उठाया। जिससे यात्रियो को, खासकर महिलाओं को छेड़छाड़, अपराध और हिंसा से बचाया जा सके।


फाइल फोटो

2012 की निर्भया घटना ने महिला सुरक्षा की कमी को उजागर किया। दिल्ली सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए यह योजना शुरू की थी। 18 सितंबर 2015 को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बैठक में यह फैसला लिया कि दिल्ली की सभी डीटीसी बसों में मार्शल तैनात किए जाएंगे। डीटीसी के कहने पर दिल्ली सरकार ने आदेश जारी करके 24 नवंबर 2015 से 5,000 सिविल डिफेंस वालंटियर्स (सीडीवी) को बस मार्शल के रूप में तैनात किया। 31 अक्टूबर 2023 को राजस्व विभाग ने एक आदेश जारी किया, जिसमें सभी विभागों में सिविल डिफेंस वालंटियर की नियुक्ति खत्म कर दी गई। इसका मतलब यह हुआ कि एक अधिकांश बस मार्शल हटा दिए गए। जिसके बाद से बस मार्शलों ने संघर्ष शुरू किया। इसके बाद दिल्ली सरकार ने विधानसभा में मार्शलों की बहाली को लेकर दो बार प्रस्ताव पारित किए गए। सरकार ने मार्शलों को 4 माह की नौकरी देने के प्रस्ताव को उपराज्यपाल को भेजा। इसके बाद 10 नवंबर 2024 को हुई मंत्रियों की बैठक में यह तय किया कि बस मार्शल महिलाओं की सुरक्षा के लिए बेहद ज़रूरी हैं। इसलिए मार्शलों की बहाली जरूरी है। इससे न केवल बसों में सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि इन परिवारों को वित्तीय मदद भी मिलेगी। बुधवार को दिल्ली सरकार ने एलजी को कैबिनेट भेजकर उपराज्यपाल से मार्शलों की बहाली की सिफारिश की है।

### सीएम आतिशी ने भी एलजी से बस मार्शलों की बहाली की सिफारिश की

दिल्ली कैबिनेट के साथ-साथ मुख्यमंत्री आतिशी ने भी एलजी को एक आधिकारिक नोट भेजकर बस मार्शलों की बहाली की सिफारिश की है। उन्होंने एलजी को भेजे अपने नोट में कहा है कि एसीएस ट्रांसपोर्ट द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि बस मार्शलों का मुद्दा एलजी के अधीन आता है। इसलिए योजना बनने तक बस मार्शलों को 31 अक्टूबर 2023 से पहले की तरह तुरंत बहाल किया जाए। उन्होंने आग्रह किया है कि एलजी को सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को बस मार्शल के रूप में इस्तेमाल करने के लिए एक बार की छूट देनी चाहिए। बता दें कि 10 नवंबर 2024 को सीएम आतिशी की अध्यक्षता में सभी मंत्रियों की हुई बैठक में बस मार्शलों और बसों में महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गई। उस चर्चा की रिपोर्ट हिंदी और अंग्रेजी दोनों में एलजी को भेजी गई है।

## एलजी ने मार्शलों की तैनाती को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के उपराज्यपाल(एलजी) वी के सक्सेना ने प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए मार्शलों (सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स) की तैनाती को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही उन्होंने 'आप' सरकार से एक बार फिर समस्या का स्थायी समाधान निकालने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए एक ठोस योजना को तैयार करने को कहा है। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण को देखते हुए और इसकी रोकथाम के प्रयासों को तेज करने के उद्देश्य से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की चार महीनों की अवधि के लिए तैनाती को मंजूरी दे दी है। यह तैनाती 28 फरवरी 2025 तक रहेगी। राजनिवास के अधिकारी ने बताया इस आशय के निर्देश पारित करने के बाद सरकार को प्रस्ताव को मंजूरी देने में 12 दिन की देरी हुई है। उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने नोट में बस मार्शलों की भूमिका, उनके औचित्य और सेवा शर्तों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने वाली इस योजना को कैबिनेट द्वारा अनुमोदित करने के लिए कहा है। इसके साथ ही बस मार्शलों के मुद्दे का तार्किक निष्कर्ष निकालने के लिए पदों के सृजन और बजटीय प्रावधान करने के लिए तत्काल कदम उठाने के भी निर्देश दिए हैं।



## दिल्ली की हलचल...

### तुलसी विवाह में शामिल हुए सचिन गंभीर



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बीजेपी नेता समाज सेवी सचिन गंभीर उत्तम नगर विधानसभा के मोहन गार्डन में देव उठनी ग्यारस और तुलसी विवाह के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। सुखलाल और आशा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर सचिन गंभीर ने वहां मौजूद महिलाओं को आशीर्वाद लिया और उन्हें साड़ियां वितरित की। इस मौके पर सचिन गंभीर ने सभी को देव उठनी ग्यारस तुलसी विवाह की शुभकामनाएं भी दी।

### बिधूड़ी के नेतृत्व में 'जन संवाद' का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गांव किशनगढ़ और महरौली की समस्याओं को लेकर बुधवार को एक 'जन संवाद' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, दक्षिण दिल्ली के डीएम चैतन्य प्रसाद और नगर निगम के दक्षिण जोन के डीसी बादल कुमार के अलावा दिल्ली जल बोर्ड, डीडीए, बीएसईएस और दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बता दें कि किशनगढ़ एवं महरौली के विकास के लिए दिल्ली उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना 12 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। कार्यक्रम के दौरान सांसद एवं अधिकारियों के सामने जनता ने अपनी समस्याएं भी रखीं साथ ही मौके पर सांसद व अधिकारियों द्वारा जनता की शिकायतों का समाधान भी किया।

# 'दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल जैसी पहल से अंतर्राष्ट्रीय खेलों में टॉप पर पहुंचेगा भारत'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) :दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल जैसी पहल से ही अंतर्राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में टॉप पर भारत पहुंचेगा। यह बात दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को सिविल लाइंस स्थित दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल का दौरा कर छात्रा से मुलाकात के दौरान कहा। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री आतिशी भी मौजूद रही। सबसे पहले छात्रों ने तिलक लगाकर सिसोदिया और सीएम आतिशी का स्वागत किया। उसके बाद दोनों ने डाइनिंग हॉल में जाकर स्टूडेंट के साथ नाश्ता किया और यहां मौजूद सुविधाओं, ट्रेनिंग, डाइट और खेलों को लेकर स्टूडेंट्स से उनकी तैयारियों के विषय में जाना। साथ ही दोनों ने स्कूल के विभिन्न हिस्सों में मौजूद स्पोर्ट्स सुविधाओं में जाकर टेबल टेनिस, तीरंदाजी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, मुक्केबाजी, तैराकी कर रहे खिलाड़ियों से भी मुलाकात की। बातचीत के दौरान स्टूडेंट्स ने सिसोदिया और सीएम आतिशी के साथ अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि, 'अपने राज्य में जब हम स्पोर्ट्स खेल रहे होते थे तो हमारा सपना रहता था कि, हम अपने खेल में महारत हासिल करें ताकि उससे हमें किसी विभाग में नौकरी मिल जाए। लेकिन इस स्कूल में आने के बाद हमारी सोच बदली और अब हमारा सपना खेल के जरिए नौकरी पाने का नहीं बल्कि देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड जीतना है।' एक अन्य स्टूडेंट ने कहा कि, 'इस स्कूल में आने से पहले हमें जो सुविधाएं और ट्रेनिंग मिलती थी, उससे हमारे मन में रहता था कि हम राज्य स्तर की प्रतियोगितों में भाग लेंगे। लेकिन इस स्कूल में आने के बाद हमें जो सुविधाएं और ट्रेनिंग मिली है, उसकी बदौलत हम आज राष्ट्रीय स्तर पर तो खेल रहे है और जल्द अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश के लिए मेडल जीतेंगे।'



### इस अनूठे स्कूल में खिलाड़ियों का 'खेल ही पढ़ाई है': आतिशी

सीएम आतिशी ने इस मौके पर कहा कि, अब तक देश में हमेशा पढ़ाई और खेल को अलग-अलग माना गया है। यही कारण है कि इतनी बड़ी जनसंख्या होने के बावजूद भी ओलंपिक में जब पदक तालिका देखी जाती है तो हम बहुत नीचे होते हैं। दिल्ली सरकार इस अवधारणा को बदलने का काम कर रही है। हम दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और इसके अंतर्गत दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल के द्वारा ये माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां खिलाड़ियों का खेल ही उनकी पढ़ाई होगी और देश का हर आदमी कह सकेगा कि खेल भी पढ़ाई है।

### फैक्ट्रियों से रेस्क्यू कराए 60 बाल श्रमिक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी के शाहदरा ईस्ट क्षेत्र से आज 60 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। यह सभी बच्चे बेहद खतरनाक हालात में यहां की लेदर फैक्ट्रियों में काम कर रहे थे। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र की 10 फैक्ट्रियों को सील कर दिया गया है। यह रेस्क्यू ऑपरेशन एसडीएम शाहदरा तपन झा और सहयोग केयर की मदद से चलाया गया। एसडीएम तपन झा ने बताया कि छुड़ाए गए सभी बच्चों की उम्र 10 से 17 वर्ष है। रेस्क्यू के दौरान मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की देख-रेख में सभी बच्चों का मेडिकल टेस्ट भी कराया गया। सहयोग संस्था के डायरेक्टर शेखर महाजन ने बताया कि यह बच्चे यूपी, बिहार और उत्तराखंड से दिल्ली लाए गए थे और इन फैक्ट्रियों में काफी लम्बे समय से काम कर रहे थे। इन बच्चों से फैक्ट्री में 12 से 16 घंटों काम कराया जाता था। काम के बदले में बच्चों को केवल 100-200 रुपये दिहाड़ी दी जाती थी। सभी बच्चे फैक्ट्री में ही रहते थे।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत, लो.नि.वि., मुरादाबाद
## अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक: 7150 / निविदा-मु.वृत्त/24-25 दिनांक :- 04.11.2024

महामहिम, राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो.नि.वि. मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से कॉलम 8 के अनुसार अर्ह एवं पंजीकृत निविदादाताओं से दिनांक 16.11.2024 प्रात: 10 बजे से 21.11.2024 समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कॉलम 5 एवं 7 में दर्शाई गई धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन / टैक्नीकल बिड दिनांक 21.11.2024 को समय दोपहर 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाइनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यों का विवरण निम्नवत् है-

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी.एस.टी. सहित (रु.) में | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरादाबाद | एम.एच.डी. मार्ग से सराय खजूर मार्ग की मरम्मत एवं सुधार का कार्य। | 74.90 | 5.75 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 2 | मुरादाबाद | बलदेवपुर से सलेमपुर बांगर मार्ग। | 61.60 | 5.08 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 3 | मुरादाबाद | एन.एच.-24 कि.मी. -148 से वारीपुर मार्ग। | 49.90 | 4.50 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 4 | मुरादाबाद | वाई पास पार्ट-I से गिंदौड़ा होते हुए राष्ट्रीय मार्ग-24 तक मार्ग। | 62.60 | 5.13 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 5 | मुरादाबाद | ईदगाह चौराहे से नगला बनवीर मार्ग। | 49.30 | 4.47 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 6 | मुरादाबाद | चौधरपुर शाहपुर तिगरी मार्ग से रसूलपुर सुनवाती मार्ग। | 39.50 | 3.95 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 7 | मुरादाबाद | पाकबाड़ा से महलकपुर माफी मार्ग। | 58.20 | 4.91 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 8 | मुरादाबाद | जनपद मुरादाबाद में स्थित पुलिस लाईन के आंतरिक मार्ग। | 34.70 | 3.47 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 9 | मुरादाबाद | अगवानपुर महलकपुर मार्ग। | 61.20 | 5.06 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 10 | मुरादाबाद | राष्ट्रीय मार्ग-24 से पी.ए.सी. बाईपास सिरकोई भूड मार्ग। | 164.80 | 10.24 | 05 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी. (मार्ग श्रेणी) |
| 11 | मुरादाबाद | डेंटल कालेज से काजीपुरा होते हुए अगवानपुर रेलवे क्रासिंग के पार (कांठ साइड) कांठ मार्ग तक। | 35.10 | 3.51 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 12 | मुरादाबाद | एम.एच.डी. से काजीपुरा मार्ग। | 59.90 | 5.00 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 13 | मुरादाबाद | बिजनौर नूरपुर छजलैट मार्ग पर उमरी चौराहे पर (ग्राम पंचायत ढेरा के आबादी भाग में) जल निकासी हेतु नाले का निर्माण कार्य। | 63.10 | 5.16 | 02 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी.सी (मार्ग श्रेणी) |
| 14 | मुरादाबाद | गुलडिया से इस्लामनगर मार्ग के कि.मी.-7,8,10 से 15, 19 से 21 के विभिन्न भागों में विशेष मरम्मत का कार्य। | 193.40 | 11.67 | 05 माह | 300+2000+54 =2354 | ए.बी. (मार्ग श्रेणी) |

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाईट http://etender-up-nic पद पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/ 4 एन-एल.सी./2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू.आर.एल. http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

-हस्ताक्षर/- (कुलदीप सन्त)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड,
लो.नि.वि. मुरादाबाद

-हस्ताक्षर/-(एस.पी. सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मुरादाबाद वृत, लो.नि.वि.,
मुरादाबाद ।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)

आर.ओ. संख्या : 222097 दिनांक : 12.11.2024



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।
**एडमिन यूनिट/जोन:**– लखनऊ–पू०उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं०:** LJN-MA-INT-04, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 06.11.2024 समय 13:36 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 22.11.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 22.11.2024 समय 14:30 बजे, **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**
**मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक,**
**मुजाधि/वाणिज्य–182** **लखनऊ**
**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें**


## छात्रों में स्पोर्ट्स के विकास को लेकर भी छलती है दिल्ली सरकार: सचदेवा



**नई दिल्ली,** (भाजपा): दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार एक छलावा सरकार है और जिस तरह आम आदमी पार्टी सरकार शिक्षा व्यवस्थाओं को लेकर भ्रम फैलाती है उसी तरह यह छात्रों में स्पोर्ट्स के विकास को लेकर भी छलती है। मुख्यमंत्री आतिशी अपने राजनीतिक मेंटोर मनीष सिसोदिया के साथ सिविल लाइन स्थित स्पोर्ट्स स्कूल पहुंची और दो साल में एक भी राष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी देने में असमर्थ इस स्कूल की तारीफ करते हुए इसे अपनी सरकार की उपलब्धि बता रही हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा पर आज तक यूनिवर्सिटी परिसार में एक ईंट नहीं रखी गई है।

### शोधार्थी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे भागवत




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम द्वारा ' विजन फॉर विकसित भारत (विविभा:2024) अखिल भारतीय शोधार्थी सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में बुधवार को भारतीय शिक्षण मंडल के पदाधिकारियों ने सम्मलेन से जुड़ी जानकारी दी। कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय दृष्टि प्रदान करना, साथ ही भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को आधुनिक अनुसंधान पद्धतियों के साथ समन्वित करते हुए युवाओं में शोधवृत्ति विकसित करना है। 15 से 17 नवंबर तक एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम, हरियाणा में आयोजित किए जाने वाले सम्मलेन में देश के विभिन्न हिस्सों से युवा शोधार्थी शामिल होंगे। उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत द्वारा किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ तथा नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. कैलाश सत्यार्थी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में भारत के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान योगगुरु स्वामी रामदेव, एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, गीता मनीषी ज्ञानानंद महाराज, पूज्य संजीव कृष्ण ठाकुर, आरएसएस के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के इंद्रेश कुमार व यूजीसी सचिव प्रो. मनीष जोशी सहित आदि उपस्थित रहेंगे।


**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल**
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
साकेत नगर, भोपाल-462020, मध्य प्रदेश, दूरभाष : 0755-2982607/2985569
Email : info@aiimsbhopal.edu.in www.aiimsbhopla.edu.in

विज्ञापन क्र. एडीएम-2 (5)/2024/एम्स/भोपाल/रिक्रूटमेंट सेल/AP_Contractual/10618 दिनांक : 14/11/2024

**एम्स भोपाल के विभिन्न विभागों में संविदा आधार (CONTRACTUAL BASIS) पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल द्वारा संस्थान के विभिन्न विभागों में पूर्णतः संविदा आधार (CONTRACTUAL BASIS) पर निर्धारित मासिक पारिश्रमिक पर असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है ।
नियुक्ति के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड, नियम और शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप, आवेदन की प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन की तिथि एवं साक्षात्कार की निर्धारित तिथि की जानकारी के लिए विस्तृत विज्ञापन संस्थान की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in पर देखें। निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और साक्षात्कार में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन पत्र recruitment.contractual@aiimsbhopal.edu.in पर भेज सकते हैं। दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार की तिथि संस्थान की वेबसाइट पर अलग से अधिसूचित की जाएगी।
एसडी/–
उप निदेशक (प्रशासन)
एम्स, भोपाल



## 15 नवम्बर से अंतर्राष्ट्रीय संस्कृत विदुषी सम्मेलन

**नई दिल्ली**, (पंजाब केसरी) : देश भर की संस्कृत विदुषियों के त्रि- दिवसीय "अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत विदुषी सम्मेलन' का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज के सभागार में किया जा रहा है। सम्मेलन की निर्देशिका प्रोफेसर कमला भारद्वाज ने बताया कि 15 से 17 नवंबर को होने वाले इस विदुषी सम्मेलन की मुख्य अतिथि संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्षा डॉ. संध्या पुरेचा होंगी। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जनकपुरी के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी इस आयोजन के संरक्षक हैं। प्रो. भारद्वाज ने बताया कि नाट्य वृक्ष संस्था की अध्यक्षा पद्मश्री गीता चन्द्रन और राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता व श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रोफेसर लक्ष्मी शर्मा उद्घाटन समारोह की विशिष्ट अतिथि होंगी।


दिल्ली सरकार
आप की सरकार

दिल्ली सरकार
आप की सरकार


**कृपया ध्यान दें।**
**सरिता विहार फ्लाईओवर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया जाना है**
**बदरपुर से आश्रम (शेष आधा कैरिजवे)**
**दिनांक 15.11.2024 से 29.11.2024 तक बंद रहेगा।**
**यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।**
**रूट डायवर्जन प्लान (फेज-4)**




SARITA VIHAR FLYOVER
DIP/Shabdarth/Classified/0213/24-25


# निजी स्कूलों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी में पांच लाख की हो आय सीमा: एलजी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के उपराज्यपाल(एलजी) वी के सक्सेना ने आप सरकार को सुझाव दिया है कि निजी स्कूलों में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए वार्षिक आय सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि वार्षिक आय सीमा को मौजूदा एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए प्रतिवर्ष किया जाना चाहिए। राजनिवास ऑफिस के मुताबिक निजी स्कूलों में लाभ प्राप्त करने के लिए आय सीमा का मुद्दा दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है। इससे संबंधित फाइल पर अपनी टिप्पणी में उप राज्यपाल ने कहा है कि दिल्ली सरकार द्वारा निर्धारित आय सीमा अवास्तविक और प्रतिबंधात्मक है। वर्तमान समय में न्यूनतम वेतन पाने वाला भी सालाना ढाई लाख रुपये से ज्यादा कमा रहा है। ऐसे में वर्तमान में लागू आय सीमा हजारों जरूरतमंद बच्चों को ईडब्ल्यूएस योजना के तहत लाभ पाने से वंचित कर सकती है। उपराज्यपाल सक्सेना ने यह भी उल्लेख किया है कि भारत सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए निर्धारित आय सीमा आठ लाख रुपए है और अदालत ने भी पिछली सुनवाई में दिल्ली सरकार से इस सीमा को कम से कम ढाई लाख रुपए तक बढ़ाने का निर्देश दिया था। सक्सेना ने सुझाव दिया है कि आदर्श रूप से आय सीमा आठ लाख रुपए प्रतिवर्ष होनी चाहिए। क्योंकि प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर लाभ पाने वाले छात्र ही आगे उच्च शिक्षा के लिए बढ़ते हैं। इसलिए निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए आय सीमा को कम के कम पांच लाख रुपए निर्धारित किया जाना चाहिए।



## एलजी को कोर्ट अवमानना का सामना करना पड़ रहा है तो याद आई ईडब्ल्यूएस श्रेणी : आप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : ईडब्ल्यूएस श्रेणी की वार्षिक आय सीमा को बढाकर एक लाख रुपए से पांच लाख करने के उपराज्यपाल के सुझाव आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया है। आप का कहना है कि शिक्षा निदेशालय के प्रस्ताव जिसे उपराज्यपाल ने अब मंजूरी दी है जो अप्रैल 2024 में पहले भी उनके पास फाइल भेजी गई थी, तब उन्होंने बिना मंजूरी के फाइल लौटा दी थी। वे तब भी यही 'सख्त सलाह' दे सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब जब उन्हें हाई कोर्ट की अवमानना का सामना करना पड़ रहा है तो वह ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बच्चों के प्रति चिंता दिखाने का दिखावा कर रहे हैं।

# दिल्ली में मेयर का चुनाव आज

## एलजी ने बीजेपी पार्षद सत्या शर्मा को बनाया पीठासीन अधिकारी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर पद के लिए आज होने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पार्षद और पूर्वी दिल्ली की पूर्व महापौर सत्या शर्मा को फिर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि शर्मा एक बार फिर से चुनाव प्रक्रिया की देखरेख का जिम्मा संभालेंगी। बता दें कि शर्मा ने दिसंबर 2022 में पिछले महापौर चुनाव की भी अध्यक्षता की थी। इस वर्ष महापौर पद के चुनाव में देवनगर से आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षद महेश खिंची का मुकाबला शकूरपुर से भाजपा पार्षद किशन लाल से है, जबकि अमन विहार से 'आप" के रविंदर भारद्वाज और सादतपुर से भाजपा की नीता बिष्ट उपमहापौर पद के लिए आमने-सामने हैं। महापौर पद पर आसीन होने वाले दलित उम्मीदवार का कार्यकाल राजनीतिक कलह के कारण पांच महीने कम होगा। पिछले चुनाव के बाद से 250 सदस्यीय एमसीडी सदन में 'आप" की सीटें घटकर 125 रह गईं जबकि भाजपा की सीटें बढ़कर 113 हो गई हैं। कांग्रेस के आठ पार्षद सदन का हिस्सा हैं और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवारों का कब्जा है।


सत्या शर्मा



**दोनों ही दलों ने झोंकी ताकत...** एमसीडी में आप और बीजेपी दोनों ही पार्टियां इस चुनाव को जीतने का पूरा प्रयास करेंगी, जिसके लिए दोनों ही दल अपनी रणनीति तैयार कर चुके हैं। हालांकि इस चुनाव को लेकर भी कयास लगाए जा रहे हैं कि ऐसा ना हो कि यह चुनाव भी हंगामा के बीच ही गुजरे। क्योंकि दिल्ली के सिविक सेंटर में सदन के अंदर कई बार हंगामा की तस्वीर देखी गई और इससे पिछली बार जब मेयर चुनाव हुआ था तो उसमें मारपीट तक की तस्वीर सामने आई थीं।

### 2 बजे होगा मेयर चुनाव

मेयर शैली ओबेरॉय के आदेश के मुताबिक गुरुवार (14 नवंबर) को नगर निगम में दोपहर 2 बजे चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए प्रोसिडिंग ऑफीसर के तौर पर वार्ड संख्या 226 गौतम पुरी की पार्षद सत्या शर्मा को नामित किया गया है। दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 77(ए) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल ने सत्या शर्मा को मेयर के चुनाव के लिए बैठक की अध्यक्षता करने के लिए नियुक्त किया है।

### कई महीने क्यों टला दिल्ली में मेयर चुनाव

साल 2022 फरवरी में आम आदमी पार्टी एमसीडी सत्ता में शैली ओबेरॉय को मेयर और आले मुहम्मद इकबाल को डिप्टी मेयर बनाया गया। साल 2023 में भी इन्हीं दोनों लोगों को मेयर और डिप्टी मेयर चुना गया था। लेकिन साल 2024 में एमसीडी एक्ट के मुताबिक चुनाव के तीसरे साल मेयर और डिप्टी मेयर पर अनुसूचित जाति से रहेगा जिसके लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों ने अप्रैल में ही अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए थे।

### मेयर पद के लिए अप्रैल में किया था नामांकन


अप्रैल में आप ने मेयर उम्मीदवार महेश खिची देव नगर में वार्ड नंबर 84 से पार्षद, जबकि डिप्टी मेयर उम्मीदवार रविंदर भारद्वाज अमन विहार में वार्ड नंबर 41 से पार्षद घोषित किया था। दूसरी तरफ बीजेपी ने अपना मेयर उम्मीदवार किशन लाल और डिप्टी मेयर पद के लिए नीता बिष्ट को घोषित किया था। एमसीडी एक्ट के मुताबिक तीसरे साल मेयर और डिप्टी मेयर की सीट अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व रहती है, वहीं दलित मेयर के चुनाव के लिए लंबे वक्त से विपक्ष में बीजेपी की तरफ से हर सदन की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया। हालांकि अब देखना यह होगा कि क्या यह चुनाव शांति से होगा या फिर फिर एक बार सदन की बैठक में दोनों पार्टियों की तरफ से चुनाव या फिर कुछ अलग मुद्दों पर हंगामा देखने को मिलेगा।

### चुनाव के लिए किसके कितने हैं नंबर?

दिल्ली मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव के लिए इस वक्त बीजेपी के पास 114 पार्षद और 7 एमपी और एक विधायक हैं। जिस हिसाब से तकरीबन 122 के करीब यह आंकड़ा वोटिंग का पहुंच सकता है। वहीं दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के पास 125 पार्षद और राज्यसभा एमपी और 13 एमएलए है। हालांकि देखना यह होगा कि आखिर क्या इन्हीं नंबरों और आंकड़ों के साथ वोटिंग होगी या फिर क्रॉस वोटिंग भी हो सकती है।

# एमसीडी में आप पूरी तरह से विफल हो चुकी है: विजेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली नगर निगम की विफलता को लेकर आम आदमी पार्टी की आलोचना की है और कहा है कि नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद दिल्ली की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, सड़कों पर आवारा पशु घूम रहे हैं और सड़कों का निर्माण भी नहीं किया जा रहा है। इन सब मुद्दों को लेकर दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा विधायक दल ने नगर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार से भेंट की और उनसे इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा विधायक दल में मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय महावर, जितेन्द्र महाजन, अभय वर्मा और अनिल बाजपेई शामिल थे। एमसीडी में आप के सत्ता में आने के बाद दिल्ली की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए और सड़कों पर नियमित रूप से झाडू तक नहीं लगाई जा रही है, जिस कारण सड़कों पर जगह-जगह जमी हुई धूल वाहनों के पहियों से टकराकर हवा में उड़ रही है और दिल्ली के प्रदूषण में इजाफा कर रही है। भाजपा विधायकों ने पूर्वी दिल्ली में कूड़े के निस्तारण पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस काम को निजी हाथों में दिये जाने के बावजूद सफाई व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है, जबकि डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने, ऑटो टिपर बढ़ाने और कूड़ा ढलानों के रखरखाव के उद्देश्य से यह काम निजी हाथों में सौंपा गया था। भाजपा विधायकों ने निगम आयुक्त से अपने-अपने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के न मिलने की शिकायत भी की और कहा कि उनके क्षेत्र में सड़कें नहीं बनाई जा रही हैं। टूटी हुई सड़कों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और कोई सुनने वाला नहीं है।


विजेन्द्र गुप्ता

### आप की नियुक्तियों पर संदेह जताने की आदत: भाजपा

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आप (आम आदमी पार्टी) को संवैधानिक नियुक्तियों पर संदेह जताने की आदत है और इसी कारण उन्होंने मेयर चुनाव के लिए उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त पीठासीन अधिकारी पर भी सवाल उठाए हैं। पिछले अनुभव से ऐसा प्रतीत होता है कि आप नेतृत्व अनुसूचित जाति के मेयर का चुनाव नहीं करना चाहता और वे कल के चुनाव को भी टालने के लिए किसी न किसी प्रकार का व्यवधान पैदा करेंगे।


प्रवीण शंकर कपूर

# लोकतंत्र के हित में मेयर चुनाव निष्पक्ष होना चाहिए: आप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली मेयर चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति पर आप ने प्रतिक्रिया दी है। आप ने कहा है कि समता और निष्पक्षता को ध्यान में रखते हुए उपराज्यपाल को मौजूदा मेयर या सबसे वरिष्ठ पार्षद को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करना चाहिए था। आप ने कहा है कि हमें उम्मीद है कि भाजपा किसी भी बेईमानी में शामिल नहीं होगी, संविधान का सम्मान करेगी, कानून का पालन करेगी और किसी भी अनैतिक कार्य से बचेंगी या लोकतंत्र की हत्या नहीं करेगी जैसा कि उन्होंने चंडीगढ़ में मेयर चुनाव के दौरान किया था, जहां वे एक भाजपा कार्यकर्ता को नियुक्त करके मतों में गड़बड़ी में लगे हुए थे। आप ने कहा है कि अपने ही पार्षद को पीठासीन अधिकारी बनाया है। आप ने कहा है कि लोकतंत्र के हित में चुनाव सुचारू और निष्पक्ष रूप से होने चाहिए।





**JAIPUR METRO RAIL CORPORATION LIMITED**
(A Govt. of Rajasthan Undertaking), 2nd Floor, Admin Building, Metro Depot, Bhrigu Path, Mansarovar, Jaipur 302020, Telephone: 0141-2822752, E-mail- edca@jaipurmetrorail.in, CIN : U60221RJ2010SGC030630

**NOTICE INVITING BID**

JMRC invites open competitive bids from domestic eligible bidders for the following:

| RFP No. | UBN | Pre Bid Meeting |
|---|---|---|
| 1. Licensing for Station Branding/Semi Naming Rights of New Aatish Market Metro Station.(Package: SB-04) (F.1(R-247)/JMRC/DC/SB-04/2024-25/15, dt: 11.11.2024) | JMR2425SLOB 00103 | 18/11/2024 (1130 Hrs) |
| 2. Licensing for Station Branding/Semi Naming Rights of Chandpole Metro Station (Package: SB-07) F.1(R-300)/JMRC/DC/SB-07/2024-25/17, dt: 11.11.2024 | JMR2425SLOB 00104 | 18/11/2024 (1130 Hrs) |
| 3. Leasing out space for provision of multi Operator for Mobile Coverage at Eight (08) Metro Stations F.1(R-271)/JMRC/DC/Rev/IBS/2024-25/16, dt: 11.11.2024 | JMR2425SLOB 00105 | 18/11/2024 (1430 Hrs) |

All prospective bidders are invited to attend the pre-bid conference on 18/11/2024 at schedule time at JMRC office. The last date of submission of bids is 02/12/2024 by 14:00 Hrs. For further details, please visit JMRC website **www.jaipurmetrorail.in** or **http://transport.rajasthan.gov.in/jmrc,** SPP Portal **www.sppp.rajasthan.gov.in.** or e-Procurement portal **(eproc.rajasthan.gov.in).** Any subsequent clarifications/amendments/corrigendums shall be issued on these websites only.

Raj.Samwad/C/24/7721 — Director (CA), JMRC

प्रदूषण रहित, सस्ता, सुरक्षित एवं आरामदायक सफर - जयपुर मेट्रो


## दिल्ली की हलचल

### कमल सखी कार्यक्रम का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली कैंट सदर बाजार में प्रतिभा जायसवाल, जिला आई.टी. हेड, महिल मोर्चा ने कमल सखी कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदेश उपाध्यक्षा एवं जिला प्रभारी शोभा शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सोनिया उप्पल, कैंट बोर्ड सदस्य राजेश गोयल , मंडल अध्यक्ष अनिल तंवर एवं पदाधिकारी मुख्य रूप मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने कमल सखी से जुड़कर अपना नाम दर्ज कराया। कमल सखी का मकसद ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ना तथा प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लागू नीतियों के बारे में सभी को अवगत कराया है।

### नव हिंद में संगीत अकादमी का उद्घाटन




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नव हिंद स्कूल की नई संगीत अकादमी का उद्घाटन करते हुए व्यवसायी संदीप कल्हन ने कहा कि यह अत्याधुनिक सुविधा युवा संगीत प्रतिभाओं को निखारने और छात्रों में कला की समझ को गहरा करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। इस नए अकादमी का उद्घाटन एक भव्य समारोह में किया गया, जिसमें गणमान्य अतिथियों, विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। संगीत अकादमी में आधुनिक उपकरणों और साउंड सिस्टम के साथ-साथ एक समर्पित संगीत कक्ष, अभ्यास क्षेत्र और विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्र उपलब्ध हैं। यह पहल नव हिंद स्कूल की समग्र शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें अकादमिक विकास के साथ-साथ कला का भी महत्व है। उद्घाटन समारोह में नवहिंद स्कूल चेयरमैन कीर्ति शर्मा ने कहा कि नव हिंद स्कूल में संगीत अकादमी की स्थापना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमारा मानना है कि संगीत शिक्षा बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसमें रचनात्मकता, अनुशासन और भावनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित किया जाता है। हमें आशा है कि हमारे छात्र इस नए स्थल में उन्नति करेंगे।'

### श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिलशाद गार्डन के जे एंड के ब्लॉक में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा। इस आयोजन में पंडित हरीकृष्णा कौशिक व्यास के मधुर कंठ से कथा सुनने हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। श्रीमद भागवत कथा के दौरान बुधवार को कृष्ण जन्म का सुंदर चित्रण पेश किया गया ओर देवकी वासुदेव को कारागार से मुक्त कराया गया। इस दौरान कृष्ण द्वारा गोबर्धन पर्वत उठाकर इंद्र का घमंड तोडने के प्रसंग ने पंडाल में मौजूद हजारों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान कृष्ण भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने जय श्री कृष्णा के उच्चारण से माहौल कृष्ण भक्ति से सराबोर कर दिया। हरिकृष्ण कौशिक ने बताया कि कृष्ण भगवान की लीला बहुत ही अनोखी थी। इन लीलाओं के सभी दीवाने थे, नन्दलाल के रूप में अपनी नटखट लीलाओं से सभी को रिझाते थे। बता दें कि कार्यक्रम का आयोजन श्री हनुमान जन्मोत्सव सेवा ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में ट्रस्ट की तरफ से आनंद खुराना, संजीव गुप्ता, राकेश जयंत, दिनेश चौमाल, मनोज भटनागर, मानद चंद पंचारिया, निशांत गोयल, राजकुमार मेहरा और नरेश कौशिक उपस्थित रहे।

# वासुदेव घाट पर दिखा रोशनी व भक्ति का संगम, तीन लाख 51 हजार दीयों से जगमगाई दिल्ली

*यमुना दिल्ली के लोगों की पहचान इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी: एलजी*

*ड्रोन व लेजर-शो से आसमान हुआ राममय, एलजी ने किये राम दरबार के दर्शन, लिया आशीर्वाद*

*इस बार तीन लाख 51 हजार तो अगली बार पांच लाख दीयो से रोशन होगी दिल्ली*

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के पहले दीपोत्सव ने बुधवार को यमुना के वासुदेव घाट पर अयोध्या व बनारस का नजारा दिखा दिया। तीन लाख 51 हजार दीयो से वासुदेव घाट का पूरा वातावरण जगमगा गया, तो यहां सजे राम दरबार ने लोगों का मान मोह लिया। घाट पर रोशनी और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। ड्रोन व लेजर शो में भगवान राम व अन्य आध्यात्मिक प्रतीकों ने पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। एलजी वीके सक्सेना भी अपनी पत्नी के साथ दीपोत्सव में शामिल हुए। वासुदेव घाट पर बारादरी में एक भव्य राम दरबार भी स्थापित किया गया था। जिसमें उन्होंने भगवान राम व माता सीता का आशीर्वाद भी लिया। देव दीपावली अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में एलजी ने यमुना आरती भी की। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में गणमान्य लोगों सहित हजारों दिल्लीवासी शामिल हुए। इस दौरान एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली दीपोत्सव ऐसा कार्यक्रम बन गया है जिसका उद्देश्य न केवल दिल्लीवालों को यमुना की सफाई के प्रति जागरुक किया है बल्कि दिल्लीवालों को यमुना के करीब भी लाना है। ताकि वे इसकी साफ-सफाई में अपना योगदान भी दे। उन्होंने कहा कि यमुना दिल्ली के लोगों की पहचान, इसे साफ-सुथरा व अविरल रखना हमारी जिम्मेदारी है। यमुना ही अपितु सभी नदियों का हमारे धर्मग्रंथों में बहत महत्व है लेकिन आज यमुना के नाला बन गई है इसीलिए इसका जीर्णोद्धार करना जरुरी था। एलजी ने कहा कि यह दीपोत्सव एक छोटा उत्सव नहीं है। एलजी ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है। यहां हर हफ्ते ऐसे उत्सव होने चाहिए। इनसे दिल्ली की जनता को जोड़ना चाहिए। मगर अफसोस है कि ऐसा नहीं हुआ लेकिन यह घाट भारत की समृद्धि धरोहर बनकर तैयार होगा। दिल्ली को सुधारने में यह घाट अहम योगदान करेगा। अगले साल जब इस उत्सव को मनाएंगे तो पांच लाख दीये लगाएंगे। यह सिलसिला हर साल बढ़ना चाहिए। इस दौरान डीडीए के प्रभारी वीसी विजय कुमार सिंह ने कहा कि एलजी साहब ने यमुना के जीर्णोद्धार का महत्व समझा और इस काम को आगे बढ़ाया। उनकी लगन से ही आज यमुना के घाट पर दिल्ली दीपोत्सव जैसा भव्य कार्यक्रम हो सका है। इस कार्यक्रम में दिल्ली के आम व खास लोगों सहित हजारों लोगों ने हिस्सा लिया।







फोटो: अमित श्रीवास्तव

**प्रदूषण** दिल्ली-एनसीआर में चारों तरफ स्मॉग और फॉग की वजह से सबकुछ धुंधला नजर आ रहा है....

# दिल्ली पर स्मॉग का अटैक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से ही चारों तरफ स्मॉग और फॉग की चादर से ढका दिखा। लोग जब सुबह-सुबह उठे तो वो ये देखकर हैरान रह गए। चारों तरफ मानों जैसे किसी ने धुएं की चादर बिछा दी है। कई इलाकों में तो स्मॉग और फॉग के इस डबल अटैक का असर सड़क पर कम विजिबिलिटी (दूर तक दिखने की क्षमता) के तौर पर भी दिखा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में इसी तरह से स्मॉग और फॉग का डबल अटैक देखने को मिल सकता है। बात अगर तापमान की करें तो मंगलवार की तुलना में बुधवार की सुबह दिल्ली-एनसीआर का तापमान भी कुछ कम रिकॉर्ड किया गया।

दिल्ली एनसीआर के मौसम में आज सुबह से ही काफी बदलाव देखने को मिला पूरे एनसीआर को धुंध की एक चादर ने ढक रखा है। स्मॉग के चलते पारे में भी गिरावट दर्ज की गई है और सुबह के वक्त लोगों को ठंड का एहसास भी हो रहा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा और लोगों को स्मॉग और प्रदूषण की दोहरी मार झेलने को मिलेगी। तापमान की बात करे तो पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान आज 17.0 डिग्री सेल्सियस और कल सुबह 0.9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 17.9 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का मानना है कि दिन के कुछ समय तक धुंध छाए रहने से और सूर्य की रोशनी बंद होने से अधिकतम तापमान में गिरावट हो सकती है। दूसरी तरफ वही अब स्मॉग के साथ बढ़ते प्रदूषण की दोहरी मार भी लोगों को झेलनी पड़ रही है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में बुधवार शाम करीब 3 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक 406 अंक तक रहा। जबकि गाजियाबाद में 337, ग्रेटर नोएडा में 360 और नोएडा में 348 अंक रहा। दिल्ली के आया नगर में सबसे अधिक 434 एक्यूआई इस समय बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी दिल्ली के अधिकतर इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर और 400 के बीच में बना हुआ है।



प्रदूषण की धुंध की चादर से ढका सिग्नेचर ब्रिज। --फोटो: अमित श्रीवास्तव

**24 घंटों में न्यूनतम तापमान आज 17.0 डिग्री सेल्सियस व 0.9 डिग्री सेल्सियस की गिरावट के साथ 17.9 डिग्री सेल्स. रहा**

## प्रदूषण से बढ़ रहा डेंगू व मलेरिया का खतरा भी बढ़ा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की दिल्ली सरकार जहां प्रदूषण कंट्रोल करने में पूरी तरह विफल रही है वहीं दूसरी ओर दिल्ली वालों पर गंदे पेयजल जनित बीमारियों के साथ ही चिकनगुनिया, डेंगू एवं मलेरिया का खतरा पहले से कहीं अधिक मंडरा रहा है। आज दिल्ली का प्रदूषण अपने चरम पर जा पहुंचा है। दिल्ली की तीनों लैंडफिल साइट के 4 से 5 किलोमीटर के क्षेत्र में हवा में जहरीले कण दुगने हो जाते हैं और ओखला लैंडफिल साइट को लेकर आई रिपोर्ट की वहां कैंसर फैलाने लायक कण भी हवा में पाये गये हैं विचलित करते हैं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 400 के आसपास का पी.एम. 2.5 का स्तर ग्रैप 3 लगाने की जरूरत जता रहा है पर दिल्ली सरकार प्रदूषण कंट्रोल पर बिल्कुल गम्भीर नहीं है।



वीरेंद्र सचदेवा

## 'आप व भाजपा ने दिल्ली को इमरजेंसी की नौबत तक पहुंचाया'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार की निष्क्रियता के कारण प्रदूषण इस कदर है कि वृद्ध, बच्चों सहित मध्यम आयु वर्ग के और युवाओं वर्ग के लोगों को सांस लेने तकलीफ महसूस हो रही है। भाजपा और आप सरकारों ने दिल्ली में मेडिकल इमरजेंसी जैसी नौबत ला दी है। पिछले 10 वर्षों से दिल्ली के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री दोनो एक दूसरे पर आरोप की राजनीति ज्यादा कर रहे है और प्रदूषण के निवारण के लिए कोई काम करते। राजधानी को विश्व में प्रदूषण में नम्बर वन बनाने के लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा की दोनों सरकारें जिम्मेदार है। गंभीर प्रदूषण से ग्रस्त राजधानी गैस चैम्बर बन चुकी है।



देवेन्द्र यादव

## 'दहशत न फैलाए भाजपा, मिलकर करना चाहिए काम'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दमघोंटू हुई राजधानी की आबोहवा को लेकर भाजपा के स्कूल बंद करने की मांग और प्रदूषण में कैंसर फैलाने लायक कण होने की बात पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार किया है। आप का कहना है कि भाजपा को अनावश्यक दहशत फैलाने से बचना चाहिए। भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जनवरी 2023 में ओखला लैंडफिल साइट के विस्तार को मंजूरी दी थी। मामला फिलहाल कोर्ट में लंबित है। आप का कहना है कि विस्तार की अनुमति केवल तभी दी जा सकती है जब पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत सभी आवश्यक मानदंडों को पूरी तरह से पूरा किया गया हो। आप ने सवाल उठाया है कि यदि लैंडफिल साइट खतरनाक है, जैसा कि दावा किया गया है तो भूपेंद्र यादव के नेतृत्व वाले भाजपा के पर्यावरण मंत्रालय ने इसके विस्तार की अनुमति क्यों दी? दिल्ली सरकार ही एकमात्र ऐसी सरकार है जो प्रदूषण के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी।

# स्व.मदन लाल खुराना की स्मृति में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**दूसरे दिन खेले गए मैच में ए वी इलेवन की टीम ने सुपर इलेवन की टीम को 18 रन से हराया**






**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के शालीमार बाग के मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्ले ग्राउंड में चौथे मदन लाल खुराना मेमोरियल कमल क्रिकेट लीग के दूसरे दिन का मैच हुआ। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मदन लाल खुराना की स्मृति में चौथे साल इस क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन खेले गए मैच में ए वी इलेवन की टीम ने सुपर इलेवन की टीम को 18 रन से हरा दिया। ए वी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। ए वी इलेवन पहले बैटिंग करते हुए 14.4 ओवर में 76 रन पर आल आउट हो गई। जवाब में सुपर इलेवन ने 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 58 रन ही बना सकी। दूसरे दिन उद्घाटन सत्र में बिहार विधान परिषद के सदस्य और बीजेपी के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी डॉ. संजय मयूख, दिल्ली बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया, दिल्ली बीजेपी के प्रदेश सचिव हरीश खुराना, कोहाट एन्क्लेव के निगम पार्षद रवि हंस और बीजेपी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विपुल त्यागी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. संजय मयूख ने कहा कि खुराना साहब ने दिल्ली के विकास में नये आयाम स्थापित किए। दिल्ली को मेट्रो जैसी भेंट उनकी सदैव याद दिलाती रहेगी।इस तरह के आयोजन उनकी स्मृतियों को सहेजने का अच्छा माध्यम हैं। दिल्ली बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने कहा कि खुराना साहब दिल्ली के शेर थे। उन्होंने दिल्ली की सूरत और सीरत बदलने का काम किया। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट शिवम छाबड़ा और संयम छाबड़ा ने सबका आभार जताया।

# यमुना में प्रदूषण पर हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली हाईकोर्ट ने यमुना नदी में प्रदूषण के मामले में दिल्ली के मुख्य सचिव की खिंचाई करते हुए कहा है कि कोर्ट के सामने सुंदर तस्वीर पेश करने के बजाय उन अधिकारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करने की जाए जो शहर में समय पर नालों की सफाई नहीं होने के लिए जिम्मेदार हैं। कोर्ट ने यमुना नदी में सीवेज और औद्योगिक कचरे के उत्सर्जन का उचित प्रबंधन करने में विफल रहने के लिए दिल्ली सरकार की भी खिंचाई की और कहा कि उसके सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) क्षमता के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं और उनमें काफी ज्यादा गड़बड़ है। कोर्ट ने कहा कि यमुना दिल्ली तक साफ है और फिर यहां आकर यह अत्यधिक प्रदूषित हो जाती है। कोर्ट ने कहा, 'कुछ तो बड़ी गड़बड़ है। एसटीपी काम नहीं कर रहे हैं। उनकी निगरानी कौन कर रहा है? यमुना दिल्ली तक तो साफ आती है, फिर आटीओ और कश्मीरी गेट, आईएसबीटी पर यह अत्यधिक प्रदूषित हो जाती है। सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव के कार्यालय की ओर से कोर्ट सामने नालों की सफाई और आवासीय क्षेत्रों में प्रदूषण फैलाने वाले अनधिकृत उद्योगों पर कार्रवाई करने सहित विभिन्न मुद्दों पर उठाए जा रहे कदमों पर एक वर्चुअल प्रेजेंटेशन भी दिया गया।







**कार्यालय अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**
Email:-gmcmahasamund@gmail.com
क्रमांक : 4514/शा.चि.म./क्रय 2024 Phone No. : 07723-299171 महासमुंद, दिनांक : 11/11/2024

**दावा-आपत्ति-सूचना**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुन्द की ओर से निम्न चिकित्सकीय उपकरण सांपत्तिक प्रकृति (Proprietary Character) होने के कारण रिएजेंट्स/कन्ज्युमेबल/किट्स/कंट्रोलर क्रय करने हेतु दावा आपत्ति सूचना आमंत्रित की जा रही है, प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाइट www.gmcmahasamund.edu.in में अवलोकन कर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| S.No. | Name of Equipment | Make/Model | Department |
|---|---|---|---|
| 01 | Electrolyte Analyzer | Meril (merilyzer Quantilyte) | Biochemistry |
| 02 | Immunofluorescence Analyzer | J. Mitra & Co. (iquant Analyzer-XI) | Biochemistry |
| 03 | Semi automated Hamatology analyser Mispa count X | Agape (Mispa count X) | Pathology |
| 04 | Automatic RNA Extractor | Genetix (GXHT101-96) | Microbiology |

**दावा-**आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि 10/12/2024 समय 05PM बजे तक
**स्थान-**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुंद (छ.ग.)

हस्ताक्षर/-
अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, महासमुन्द (छ.ग.)

G-242503743/3



**Office of the Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency Project Circle No. 01 Bastar**

**E-Procurement Tender Notice**

**SHORT NOTICE INVITING BIDS**

NIT No. 159/TS 1682/CGRRDA/2024 Bastar Date 11/11/2024

The Superintending Engineer, Chhattisgarh Rural Road Development Agency, Project Circle No. 01 Bastar on behalf of Governor of Chhattisgarh invites Online percentage rate bids for Construction of roads under Niyad Nellanar Yojana by Special Central Assistance (SCA) Fund in District Dantewada from the eligible contractors registered with unified registration system (e-registration with Public Works Department). Details are as under :-

| S. No. | Block | Name of Work/Length In Km | Tender Estimated Cost (In lakhs) | No. of Call | SOR Applied |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Kuakonda | Nahadi-Camp to Urpalpara, Length 1.40 | 77.70 | 1st Call | SOR of CGRRDA w.c.f. 22.02.2018 |
| 2 | Dantewada | Mangnar to Pandewar, Length 0.80 | 58.78 | 1st Call | SOR of CGRRDA w.e.f. 22.02.2018 |
| 3 | Dantewada | Dhurli to Tetampara, Length 2.00 | 99.37 | 1st Call | SOR of CGRRDA w.e.f. 22.02.2018 |
| 4. | Dantewada | Gamawada Main road to Masenar (Khalepara), Length 2.80 | 336.60 | 1st Call | SOR of CGRRDA w.e.f. 22.02.2018 |
| 5. | Dantewada | Bhansi-Dugeli road (Dhannupara) to Madkanar, Length 5.00 | 393.69 | 1st Call | SOR of CGRRDA w.e.f. 22.02.2018 |

Date of release of Invitation for Bids through e-procurement: 14/11/2024 After 17:30 Hours.

**-Sd./-Superintending Engineer**
**Chhattisgarh Rural Road Development Agency,**
**Project Circle No. 01 Bastar**
**Dist. Bastar (C.G.)**
**E-mail: circleljdp@gmail.com**

S-42095/5


## भाजपा ने दिल्ली को 'गैस चैम्बर बताकर सभी स्कूल बंद करने की मांग की

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की बदतर होती स्थिति के कारण दिल्ली सरकार से पांचवीं कक्षा तक के सभी विद्यालयों को बंद करने का आदेश देने की बुधवार को मांग की और दावा किया कि शहर " गैस चैम्बर" बन गया है। राष्ट्रीय राजधानी में मौसम में पहली बार बुधवार को घना कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब" श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 366 दर्ज किया गया। दिल्ली प्रदेश भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को खतरनाक वायु गुणवत्ता से बच्चों को बचाने के लिए पांचवीं कक्षा तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल को बंद कर देना चाहिए। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है और दावा किया कि पीएम 2.5 का स्तर 400 को पार कर गया है तथा पीएम 10 का स्तर 1,000 को पार कर गया है।

उन्होंने कहा, "दिल्ली एक 'गैस चैम्बर बन" में तब्दील हो गई है, जहां हर कोई खांस रहा है और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत कर रहा है।' दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि वायु प्रदूषण से सर्वाधिक पीड़ित बच्चे और बुजुर्ग हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदूषण के हानिकारक प्रभावों से निपटने के लिए कोई सरकारी क्लीनिक दवा नहीं दे रही है।

पंजाब केसरी दिल्ली
युवा भारत युवा अखबार
पाठक ईनामी योजना 2024

एंट्री कूपन यहां चिपकाएं

पहला कूपन यहां चिपकाएं

अंतिम कूपन यहां चिपकाएं

## पाठक विवरण / सुझाव

कृपया निम्न जानकारी भरे एवं बाक्सों में ☑ का निशान लगायें

भेजने वाले का नाम ________

पता ________

फोन ☐☐☐☐☐☐☐☐ मोबाइल ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

आयु ☐☐ लिंगः पुरुष ☐ महिला ☐ विवाहित ☐ अविवाहित ☐

शैक्षिक योग्यताः दसवीं ☐ बारहवीं ☐ बी.ए. ☐ एम.ए. ☐ अन्य ________

व्यावसायिक योग्यता : ________ व्यवसायःसर्विस ☐ प्राइवेट ☐ सरकारी ☐ व्यापार ☐

मकानः अपना ☐ किराए का ☐ वाहनः साइकिल ☐ स्कूटर ☐ कार ☐ अन्य ________

पंजाब केसरी के पाठक कब से हैं ? ........

कौन से संस्करण अधिक पसंद हैं ?........

आपके पसंदीदा लेखक / पत्रकार :........

अभिनेता :........ अभिनेत्री :........

क्या आपके परिवार के सभी सदस्य पंजाब केसरी से संतुष्ट हैं ? ........

क्या आप पंजाब केसरी के वर्तमान प्रारूप से संतुष्ट हैं ? ........

पंजाब केसरी अखबार में कोई बदलाव चाहते हैं, यदि हां तो कौन से बदलाव ? ........

........

पंजाब केसरी दिल्ली
पाठक ईनामी योजना 2024
दिल्ली कार्यालयः 2, प्रिंटिंग प्रेस काम्पलैक्स, नियर वजीरपुर डी.टी.सी. डिपो, रिंग रोड, दिल्ली-110035

* प्रत्येक बाक्स में एक कूपन चिपकाएं
* कूपन अलग-अलग तिथियों के होने चाहिएं
* अपना नाम, पता व फोन नं. साफ-साफ लिखें

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

हस्ताक्षर

# व्यापार मेलाः ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में 14 से 27 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला का आयोजन किया जा रहा है। प्रगति मैदान के आसपास लोगों की काफी आवाजाही रहने के कारण यातायात पर असर पड़ सकता है। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को दिक्कत न हों, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी भी जारी की है।

ट्रैफिक पुलिस अधिकारी के मुताबिक व्यापार मेले में हर दिन लगभग 60 हजार आगंतुकों के आने की संभावना है। वीकेंड या छुट्टियों के दौरान यह संख्या लगभग 1.5 लाख प्रतिदिन पहुंचने की आशंका है। मेले के दिनों में मथुरा रोड, भैरों मार्ग, रिंग रोड, शेरशाह रोड और पुराना किला रोड पर यातायात प्रभावित रहने की आशंका है। व्यापार मेले में न आने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन सड़कों से बचें। मेले में प्रवेश केवल 14 से 18 नवंबर तक व्यापारिक आगंतुकों को दिया जाएगा। व्यापार मेला 19 से 27 नवंबर तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। गेट नंबर 5-ए, 5-बी, 7, 8 और 9 से आगंतुकों का प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आगंतुकों के लिए प्रवेश गेट नंबर 1, 4, 6 और 10 उपलब्ध रहेंगे। प्रदर्शकों के लिए प्रवेश गेट नंबर 1, 4, 5बी और 10 रहेगा। मीडियाकर्मियों के लिए गेट नंबर 5-बी एंट्री रहेगी। आईटीपीओ अधिकारियों के लिए प्रवेश गेट नंबर 9 और 1 से रहेगा।

### यातायात प्रतिबंध व डायवर्जन

प्रगति मैदान के आसपास के क्षेत्र में सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कुछ उपाय किए गए हैं। मथुरा रोड और भैरों मार्ग पर किसी भी वाहन को रुकने या पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। शेरशाह रोड, पुराना किला रोड, भगवान दास रोड और तिलक मार्ग पर आगंतुकों के किसी भी वाहन को पार्क करने की अनुमति नहीं होगी। अगर इन सड़कों पर वाहन पार्क किया तो उन्हें क्रेन से उठा लिया जाएगा। इतना ही नहीं इन पर अवैध पार्किंग का मुकदमा भी चलेगा। ट्रैफिक पुलिस ने व्यापार मेले में आने वाले लोगों से अपील की है कि वे मेट्रा या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें।

## प्रगति मैदान के बाहर ट्रैफिक पुलिस संभालेगी अब मोर्चा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रगति मैदान में आयोजित 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के सफल आयोजन के लिए ट्रैफिक पुलिस ने भी अपने स्तर पर पूरी तैयारी की है। वहीं यातायात व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा और स्टाफ को ब्रिफिंग के लिए बुधवार सुबह भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में स्पेशल सीपी ट्रैफिक जोन-टू अजय चौधरी ने सह बैठक आयोजित की। इस ब्रीफिंग बैठक में एडिशनल सीपी ट्रैफिक दिनेश कुमार गुप्ता, डीसीपी ट्रैफिक (नई दिल्ली रेंज) और यहां यातायात प्रबंधन में तैनात ट्रैफिक स्टाफ ने भाग लिया। अधिकारी ने बताया कि प्रगति मैदान में और उसके आसपास चौबीसों घंटे यातायात को सुचारू रखने के लिए तीन शिफ्टों में 305 यातायात पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

## व्यापार मेले में आकर्षण का केंद्र होगा डिजिटल इंडिया मंडप

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत मंडपम परिसर में आज से शुरू हो रहे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में लोगों के लिए डिजिटल इंडिया मंडप आकर्षण का केंद्र होगा। 27 नवंबर तक चलने वाले व्यापार मेले के दौरान लोग इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के डिजिटल इंडिया मंडप में सीखने और अनुभव करने के लिए कई रोमांचक पहलुओं का अनुभव कर सकेंगे। मंडप का उद्देश्य डिजिटल इंडिया की प्रमुख पहलुओं पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है जो भारत में महत्वपूर्ण जनसंख्या पैमाने पर डिजिटल परिवर्तन को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं। मेले में लोगों को डिजिटल इंडिया की पहल से रूबरू कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय डिजिटल इंडिया मंडप स्थापित कर रहा है।

## इंतजार खत्म... 21 नवंबर को आएंगे डूसू चुनाव के नतीजे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): चुनाव के करीब दो माह बाद 21 नवंबर को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे। डीयू के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। डूसू चुनाव 27 सितंबर को हुए थे और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परिणाम अगले दिन घोषित किए जाने थे। लेकिन सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने चुनाव नतीजे घोषित करने पर रोक लगा दी थी। इस साल 1.45 लाख पात्र मतदाताओं में से 51,379 छात्रों ने वोट डाले थे जो कि पिछले कम से कम 10 वर्षों में सबसे कम मतदान रहा। चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री के कारण सार्वजनिक स्थान व्यापक रूप से खराब हो गए थे। दिल्ली हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया और समाधान होने तक परिणामों पर रोक लगा दी थी। डीयू के एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय पैनल और कॉलेज प्रतिनिधियों के लिए मतों की गिनती 21 नवंबर को सुबह 8:30 बजे निर्वाचन आयोग की टीम की मौजूदगी में डीयू कॉन्फ्रेंस सेंटर में शुरू होगी।

## दवाओं के नए शोध के साथ फार्मा एक्सपो का आयोजन 26 से

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत कम लागत वाली जेनेरिक, वैक्सीन और सस्ती दवाओं का दुनिया का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, जो मूल्य और मात्रा दोनों स्थितियों में दवाओं के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। इतना ही नहीं भारत के पास खाद्य और औषधि प्रशासन अनुमोदित दवा निर्माण संयंत्रों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है। इसलिए भारत को 'दुनिया की फार्मेसी" के रूप में जाना जाता है। इसी पहचान को बनाए रखने के लिए उद्देश्य से ही इन्फॉर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा आयोजित भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग की एक महत्वपूर्ण प्रदर्शनी सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया का 17वां संस्करण एक नए प्रारूप में वापस आ रहा है, जो 26 से 28 नवंबर 2024 तक इंडिया एक्सपो सेंटर ग्रेटर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। सीपीएचआई इंडिया दक्षिण एशिया का अग्रणी फार्मा इवेंट है जो पूरी आपूर्ति श्रृंखला दर्शाता है। पी-मेक फार्मास्युटिकल मशीनरी और उपकरणों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दोनों एक्सपो फार्मा उद्योग के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करते हैं। भारत का फार्मा उद्योग एक प्रभावशाली विकास पथ पर है, जिसके 2024 तक 65 बिलियन डॉलर तक पहुंचने और 2030 तक दोगुना होकर 130 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। एक्सपो में 10,000 से अधिक उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण कोरिया, जापान, इजिप्त, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया, इटली, श्रीलंका, सहित कई देशों की भागीदारी अपेक्षित है।

## जंगपुरा एक्सटेंशन में धूमधाम से मनाया प्रकाश उत्सव



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): गुरु सिंह सभा की तरफ से बुधवार को भाई जोगा सिंह हाल जंगपुरा एक्सटेंशन में धूमधाम के साथ गुरु नानक देव का प्रकाश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सांसद बांसुरी स्वराज , दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य व पूर्व विधायक तरविंदर सिंह मारवाह, नीरज बसोया भी शामिल हुए। दया सिंह, सरपरस्त किशोरी बिरादरी, जगजीत सिंह , हरपाल सिंह कालू , तीरथ सिंह भाटिया ,सरबजीत सिंह बिंद्रा व हरमिंदर सिंह बुलबुल आदि ने इनका स्वागत मिलकर किया। बांसुरी स्वराज , तरविंदर सिंह मारवाह व अरविंदर सिंह लवली का सरोपा डालकर स्वागत किया। बांसुरी स्वराज ने बताया कि गुरु नानक देव ने कहा था कि परमात्मा एक ही है। वहीं तरविंदर सिंह मारवाह ने कहा कि गुरु नानक देव सिख धर्म के पहले गुरु और संस्थापक थे।

## भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद ने सुरेश प्रभु को चेयरमैन नियुक्त किया

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद (आईसीएफए) ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश प्रभु को नया चेयरमैन नियुक्त किया है। विश्व कृषि फोरम के बोर्ड सदस्य तथा पूर्व केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री प्रभु को नवनिर्मित 24 आईसीएफए बोर्ड के सदस्यों द्वारा चेयरमैन के रूप में नियुक्त किया है। प्रभु के पास आईसीएफए के लिए विकास उन्मुख दृष्टिकोण एवं सार्वजनिक सेवा में दशकों का अनुभव है।

2018 में कृषि निर्यात 15 मिलियन टन था, जो 2022 में बढ़कर 38 मिलियन टन पर पहुंच गया। कृषि मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करते हुए उन्होंने सशक्त खाद्य प्रणाली के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई है, जो सभी हितधाकरकों एवं किसानों के लिए अनुकूल माहौल का निर्माण करेगी।

# फुटपाथ पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस का अभियान

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में फुटपाथ पर अवैध पार्किंग व रेहड़ी-पटरी वालों का कब्जा होने के कारण पैदल यात्रियों को जान जोखिम में डालकर सड़क पर चलना पड़ता है। इसके अलावा फुटपाथ पर वाहनों की पार्किंग व अतिक्रमण जाम का सबसे बड़ा कारण भी बनता है। बस चालक भी लेन ड्राइव नहीं कर पाते। इससे निपटने के लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस (उत्तरी रेंज) ने लाला जगत नारायण मार्ग, नेताजी सुभाष प्लेस और पीतमपुरा में फुटपाथों और सड़कों पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है।

**लाला जगत नारायण मार्ग से पीतमपुरा तक चलाया गया विशेष अभियान, काटे गए 893 चालान**

डीसीपी ट्रैफिक राजीव कुमार रावल ने बताया कि इस अभियान के दौरान कुल 893 चालान जारी किए गए हैं। जिसमें 284 ई-चालान, 589 वीओसीए चालान, क्रेन का उपयोग करके उठाए गए वाहनों के 20 चालान किए गए हैं। डीसीपी ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। डीसीपी ने बताया कि अतिक्रमण करने वालों, अनुचित तरीके से पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ चालान जारी किए गए। नॉर्थ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट में यातायात की दृष्टि से सबसे व्यस्त क्षेत्र लाला जगत नारायण मार्ग, वजीरपुर डिपो, पीतमपुरा, नेताजी सुभाष प्लेस और मधुबन चौक तक फैला हुआ है। यह क्षेत्र एक वाणिज्यिक और खुदरा केंद्र के रूप में भी काफी चर्चित है। यहां पैसिफिक मॉल, टावर अपार्टमेंट, क्रिस्टल अपार्टमेंट, आशियाना चौक, वैशाली, निशांत कुंज, कोहाट एन्क्लेव आवासीय परिसर व पीतमपुरा मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। नेताजी सुभाष प्लेस मेट्रो स्टेशन की उपस्थिति, जो दिल्ली मेट्रो की येलो और पिंक लाइनों को जोड़ने वाला एक प्रमुख बिंदु है। जिसकी वजह से यहां पैदल यात्री व ट्रैफिक वॉल्यूम काफी रहता है। यह क्षेत्र अशोक विहार ट्रैफिक सर्कल के अधिकार क्षेत्र में आता है। यहां देखा गया कि सड़क पर दोनों तरफ से अवैध विक्रेताओं, फेरीवालों ने अपना सामान सड़क पर रख कर अतिक्रमण कर लिया है और साथ ही टीएसआर, बसें, निजी टैक्सियां भी अवैध पार्क कर दी गई हैं।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्

भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# मॉरीशस में तीसरी बार रामगुलाम

**भारत** में अंग्रेजों के शासन के दौरान भारत और मॉरीशस के संबंध स्थापित हुए थे, तब वो रिश्ता एक उपनिवेश का दूसरे उपनिवेश से था। मॉरीशस में अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर भारतीय मजदूरों को ले गए जिन्हें गिरमिटिया कहा जाता था। गिरमिटिया का अर्थ एक तरह से गुलाम मजदूर ही था। सन् 1800 में बिहार के भोजपुर जिले का एक परिवार गिरमिटिया मजदूर बनकर मॉरीशस गया था और वह वहां की मिट्टी में ऐसा घुलमिल गया कि उस परिवार का बेटा तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बन गया है। गिरमिटिया लोगों की मेहनत ने न केवल मॉरीशस की सूरत बदल दी बल्कि भारत के साथ भावनात्मक रिश्तों की नींव भी डाली। मॉरीशस में हुए संसदीय चुनावों में नवीन रामगुलाम ने प्रचंड जीत हासिल की है और उनकी पार्टी ने मौजूदा प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ को करारी हार दी है। मॉरीशस संसद की 70 सीटें हैं, जिनमें से 62 पर चुनाव हुए। रामगुलाम की लेबर पार्टी के एलायंस टू चेंजमैंट को 60 सीटों पर विजय हासिल हुई। प्रविंद जुगनाथ की पार्टी को कोई सीट नहीं मिली। एक अन्य पार्टी ओआरपी को दो सीटें मिली हैं।

चुनावों से एक महीना पहले मॉरीशस में सोशल मीडिया पर कुछ ऑडियो टेप वायरल हुए थे, जिनमें सरकार पर भ्रष्टाचार से जुड़े आरोप लगाए गए थे। इससे सारा चुनावी माहौल ही बदल गया था। हालांकि प्रविंद जुगनाथ भी ऐसे परिवार से आते हैं जिसने 1968 में ब्रिटेन से आजादी के बाद मॉरीशस की सियासत में अपना दबदबा कायम किया था। नवीन रामगुलाम शिवसागर राम गुलाम के बेटे हैं जिन्होंने मॉरीशस को आजादी दिलाई थी। भारत ने मॉरीशस से उसकी आजादी से पहले ही बेहतर संबंध बनाए रखे हैं। इसका महत्वपूर्ण कारण वहां पर भारतीय मूल के लोगों की आबादी का वर्चस्व है। लगभग 12 लाख की आबादी में 70 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं। मॉरीशस ऐसा देश है जहां सत्ता परिवर्तन ने भारत के लिए कोई चिंता पैदा नहीं की है।

नवीन रामगुलाम भारत समर्थक हैं और पड़ोसी देशों में मॉरीशस ही बचा है, भारत के जिसके साथ काफी अच्छे संबंध हैं। देश की दोनों ही पार्टियां भारत समर्थक हैं और मौजूदा प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ भी भारत के दोस्त ही हैं। पिछले दिनों वह अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने आए थे। भारत के लिए इस बार मालदीव और श्रीलंका के विपरीत, विपक्ष के सत्ता में आने पर दृष्टिकोण में बदलाव को लेकर बहुत अधिक चिंता नहीं है। पिछले साल भारत के दो समुद्री पड़ोसियों, श्रीलंका और मालदीव ने नए नेताओं का चुनाव किया। कोलंबो में वामपंथी अनुरा कुमारा दिसानायके और माले में 'चीन समर्थक' मोहम्मद मुइज्जू। मालदीव के साथ तनाव के बाद अब धीरे-धीरे संबंध सुधरे हैं, वहीं श्रीलंका के साथ संबंध स्थिर बने हुए हैं, हालांकि अडानी अक्षय ऊर्जा परियोजना का भविष्य अनिश्चित बना हुआ है।

> **नवीन रामगुलाम भारत समर्थक हैं और पड़ोसी देशों में मॉरीशस ही बचा है, भारत के जिसके साथ काफी अच्छे संबंध हैं। देश की दोनों ही पार्टियां भारत समर्थक हैं और मौजूदा प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ भी भारत के दोस्त ही हैं। पिछले दिनों वह अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने आए थे। भारत के लिए इस बार मालदीव और श्रीलंका के विपरीत, विपक्ष के सत्ता में आने पर दृष्टिकोण में बदलाव को लेकर बहुत अधिक चिंता नहीं है।पिछले साल भारत के दो समुद्री पड़ोसियों, श्रीलंका और मालदीव ने नए नेताओं का चुनाव किया। कोलंबो में वामपंथी अनुरा कुमारा दिसानायके और माले में 'चीन समर्थक' मोहम्मद मुइज्जू।**

भारत ने हमेशा मॉरीशस की हर सम्भव सहायता की। दोनों देशों के करीबी संबंधों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मॉरीशस सरकार के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नई दिल्ली द्वारा नामित एक सेवा निवृत्त भारतीय सुरक्षा अधिकारी रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने गम्भीर रूप से बीमार राम गुलाम को दिल्ली के एम्स ले जाने के लिए मॉरीशस में विमान किराये पर लिया था। नवीन रामगुलाम यह कहते हैं कि भारत ने उनकी जान बचाई है। मॉरीशस में रह रहे भारतीय बड़े गर्व से यह कहते हैं कि उनके पूर्वज भारत से आए थे।

भारतीय संस्कृति और सभ्यता से वे आज भी जुड़े हुए हैं। हिन्दी भाषा के प्रति उनमें सम्मान है और वह हिन्दी से प्यार करते हैं। मॉरीशस के मंदिरों में शिव, राम-सीता, राधा-कृष्ण, की प्रतिमाएं स्थापित हैं। पहाड़ी की चोटी पर गंगा तालाब है और उसके किनारे मां गंगा की प्रतिमा स्थापित है। मॉरीशस के चारों ओर भारत की झलक दिखाई देती है। मॉरीशस के साथ भारत के संबंधों की नए दौर की शुरूआत 1970 के दशक में हुई जब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने मॉरीशस का दौरा किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने भी मॉरीशस की यात्रा की थी।

मुक्त अर्थव्यवस्था के दौर में दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध बेहतर हो गए। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस का दौरा कया था तब से दोनों देश विकास की राह पर हैं। चागोस द्वीप समूह का कब्जा लेने के मुद्दे पर भी भारत ने मॉरीशस का समर्थन किया था। आज भारत और मॉरीशस व्यापारिक साझेदार बनकर उभरे हैं। दोनों देशों के गहरे संबंधों ने समुद्री सुरक्षा विकास साझेदारी क्षमता निर्माण और तकनीकी सहायता के क्षेत्र में सुगम रास्ते बनाए हैं। तेजी से बदलती भू-राजनीति में भारत ने मॉरीशस को विशेष आर्थिक पैकेज दिए और वहां अस्पताल, आवास परियोजना और कई अन्य परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। हिन्द महासागर क्षेत्र में खतरे को देखते हुए दोनों देश चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं। भारत को गर्व है कि बिहार का बेटा आज मॉरीशस का प्रधानमंत्री बना है।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## महंगाई की मार...



गीता पाढा

"दिन प्रतिदिन बढ़ती महंगाई की मार,
खाद्य सामग्री, सोना चांदी सब आम
जनमानस की पहुंच से बाहर,,
गरीब लोगों का हुआ जीना दुश्वार,
मध्यमवर्ग भी हो गया है लाचार,
चारों ओर मची है हाहाकार,
जल्द से जल्द हो वर्तमान हालात में सुधार...।"

# इंडिया और 'गुड फ्रैंड' ट्रम्प



मर्यादाएं
चन्द्रमोहन
संपादक : वीर प्रताप
chander_m@ hotmail.com
BLOG: chandermohan.net

**डोनाल्ड** ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद दुनिया भर में खलबली मची हुई है। शायद ही किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव के बाद दुनिया इतनी परेशान नज़र आई हो। ट्रम्प का स्वभाव ऐसा है कि कुछ भी निश्चित नहीं। वह सनकी हैं, अस्थिर हैं और जल्दी में निर्णय लेने और बदलने के लिए कुख्यात हैं। उनके व्यक्तित्व के कारण अमेरिका पूरी तरह से विभाजित है। उनका कहना तो है कि सबको साथ लेकर चलना चाहता हूं, पर पिछली बार जब वह जो बाइडेन से चुनाव हारे थे तो नतीजा मानने से इंकार कर दिया था और अपने समर्थकों को संसद भवन पर हमले के लिए उकसाया था। इस बार भी चुनाव अभियान में धमकी दी थी कि अगर मैं नहीं जीतता तो खून की नदियां बह जाएंगी।

ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने से सबसे परेशान यूरोप के देश हैं। वह कह रहें हैं कि इससे दुनिया में भारी परिवर्तन आएगा क्योंकि ट्रम्प विध्वंसकारी हैं। वह ख़तरनाक और अप्रत्याशित स्वभाव के हैं। सब कुछ अस्त व्यस्त कर देंगे। लिबरल विशेष तौर पर उनसे नफरत करते हैं। यूरोप की विशेष चिन्ता है कि वह अपने मित्र पुतिन को संतुष्ट करने के लिए यूक्रेन की बलि न करवा दें। यूरोप में ट्रम्प के चुनाव को किस चिन्ता से देखा जा रहा है वह लंडन के गार्डियन अख़बार में पत्रकार मार्टिन कैटल के लेख से पता चलता है। वह लिखते हैं, "अमेरिका के वोटर ने बहुत ख़ौफ़नाक और न माफ़ करने वाला काम किया है...अमेरिका को अपने किए के नतीजों को भुगतना पड़ेगा। ट्रम्प का दोबारा चुना जाना 'शॉकिंग' है"।

कई टिप्पणीकार कह रहे हैं कि अमेरिका का सामाजिक पतन जारी है जो रूक नहीं सकता। सरकार ड्रग्स, गन-कलचर, अपराध, हिंसा, नस्लवाद आदि से निबटने में असफल है। सब बड़े शहर, न्यूयार्क, वाशिंगटन, शिकागो,सैन फ्रांसिस्को असुरक्षित बन चुके हैं। वहां गन ख़रीदना इतना आसान है जितना टुथ ब्रश ख़रीदना। समाज इतना हिंसक हो चुका है कि स्कूलों की सुरक्षा पर 25000 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहें हैं। डोनाल्ड ट्रम्प इन सबसे कैसे निपटेंगे जबकि उनका व्यक्तित्व ही विभाजित करने वाला है? कमला हैरिस इतनी बुरी तरह क्यों हारीं? एक कारण तो यह है कि उन्हें बाइडेन प्रशासन के खिलाफ एंटी-इंकमबंसी का बोझ उठाना पड़ा। पर असली कारण है कि अमेरिका किसी महिला, वह भी अश्वेत, को राष्ट्रपति और कमांडर-इन-चीफ़ स्वीकार करने को तैयार नहीं। इस मामले में यह देश भारत,पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश आदि सबसे पिछड़ा है। ट्रम्प को गोरे वर्किंग क्लास का भारी समर्थन प्राप्त था जो कमला हैरिस को बर्दाशत करने के लिए तैयार नहीं थे।

भारत के साथ रिश्ता कैसा रहेगा? पूर्वडिप्लोमैट विवेक काटजू का कहना है कि "दुनिया टरबुलैंस (अशान्ति) का सामना करेगी" क्या जब 'अमेरिका फ़र्स्ट' और 'मेक इन इंडिया' का सामना होगा तो टकराव तो नहीं होगा? इस मामले में राय विभाजित है। बाइडेन जो भाजपा सरकार की आंतरिक नीतियों को पसंद नहीं करते थे, ने सामरिक तौर पर भारत के साथ रिश्ते मज़बूत किए थे। उनके समय में गुरपतवंत सिंह पन्नू वाला मामला ज़रूरत से अधिक उछाला गया। क्या ट्रम्प भी बाइडेन की तरह हमें आधुनिक टैक्नोलॉजी देने के मामले में उदार रहेंगे? बहुत कुछ,सब कुछ नहीं, ट्रम्प और मोदी की केमिस्ट्री पर निर्भर करता है। ट्रम्प भारत के प्रधानमंत्री को 'गुड फ्रैंड' कह चुकें हैं। 2018 में ह्यूस्टन की रैली में मोदी ने 'अब की बार ट्रम्प सरकार' का नारा दिया था पर चुनाव बाइडेन जीत गए थे। वह जल्दबाज़ी अब काम आएगी। चुनाव जीतने के बाद जिन नेताओं से ट्रम्प ने बधाई स्वीकार की उनमें पहले तीन में नरेन्द्र मोदी थे। पर यह भी याद करने की बात है कि ट्रम्प पिछले साल चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बारे भी कह चुकें हैं, "स्मार्ट, बुद्धिमान, बिल्कुल परफ़ेक्ट... मुझे राष्ट्रपति शीजिनपिंग बहुत पसंद हैं। वह मेरे बहुत अच्छे फ्रैंड हैं"। ट्रम्प यह उसके बारे कह रहे थे जिसके देश चीन को वह 'ख़तरा' घोषित कर चुके हैं। पर यह भी उल्लेखनीय है कि वह एक मात्र विश्व नेता हैं जिन्होंने बंगलादेश के हिन्दुओं पर हमलों की निंदा की है।



डोन्लाड ट्रम्प कहते क्या हैं वह महत्व नही रखता, देखना यह है कि वह करते क्या हैं? उनके आगे अमेरिका का हित होगा जैसे नरेन्द्र मोदी के आगे भारत का। कई मुद्दे हैं जो तनाव उत्पन्न कर सकते हैं पर बहुत कुछ है जो संकेत देता है कि रिश्ते सही दिशा में चलेंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कहना है कि दूसरों की तरह भारत ट्रम्प के बनने पर 'नर्वस' नहीं है। यह संतोष का बात है। भारत और अमेरिका के बीच टकराव का कोई सीधा मामला नही है पर कई मामले हैं जिनको लेकर मतभेद उभर सकते हैं। ट्रेड के मामले में ट्रम्प बहुत सख्त हैं। अपने चुनाव अभियान के दौरान उन्होंने भारतीय सामान पर 10 प्रतिशत टैरिफ़ लगाने की धमकी दी थी। चीन पर वह और भी अधिक 60 प्रतिशत टैरिफ़ लगाने की धमकी दे रहे हैं। शी जिनपिंग जो अपनी गिरती अर्थव्यवस्था को सम्भालने में लगे हैं, के लिए यह बुरी खबर है। भारत के साथ भी ट्रम्प सौदेबाज़ी कर सकते हैं। उन्हें 'डील' करने का बहुत शौक़ है।

दोनों देशों के बीच जो मामलाअप्रिय हो सकता है वह इमीग्रेशन या आप्रवासन है। अमेरिका के चुनाव में यह बड़ा मुद्दा रहा है कि 'वह' हमारी नौकरियां छीन रहें हैं। 'वह' यानी विदेशी। वास्तव में सारे पश्चिमी दुनिया में यह बड़ा मसला है कि वैध और अवैध विदेशी उनकी नौकरियां छीन रहे हैं। अमेरिका में अवैध तौर पर रहेप्रवासियों की संख्या 1 करोड़ से उपर है। यह नौकरियां भी छीन रहे हैं, अपराध में भी संलिपत हैं और आवास की समस्या भी पैदा कर रहें है। वहां अवैध रह रहे में तीसरी गिनती हमारे लोगों की है। 2021 में इनकी संख्या 725000 थी जो बहुत बढ़ चुकी होगी। ट्रम्प उन्हें वापिस भेजना चाहेंगे। बाइडेन भी 2023-24 में लगभग 1000 भारतीयों को जो वहाँ अवैध रह रहे थे, वापिस घर भेज चुकें है। पर बाइडेन फिर भी उदार थे। ट्रम्प के कार्यकाल में घर वापिस भेजने वालों की रफ्तार तेज हो सकती है।

हमारी चिन्ता केवल अवैध लोगों की ही नहीं बल्कि वैध को लेकर भी है। 10 लाख क्वालिफ़ाईड भारतीय हैं जो ग्रीन कार्ड की इंतज़ार में हैं। हमारे प्रोफेशनल वहां बहुत अच्छा कर रहे हैं। अमेरिका की प्रगति में भारी योगदान है। वहां 51 लाख भारतीय अमरीकी नागरिक हैं जिनकी औसत आमदन 136000 डॉलर है जो अमेरिकी औसत से दो गुना है। वह अमेरिका का केवल 1.5 प्रतिशत है पर 5.6 प्रतिशत टैक्स देते हैं। 10 में से एक डाक्टर वहां भारतीय मूल का है।

एक समय भारतीय समुदाय की वहां बहुत प्रतिष्ठा थी पर अब कुछ ईर्ष्या भी देखने को मिल रही है। एच1बी वर्क वीज़ा जिससे हमारे प्रोफेशनल वहां जाते थे में भी भारी कमी आने की सम्भावना है। इससे हमारे आई टी के छात्र जो वहां अपने कैरियर बनाने के लिए जाना चाहते है, के रास्ते में रूकावटें आ सकती हैं। ट्रम्प के सलाहकारों में बहुत लोग हैं जो आप्रवासन के खिलाफ हैं और जो न केवल अवैध बल्कि स्किल्ड विदेशियों पर भी पाबंदी लगाना चाहते हैं और नौकरियां अपने लोगों के लिए सुरक्षित रखना चाहते हैं।

अफ़सोस यह भी है कि बड़ी संख्या में भारतवंशी जो वहां बस चुके हैं, भी आप्रवासन को बंद करने की वकालत कर रहे हैं। रवैया लगता है कि हम तो अंदर आ चुके हैं दरवाज़ा अब बंद हो जाना चाहिए। प्रमुख बिसनेसमैन विवेक रामास्वामी जैसे लोग दरवाज़ा बंद करने के सबसे बड़े वकील हैं। वह तो एच1बी वीज़ा भी बंद करना चाहते हैं। हमारी छवि के लिए भी यह अच्छा नहीं कि हमारे लोग इस तरह दुनिया भर में दर दर की ठोकरें खाते फिर रहे हैं। सरकार को इस 'डंकी रूट' पर नियंत्रण करना चाहिए। शीघ्र तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए ऐसी बदनामी सही नहीं।

हमारे डिप्लोमैट दक्ष और चुस्त हैं। आशा है कि वह मामले को सम्भाल लेंगे पर इस सम्भावना को रद्द नही किया जा सकता कि हवाई जहाज़ भर भर कर भारतवंशियों को वहां से वापिस भेजा जाए। 'अमेरिका फ़र्स्ट' का मतलब यही है। इन मुद्दों को छोड़ कर सम्भावना है कि रिश्ते सही रहेंगे क्योंकि बहुत हित सांझे हैं। नोमुरा रेटिंग एजेंसी के अनुसार ट्रम्प की नीति से जिन देशों को फ़ायदा होगा टॉप तीन में भारत होगा। बाइडेन के नेतृत्व में पश्चिमी देश बहुत क्षुब्ध थे कि हम रूस से तेल ख़रीद रहें हैं। इस मामले में दबाव कम होगा। चीन पर दबाव बढ़ सकता है जिसका फ़ायदा हमें होगा। कई कम्पनियां चीन छोड़ रही हैं, यह रफ्तार बढ़ सकती है।

गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे मामले ख़त्म तो नहीं होंगे क्योंकि अदालत में हैं, पर ट्रम्प की ऐसे मामलों में रुचि न्यूनतम रहने की सम्भावना है।यह भी दिलचस्प है कि ट्रम्प कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो को बिल्कुल नापसंद करते। वह ट्रूडो को 'दोगला' और 'पागल वामपंथी' कह चुके हैं। कनाडा से हम पर दबाव कम होगा जो ट्रूडो का बदलता रवैया भी संकेत देता है। ट्रम्प खुद राइट-विंग है। वह मोदी को आंतरिक मामलों को लेकर परेशान नहीं करेंगे। मानवाधिकारों पर लेक्चर मिलने की सम्भावना कम है,बाइडेन की पार्टी को इसका बहुत शौक़ है।

लेकिन यह सब भविष्य के गर्भ में हैं। सारे आंकलन ट्रम्प के पहले कार्यकाल पर आधारित है। हो सकता है इस बार वह बदले और सम्भले नज़र आएं और वह सनक और अस्थिर मानसिकता पुरानी बात हो जाए। पर एक नीति बदलने की सम्भावना नही। वह 'अमेरिका फर्स्ट' और 'मेक अमेरिका ग्रेट एगेन' का वादा कर सता में आए हैं। जो उसमें रुकावट डालेगा उसका नए अमेरिकी राष्ट्रपति से टकराव होगा। वह सत्ता का ज़ोरदार इस्तेमाल करेंगे। हमारे नीति निर्धारितों को यह ध्यान में रखना होगा।

# समूची मानवता को गुरु नानक के मार्ग पर चलना चाहिए



सिख सियासत
सुदीप सिंह
newsreporter.2008@gmail.com

**सिख** धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी ने सभी धर्मों का सम्मान करते हुए धर्म जाति-पात से ऊपर उठकर, ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाने, स्त्री जाति को पुरूषों के बराबर अधिकार देने की बात लोगों को समझाई। गुरु जी ने कहा परमात्मा एक है। इक ओंकार। गुरु नानक देव जी ने जो बात आज से 555 वर्ष पूर्व इस संसार के लोगो से कही आज वैज्ञानिक भी उन्हें सही मानने लगे हैं। गुरु नानक देव जी का बचपन से ही ध्यान प्रभु भक्ति में अधिक रहता। उन्हें जब पढ़ने के लिए भेजा गया तो वह मास्टर को ही ज्ञान दे आए। पिता ने उन्हें सौदा करने हेतु, 20 रुपये देकर भेजा तो उन पैसों से वह भूखे साधुओं को भोजन करवा आए। दुकान पर व्यापार सीखने को लगाया तो तेरा-तेरा करके लोगों को राशन बांटने लगे।

गुरु नानक देव जी के साथ भाई बाला और भाई मरदाना हमेशा रहा करते। गुरु नानक देव जी ने अफगानिस्तान, चीन, मक्का मदीना, नेपाल, बंगाल सहित संसार के अनेक देशों में जाकर भूले-भटके लोगों को रास्ता दिखाया, समाज में फैली कुरीतियों को दूर करते हुए उनका उद्धार किया। भाई मरदाना जी रबाब बजाया करते और भाई बाला जी, गुरु नानक देव जी के संग शब्द गायन किया करते। मगर धर्म के ठेकेदारों को भाई बाला जी का नाम गुरु नानक जी के साथ जुड़ना रास नहीं आ रहा। इसलिए साजिश के तहत इतिहास के पन्नों से भाई बाला जी का नाम धीरे धीरे गायब किया जाने लगा है। दिल्ली के गुरुद्वारा बंगला साहिब में भाई वीर सिंह साहित्य सदन के सहयोग से लगी प्रदर्शनी में भी जो चित्र लगाए गए उनमें भी गुरु नानक देव जी के साथ केवल मरदाना जी ही दिखाई पड़ रहे हैं। पूछे जाने पर तर्क दिया गया कि बाला जी सदा गुरु नानक देव जी के साथ नहीं रहे। गुरु नानक देव जी ने सदैव सरब सांझीवालता का संदेश दिया। आज संसार भर में जिस तरह से अराजकता फैल रही है उसे अगर समाप्त करना है तो संसार के लोगों को गुरु नानक के मार्ग पर चलना होगा और सबसे पहले अपने स्वभाव में विनम्रता लानी होगी।

**सिख महिलाओं द्वारा योगी आदित्यनाथ के फैसले का स्वागत**

उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक कदम उठाया गया जिसमें उन्होंने राज्य में महिलाओं के कपड़े सिलने हेतु लिये जाने वाला माप केवल महिला दर्जियों को ही लेने का अधिकार दिया है वहीं सैलून, पार्लर, जिम आदि में भी महिलाओं को केवल महिला स्टाफ ही डील कर सकेंगे। इस फैसले का सिख महिलाओं के द्वारा खासतौर पर स्वागत किया जा रहा है। करोलबाग से पूर्व निगम पार्षद एवं शिरोमणि अकाली दल महिला विंग की वरिष्ठ नेता मनदीप कौर बख्शी ने इस फैसले को समूचे देश में लागू किए जाने की बात करते हुए महिलाओं के मामलों पर सख्त कानून बनाने की गुहार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लगाई है। वैसे देखा जाए तो इस देश में सख्त कानून ना होने के चलते महिलाओं पर आए दिन अत्याचार होते रहते हैं और तो और मासूम बच्चियों को भी नहीं बख्शा जाता।



**गुरु नानक का सिख खालिस्तान का समर्थक नहीं हो सकता**

सिख समाज जो हमेशा मानवता की भलाई की बात करता है, दूसरों के दुख दर्द को समझता है। सिख दिन में जितनी बार भी अरदास करता है स्वयं के साथ-साथ समूची कायनात की चढ़दीकला मांगता है ऐसे में वह किसी धर्म का अपमान या फिर उसके धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाने की सोच भी नहीं सकता। इतिहास में इस बात का भी जिक्र आता है कि पुरातन समय में अयोध्या के राम मन्दिर जहां भगवान राम का जन्म हुआ था उस स्थान पर जबरन मुगलों ने कब्जा कर लिया तो उसे खाली करवाने के लिए हिन्दु भाईचारे के लोगों ने गुरु गोबिन्द सिंह जी से गुहार लगाई तो उस समय गुरु जी ने निहंग सिखों की फौज भेजकर उस स्थान को खाली करवाया और वहां हिन्दु भाईचारे द्वारा पूजा-अर्चना की जाने लगी। अयोध्या में राम मन्दिर के निर्माण और उद्घाटन के समय में भी सिख भाईचारे द्वारा लंगर लगाए गये। देश-विदेश से सिख समाज के लोग मन्दिर दर्शनों को भी जाते हैं।



मगर हाल ही में कनाडा की धरती पर बैठकर खालिस्तानी समर्थक गुरपतवंत पन्नू द्वारा अयोध्या में बने राम मन्दिर को नुकसान पहुंचाने वाला बयान दिया गया ताकि हिन्दू-सिख भाईचारे में दूरी बनाई जाए। हालांकि भारत में बैठे सिख समाज के लोगों द्वारा इसकी कड़े शब्दों में निंदा की गई और की भी जानी चाहिए। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा सिख मन्दिर बनवा तो सकता है मगर मन्दिर को तोड़ने या नुकसान पहुंचाने की सोच भी नहीं सकता और जो ऐसा सोचे वह सिख नहीं हो सकता। इतिहास गवाह भी है कि सिख राजाओं के द्वारा हिन्दू मन्दिरों का निर्माण करवाया जाता रहा है। खालसा राज के समय काशी विश्वनाथ मन्दिर के लिए महाराजा रणजीत सिंह ने दरबार साहिब के बराबर का सोना भेंट किया। सवाल यह भी बनता है कि पन्नू जैसे मुठ्ठी भर लोग विदेशों में रहकर ही इस तरह के बयान देते हैं मगर शायद उनमें इतनी हिम्मत नहीं कि वह भारत में आकर खालिस्तान की मांग कर सकें क्योंकि भारत में रहता कोई भी सिख खालिस्तान का समर्थन नहीं करता। भाजपा सिख सैल नेता रविन्दर सिंह रेहन्सी का मानना है कि अगर सिखों को खालिस्तान ही लेना होता तो 1947 देश की आजादी के समय ही ले लिया होता मगर सिखों का हिन्दुओं के साथ नाखून मांस का रिश्ता है जिसे कोई भी अलग नहीं कर सकता।



**नगर कीर्तनों को जुलूस ना बनाया जाये**

आमतौर पर देखा जाता है कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को सिख समाज ही नहीं बल्कि हिन्दू भाईचारा और खास तौर पर सिन्धी समाज के लोग भी बढ़चढ़ कर मनाते हैं। प्रकाश पर्व के सम्बन्ध में नगर कीर्तन दिल्ली के गुरुद्वारा शीशगंज साहिब से गुरुद्वारा नानक प्याऊ साहिब तक निकाला जाता है जिसमें गुरु महाराज की पालकी के दर्शनों के लिए उतनी संगत दिखाई नहीं पड़ती जितनी की नगर कीर्तन में लगने वाले स्टालों पर दिखती है। संगत भी सेवा के नाम पर बेतहाशा स्टाल लगाने लगे हैं जिसमें पीजा, बर्गर, से लेकर ना जाने कितनी तरह के व्यंजनों के स्टाल लगते हैं जिनमें लोग खाते कम और बर्बाद ज्यादा करते हैं। संगत की मंशा अगर वाक्य में ही अपने गुरु के दिखाए मार्ग पर चलते हुए भूखों का पेट भरने की है तो एक ही दिन अनगिनत स्टाल लगाने के बजाए पूरा साल अलग अलग जगहों पर स्टाल लगाए जायें ताकि रोजाना जरुरतमंदों का पेट भर सके। इतना ही नहीं मेन नगर कीर्तन के बाद हर कालोनी, गली मौहल्लों में नगर कीर्तन निकाले जाने लगे हैं जो केवल नगर कीर्तन के नाम पर सिखों का मजाक ही बनता दिखाई पड़ता है।


गुरु साहिब की पालकी को पीछे अकेला छोड़ बाकी नगर कीर्तन दूसरे छोर तक पहुंच जाता है। बीच में गतका पार्टियां अपना खेल दिखा रही होती हैं। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी धर्म प्रचार के मुखी जसप्रीत सिंह करमसर का मानना है कि सिख संगत को चाहिए कि नगर कीर्तनों में लगने वाले स्टाल पर खर्च कम कर उसे जरुरतमंद बच्चों की शिक्षा पर लगाना चाहिए क्योंकि आज भी हमारे समाज में बहुत से ऐसे परिवार हैं जो पैसों के अभाव के चलते अपने बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं दे पाते।

नगर कीर्तनों में लगे स्टाल से प्रशाद खाकर लोग अगले दिन भूल जाते हैं मगर यही पैसा अगर बच्चों को पढ़ाने पर खर्च होगा तो ना जाने कितने बच्चे उच्च शिक्षा लेकर अपने परिवार का पालन पोषण तो करेंगे ही साथ ही उच्च पदों पर बैठकर समूचे कौम की आवाज भी बनेंगे।

# मस्क की कंपनी स्टारलिंक 'भेड़ की खाल में छिपा भेड़िया'

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के भारत में उपग्रह ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा देने की खबरों के बीच शोध संस्थान 'कूटनीति फाउंडेशन' ने अमेरिकी दिग्गज कंपनी के अमेरिकी खुफिया तथा सैन्य एजेंसियों के साथ गहरे संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रीय हितों में बाधक बन सकते हैं।

स्टारलिंक को " भेड़ की खाल में छिपा भेड़िया " करार देते हुए फाउंडेशन ने कहा कि स्टारलिंक दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकी है, जिसकी " सबसे बड़ी ग्राहक तथा प्रचारक अमेरिकी सरकार की खुफिया तथा सैन्य एजेंसियां हैं।" पुराने मोबाइल फोन सेवा प्रदाता वॉयस तथा इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार टावर का इस्तेमाल करते हैं, उपग्रह संचार या सैटकॉम में यह सेवा प्रदान करने के लिए उपग्रहों के समूह का इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, उपग्रहों का नियंत्रण देश के बाहर होने को लेकर कई सवाल खड़े हैं।कुटनीति ने एक रिपोर्ट में कहा, " स्टारलिंक उपग्रहों का समूह दुनियाभर में इंटरनेट सेवा प्रदाताओं का एक नया रूप है, जो भौगोलिक सीमांकन तथा प्राकृतिक सीमाओं से परे है। दुनिया के हर नागरिक तक सीधी पहुंच ह, जिसमें उपयोगकर्ता तथा अमेरिकी के बीच कामकाज के संचालन की कोई संरचना नहीं है।" संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा था कि स्टारलिंक का अभी सुरक्षा मानदंडों का पालन करना बाकी है। उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए उसे लाइसेंस भारत में सेवाओं के लिए सभी मानदंडों को पूरा करने के बाद जारी किया जाएगा। कूटनीति की रिपोर्ट पर टिप्पणी मांगने के लिए स्टारलिंक को भेजे गए ई-मेल का खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं आया। मस्क की अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स एक अमेरिकी खुफिया एजेंसी के साथ एक वर्गीकृत अनुबंध के तहत सैकड़ों जासूसी उपग्रहों का एक नेटवर्क बना रही है। यूक्रेन युद्ध में स्टारलिंक उपग्रह संपर्क के इस्तेमाल को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन और कंपनी के बीच विवाद खड़ा हो गया था।अरबपति मस्क ने हाल ही में संपन्न अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडन की पार्टी की कमला हैरिस के सामने डोनाल्ड ट्रंप का खुलकर समर्थन किया था।मस्क ने पिछले साल कहा था कि उन्होंने रूसी बेड़े पर हमले में सहायता के लिए अपने स्टारलिंक उपग्रह नेटवर्क को सक्रिय करने के यूक्रेन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। कूटनीति ने मस्क की कंपनियों तथा अमेरिकी एजेंसियों के बीच कुछ अनुबंधों की खबरों का हवाला देते हुए कहा, " ये अमेरिका के खुफिया-सैन्य-औद्योगिक परिसर के हिस्से के रूप में स्टारलिंक के ज्ञात अनुबंध हैं, बहुत सारे गोपनीय समझौते तथा अनुबंध हैं जिनका खुलासा नहीं किया गया है।"



दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।


# दिल्ली एनसीआर में सांस लेना हुआ दूभर

## 36 में से 34 स्टेशनों का एक्यूआई रहा 400 पार, सबसे खराब दिल्ली की वायु गुणवत्ता


दिल्ली में बुधवार को धुंध भरी सड़क से गुजरते वाहन।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : बुधवार को दिल्ली में सर्दियों के इस सीजन में पहली बार वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई। एक्यूआइ 400 के पार चला गया। दिन भर स्माग छाया गया। एनसीआर के शहरों में भी एक्यूआइ के स्तर में इजाफा देखा गया। आलम यह रहा कि देश भर में सबसे खराब वायु गुणवत्ता दिल्ली की ही रही। हालांकि एक दो दिन में ही इसके वापस 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंच जाने के आसार हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को दिल्ली का एक्यूआइ 418 दर्ज हुआ। यह देश में सबसे ज्यादा था। सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली के 36 निगरानी स्टेशनों में से 34 ने वायु गुणवत्ता को 'गंभीर' श्रेणी में बताया। रात नौ बजे दिल्ली का एक्यूआइ बढ़कर 451 तक पहुंच गया। आईआईटीएम पुणे के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को दिल्ली के प्रदूषण में वाहन उत्सर्जन का योगदान सबसे अधिक था, जिसकी अनुमानित हिस्सेदारी लगभग 13.3 प्रतिशत थी। अन्य प्रमुख प्रदूषक पीएम 2.5 और पीएम 10 थे। वायु गुणवत्ता की स्थिति को

## पराली की आग : नासा ने जारी की सैटेलाइट तस्वीर



अमेरिकी एजेंसी नासा ने सैटेलाइट तस्वीरों में पंजाब और हरियाणा में भीषण आग लगने की घटनाओं को पता लगाया है। उल्लेखनीय है कि पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने जैसी घटनाओं को दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण करने के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार ठहराया जाता है।

पराली को रोकने के लिए काफी प्रयासों के बावजूद इस साल भी पराले जलने जैसी घटनाएं आम हैं। दिल्ली में चरम प्रदूषण के बीच नासा के लाइव फायर मैप में पंजाब और हरियाणा में भीषण आग दिखाई दे रही है और इन इलाकों में बहुत अधिक प्रदूषण भी हो रहा है। हर साल की तरह, इस साल भी अक्टूबर के अंत और नवंबर के पहले सप्ताह में नासा के उपग्रहों ने सिंधु-गंगा के मैदान में आग लगने और धुएं के गुबार पता लगाया है। पराली से खासकर पंजाब जैसे घनी आबादी वाले इलाके, उत्तर भारत और यहां कि पाकिस्तान भी प्रभावित होता हैं।

# मोदी सरकार के 10 साल में मध्यम वर्ग पर कर का बोझ घटा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान मध्यम वर्ग यानी 20 लाख रुपये सालाना से कम आय वाले व्यक्तियों पर कर का बोझ घटा है। वहीं दूसरी तरफ 50 लाख रुपये से ऊपर की सालाना आय वाले लोगों द्वारा भुगतान किए जाने वाले करों में अच्छी-खासी वृद्धि हुई है। सूत्रों ने बुधवार को यह कहा।

**अब 7 लाख रुपए तक की आय पर कोई कर नहीं लगता है**

दाखिल किये गये आयकर रिटर्न (आईटीआर) के आंकड़ों के अनुसार, 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय दिखाने वाले व्यक्तियों की संख्या 2023-24 में बढ़कर 9.39 लाख से अधिक हो गयी जो 2013-14 में 1.85 लाख थी। साथ ही, 50 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों की आयकर देनदारी 3.2 गुना बढ़कर 2024 में 9.62 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो 2014 में 2.52 लाख करोड़ रुपये थी। सूत्र ने कहा कि आयकर का 76 प्रतिशत हिस्सा सालाना 50 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों से आता है। कुल मिलाकर इससे मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम हुआ है। आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ी है। इसका कारण 'मोदी सरकार की कर चोरी रोकने और काले धन पर लगाम लगाने के लिए संबंधित अधिनियमों को कड़ाई से लागू करना है।' 2014 में, दो लाख रुपये सालाना से अधिक कमाने वाले व्यक्तियों को आयकर देना पड़ता था। हालांकि, मोदी सरकार में घोषित विभिन्न छूटों और कटौतियों के कारण अब सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्तियों को कोई कर नहीं देना पड़ता है। दस लाख रुपये से कम आय वाले करदाताओं से आयकर संग्रह का प्रतिशत घटकर 2024 में 6.22 प्रतिशत पर आ गया जो 2014 में 10.17 प्रतिशत था।

# स्कूटी को लेकर विवाद, पिता की हत्या, बेटा घायल

**गाजियाबाद,** (आईएएनएस): गाजियाबाद में खोड़ा थाना क्षेत्र के इंद्रा विहार में पड़ोसियों में स्कूटी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। झगड़े में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकू से हमला कर दिया।

चाकू के हमले में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अलग-अलग जगहों पर दबिश दे रही है। स्थिति को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।


एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आज शाम लगभग साढ़े पांच बजे थाना खोड़ा को सूचना मिली कि इंद्रा विहार क्षेत्र में पिता नन्हें और पुत्र सलमान को चाकू लगा है। दोनों गंभीर रूप से घायल हैं। तत्काल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। परिजनों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने नन्हें (50) को मृत घोषित कर दिया। सलमान (25) को डॉक्टरों ने खतरे से बाहर बताया है।

उन्होंने बताया कि जाकिर और नन्हे के घर आमने-सामने है। नन्हे अपनी स्कूटी जहां खड़ी करता है

**● खोड़ा के इंदिरा विहार में पड़ोसियों का खूनी खेल**

वहां जाकिर की नाली का पाइप आ रहा है। जिसको लेकर पहले भी विवाद हो चुका है। बुधवार को नन्हे ने फिर अपनी स्कूटी नाली के ऊपर खड़ी कर दी। इसको लेकर जाकिर ने आपत्ति जताई। उसने कहा कि स्कूटी खड़ी करने के कारण बार-बार नाली का पाइप टूट जाता है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। आसपास के लोगों ने विवाद शांत करवा दिया। आरोप है कि उसके बाद जाकिर ने अपने किसी जानकार को नन्हे के घर पर भेजकर उसके बेटे सलमान के रिश्ते की बात के लिए गली के नुक्कड़ पर बुलाया। वहां पहले से जाकिर के चार लड़के और कुछ जानकर खड़े थे। जहां फिर विवाद हुआ और उसके बाद हाथापाई होने के बाद दूसरे पक्ष ने नन्हे और सलमान पर चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में नन्हे की मौत हो गई है, वहीं सलमान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। नन्हे कबाड़ का काम करता है, वहीं जाकिर का गैस सिलेंडर का काम है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 4 टीमों का गठन किया गया है।

# हिमाचल सरकार इको-टूरिज्म को दे रही बढ़ावा : मुख्यमंत्री सुक्खू



**शिमला,** (विक्रांत सूद): मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों को राज्य के नैसर्गिक सौन्दर्य और अनछुए पर्यटन गंतव्य का अनुभव प्रदान करना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस पहल में स्थानीय समुदाय को भी शामिल किया जाएगा, जिससे आजीविका के अवसर सृजित होंगे और पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और संवर्धन के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वन संरक्षण अधिनियम, 2023 में हाल ही में किए गए संशोधनों को प्रभावी तरीके से लागू करने को मंजूरी दे दी है, जिससे प्रदेश में इको-टूरिज्म गतिविधियों को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में बनाई गई इको-टूरिज्म नीति को इन लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए संशोधित किया गया है।

# छह साल बाद विष्णु सरकार में कर्मचारियों की पूरी हुई मांग

**रायपुर,** (आशीष शर्मा) : छत्तीसगढ़ में धान खरीदी शुरू होने से पहले ही सरकार को बड़ी राहत मिली है। बेमियादी हड़ताल पर बैठे सहकारी समितियों के कर्मचारी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक तरह से राहत दे दी है। वहीं कर्मचारी के वेतन में 25 फ़ीसदी का इजाफ़ा कर दिया है। इसके बाद हड़ताली कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल भी खत्म करने का ऐलान कर दिया। लगभग 6 साल बाद इन कर्मचारियों की मांग पूरी हुई है। कर्मचारियों की मांग पूरी होने के बाद बीते 9 दिनों से चली आ रही हड़ताल समाप्त हो गई है अब 14 नवंबर से ऑनलाइन टोकन लेने वाले किसानों का धान खरीदा जाएगा। हड़ताली कर्मचारियों की चर्चा के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सहकारी समितियों के लगभग 13000 कर्मचारियों के वेतन में 25 फ़ीसदी का इजाफा कर दिया है। इस संबंध

**● धान खरीदी की बाधा दूर, सहकारी समितियों में हड़ताल खत्म**



में फैसले के बाद धान खरीदी पर छाया संकट भी दूर हो गया है । अब ऑनलाइन टोकन नहीं लेने वाले किसानों को भी टोकन मिलेगा हड़ताल के चलते कई खरीदी केंद्र में बरदानों की सप्लाई नहीं हो पाई है। अब ज्यादातर केंद्रों में बारदाने पहुंच जाने के दावे हो रहे हैं। साथ ही किसानों का टोकन काटना भी शुरू कर दिया गया है। हालांकि राइस मिलर्स के मामले में अभी गतिरोध नहीं टूटा है। राइस मिलर्स ने कहा है कि जब तक उनकी मांगों पर फैसला नहीं होगा वह धान की मीलिंग नहीं करेंगे। राइस मिलर्स अपनी बची हुई राशि के भुगतान की मांग कर रहे हैं। इधर हड़ताल खत्म होने और 25 फ़ीसदी वेतन में इजाफे के बाद सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार जताया है।

यहां उल्लेखनीय है कि 2018 में अंतिम बार कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी हुई थी। सहकारी समितियों के कर्मचारियों का वेतन 15 हजार से 20 हजार रुपए है। साथ ही उन्हें 1000 रुपये भत्ता भी मिलता है। वेतन ने 25 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ अब उन्हें 18 हजार रुपए से 25 हजार रुपए तक का वेतन मिलेगा। बीते दिनों मुख्यमंत्री से भी मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी मांगों से अवगत कराया था।


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के तहत एसएसई/डब्ल्यू/करनाल के अनुभाग में सुरक्षा कार्यों की मरम्मत, नीचे और ऊपर धारा पर पत्थर की पिचिंग को मजबूत करना, तटबंध के दोनों ओर, एबटमेंट, खंड में केयूएन–बीजेडके के बीच पुल संख्या 196 डब्ल्यूजेसी नहर किमी 126/13–17 की ड्रॉप दीवार और बेड फ्लोरिंग का निर्माण। |
| अनुमानित लागत | ₹2,34,84,945.35 |
| धरोहर राशि | ₹2,67,400/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान गेटवे के रूप में होना चाहिए। **नोटः** एफ.डी.आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई–1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 05.12.2024 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 05.12.2024 को 15:00 बजे |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| समान प्रकार के कार्य | ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य। |

नोटः शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में किया जाना चाहिए। और सभी सलंग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए।

सं.: 128–डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/24–25/डब्ल्यू–I (NIT-51)
दिनांक: 13.11.2024 3527/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ड्राइवर चाहिए**

वजीरपुर, दिल्ली स्थित कार्यालय के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिन्हें सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो।

**संपर्क करें**

फोन नंबर- 9310206323, 9310739099
फोन करें - 10:00 AM to 5:00 PM


# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आईः गृह मंत्रालय

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नरेन्द्र मोदी सरकार के तहत 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद संबंधी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी देखी गई है। संसदीय समिति के समक्ष केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रस्तुतीकरण में यह जानकारी दी गई है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने गृह मामलों की संसदीय स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में आतंकवाद संबंधी मामलों में कमी आने के बावजूद लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकवादी समूहों से खतरा अभी भी बना हुआ है।

**इस साल केवल 14 आम नागरिकों को ही आतंक का शिकार होना पड़ा**

केंद्र ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था, जो जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करता था। तत्कालीन राज्य जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया था। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में कानून और व्यवस्था अब सीधे केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। मोहन और उनके अधिकारियों की टीम ने समिति को बताया कि मोदी सरकार के लिए नागरिक सुरक्षा प्रमुख चिंता का विषय रही है और सुरक्षा एजेंसियां इस पर पूरा जोर दे रही हैं। तुलनात्मक आंकड़े देते हुए गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि 2019 में आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में 50 नागरिक मारे गए थे। सूत्रों ने बताया कि इस साल अब तक हताहतों की संख्या घटकर 14 रह गई है। वर्ष 2023 में आतंकवादी घटनाओं में पांच नागरिक मारे गए थे जो 2024 की तुलना में लगभग तीन गुना कम है। वर्ष 2019 में नागरिकों पर 73 हमले हुए और इस साल अब तक यह आंकड़ा 10 है। मंत्रालय ने कहा कि मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर में भारत विरोधी तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के अलावा आतंकवादी समर्थन और आतंकवाद के वित्तपोषण नेटवर्क को खत्म करना चाहती है।

# जनवरी 2025 तक भंगेल एलिवेटेड रोड पर दौड़ने लगेंगे वाहन

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री ने बुधवार को महत्वपूर्ण परियोजनाओं के स्थलों का भ्रमण कर परियोजनाओं का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय कुमार रावल एवं संबंधित कार्य मंडलों के वरिष्ठ प्रबंधक तथा परियोजनाओं से संबंधित ठेकेदारों के प्रतिनिधि भी अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ मौजूद रहे।

भ्रमण के दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डीएससी मार्ग पर निर्माणाधीन भंगेल एलिवेटेड रोड परियोजना के स्थल का निरीक्षण किया, जहां पर मौजूद परियोजना की ठेकेदार संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रतिनिधि ने बताया कि परियोजना को जनवरी 2025 तक पूर्ण करके वाहन दौड़ने लगेंगे। निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के निर्माण में लगभग 150 मजदूर कार्य करते पाए गए। निरीक्षण के दौरान कार्य में प्रयोग की जा रही जीएसबी मटेरियल में स्लेट पाई गई, जिसके कारण उक्त जीएसबी मटेरियल को स्थल से हटवाकर अन्य मटेरियल का प्रयोग करने के निर्देश दिए गए।


**नौएडा**

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

ए) फ्रेस–निविदा कार्यः–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 27/उ.म.प./व.प्र.(व.स.–3)/2024–25 | नालियों का अनुरक्षण (सैक्टर–99 के आंतरिक ब्लॉक ए एवं बी में नालियों की मरम्मत एवं कल्वर्ट का निर्माण कार्य), नौएडा। | 63.94 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 27.11.2024 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 28.11.2024 को 11.00 बजे खोली जाएगी।

बी) रि–निविदा कार्यः–

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 2 | 13/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–10)/ई0नि0/2024–25 | ग्राम समस्तीपुर की आन्तरिक गलियों में एम0एस0 जाल, सी0डी0 रोड, नालियों की मरम्मत एवं नाली पर कवर लगाने का कार्य, नौएडा। | 55.55 |
| 3 | 27/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–1)/2024–25 | सड़कों का अनुरक्षण (सैक्टर– 5, 7, 11, 12, 14, 16, 56 एवं जोनल रोड संख्या – 3, 5 एवं 8 पर पैच की मरम्मत का कार्य), नौएडा। | 52.83 |
| 4 | 07/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–4)/ई0नि0/2024–25 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ग्राम छजारसी के वी0डी0एस0 मार्केट में क्षतिग्रस्त चारदीवारी एवं नाली इत्यादि का निर्माण कार्य), नौएडा | 80.31 |
| 5 | 17/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–3)//2024–25 | सड़कों का अनुरक्षण (ग्राम बरौला की सर्विस रोड पर डी0बी0एम0 एवं बी0सी0 बिछाने का कार्य तथा विश्वकर्मा मार्ग – डी0एस0सी0 रोड जंक्शन पर ऐलिवेटिड रोड पिलर संख्या 59 के सामने यातायात के डायवर्जन हेतु ट्राईपोड का निर्माण कार्य), नौएडा | 44.08 |
| 6 | 25/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–3)//2024–25 | सड़कों का अनुरक्षण (कांशीराम कॉलोनी सैक्टर–45 नौएडा के साथ सड़क के चौड़ीकरण एवं आर.सी.सी. रोड का निर्माण कार्य), नौएडा। | 51.44 |
| 7 | 01/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.–9)/ई0नि0/2024–25 | सड़कों का अनुरक्षण (महामाया फ्लाई ओवर के ऊपर लगे क्षतिग्रस्त एक्सपैन्शन ज्वॉइन्ट को बदलने का कार्य), नौएडा। | 81.75 |
| 8 | 13/उ.म.प्र./उ.म.प्र.(व.स.–2)/2024–25 | सड़कों का अनुरक्षण (सैक्टर–27 के ई एवं एफ–ब्लॉक में बिटूमिन कंकरीट सी0सी0 रोड एवं नाली मरम्मत तथा एस0एफ0आर0सी कवर लगाने का कार्य) नौएडा। | 79.45 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 20.11.2024 को सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 21.11.2024 को 11.00 बजे खोली जाएगी।

"महत्वपूर्ण सूचना–
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचे। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (Flood Plain Zone) में अनधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसे।"

उप महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



**बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड**
(बिहार सरकार का एक प्रतिष्ठान)
वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय
कार्य प्रमंडल, नालन्दा (बिहरशरीफ)।
वेबसाईटhttp://www.brpnnl.bihar.gov.in ईमेलःspe-nalanda@brpnn.co.in,
Doc.No:-BRPNNL/NAL/ 996

**।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।**
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
**निविदा संख्या–BRPNNL/NAL/996**

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड/केन्द्रीय/राज्य सरकार/एम.ई.एस./सी.पी.डब्लू.डी./सार्वजनिक क्षेत्र के समुचित श्रेणी में निबंधित संवदेकों से **SBD** आधारित ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से दो बीड प्रणाली (तकनीकी एवं वित्तीय) अन्तर्गत निम्नलिखित HLRCC Bridge सह पहुँच पथ निर्माण हेतु **प्रतिशत दर (Percentage Rate)** आमंत्रित किये जाते हैं। यदि संवेदक बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड में पूर्व से निबंधित नहीं है, तब एकरारनामा के पूर्व निगम में निबंधित कराना अनिवार्य होगा।

| क्र. | जिला | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Online Payment) (रू० में) (अप्रत्यपर्णीय) | अग्रधन की राशि (लाख रू० में) | Bid Processing Fee (Online Payment) (रू० में) (अप्रत्यपर्णीय) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Part -01 | नालन्दा | नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा नूरसराय पथ के 16.50 कि0मी0 में 3x14.00m आकार का उच्चस्तरीय RCC पुल का निर्माण कार्य। | 906.112 | 10,000.00 | 18.122 | 5,900.00 | 15 माह |
| Part -02 | नालन्दा | नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा नूरसराय पथ के 1 कि0मी0 में 2x16.00m आकार का उच्चस्तरीय RCC पुल का निर्माण कार्य। | 471.04 | 10,000.00 | 9.43 | 5,900.00 | 15 माह |
| Part -03 | नालन्दा | नालन्दा जिलान्तर्गत दनियावां–हिलसा–एकंगरसराय–इस्लामपुर पथ के 35वें कि0मी0 में 2x12.00m आकार का उच्चस्तरीय RCC पुल का निर्माण कार्य। | 418.86 | 10,000.00 | 8.38 | 5,900.00 | 12 माह |

| Sl. No. | Activity | Duration |
|---|---|---|
| 1. | Download date of bid documents | From – 02.12.2024 (10:00 Hrs.) to 16.12.2024 (15:00 Hrs.) (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 2. | Pre-bid Meeting | 07.12.2024 at 15.00 Hrs. (Meeting Hall of BRPNNL 7, Sardar Patel Marg, Patna – 800015) |
| 3. | Last Date/Time for submission/ uploading of offer/Bid | 18.12.2024 upto 15:00 Hrs. (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 4. | Date & time for opening of Technical Bid | 20.12.2024 at 15:30 Hrs. (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| 5. | Date, time and place of opening of Financial Bid | To be informed later to technically qualified bidder. (www.eproc2.bihar.gov.in ) |

विशेष जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा वेबसाइट www.brpnnl.bihar.gov.in/ **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** or www.eproc2.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

सम्पर्क पदाधिकारी का नामः–
1. वरीय परियोजना अभियंता, मो.नं.–9153962629
2. परियोजना अभियंता, मो.नं.– 9153962620

वरीय परियोजना अभियंता
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड
कार्य प्रमंडल नालन्दा (बिहारशरीफ)

PR- 012316 ( B & C ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# निर्दलीय प्रत्याशी ने एसडीएम को थप्पड़ मारा

**जयपुर,** (पंजाब केसरी) : राजस्थान की देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान के दौरान एक निर्दलीय उम्मीदवार ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी (एसडीएम) को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। राज्य की सात विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। हालांकि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस का हाथ छोड़कर निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ रहे नरेश मीणा ने चुनाव ड्यूटी पर तैनात मालपुरा के उपखंड अधिकारी अमित चौधरी को थप्पड़ मार दिया। घटना के समय चौधरी समरावता गांव के ग्रामीणों को मतदान के लिए मनाने का प्रयास कर रहे थे। इन ग्रामीणों ने अपनी एक मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। चौधरी राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारी हैं। आरएएस अधिकारियों के संघ ने मीणा की गिरफ्तारी की मांग की और चेतावनी दी है कि गिरफ्तारी नहीं होने पर बृहस्पतिवार से पूरे राज्य में 'पेन डाउन' हड़ताल की जाएगी। वहीं मीणा ने प्रशासन को चुनौती देते हुए गांव में धरना दिया और अपने समर्थकों से बड़ी संख्या में लाठी-डंडे लेकर समरावता गांव में एकत्र होने को कहा ताकि प्रशासन पर दबाव बनाया जा सके।

# 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 14 November, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026

premastrologer | premastrologer | premastrologer | askpremastrologer




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल) सामान्य बीमारी में घरेलू उपाय से फायदा होगा। कई अलग-अलग सोर्स से इनकम होने वाली है। प्रोफेशनल क्षेत्र में अच्छी प्लानिंग की जरुरत है। फैमिली के साथ आउटिंग पर जाने वाले हैं। **लकी नंबर : 3, लकी कलर : डार्क येलो**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई) फिट रहने के लिए डेली एक्सरसाइज जरुरी होगी। दिनचर्या सुधारेंगे, डाइट पर भी ध्यान दे सकते हैं। निवेश के विकल्पों पर गहराई से विचार करेंगे। सोलमेट के साथ क्वालिटी टाइम बिता पायेंगे। **लकी नंबर : 11, लकी कलर : सिल्वर**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून) बदलते मौसम से सावधान रहने की जरुरत है। कमाई बढ़ाने के लिये शॉर्टकट अपना सकते हैं। मार्केटिंग वालों के लिये समय अनुकूल रहेगा। किसी फैमिली मैंबर को लेकर गर्व महसूस करेंगे। **लकी नंबर : 1, लकी कलर : क्रीम**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई) आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने की संभावना है। इस समय पैसे बचाना बहुत महत्वपूर्ण है। वर्क रिलेटेड बड़े निर्णयों को टालने से बचें। किसी की मदद करने से पहले सोचना होगा। **लकी नंबर : 8, लकी कलर : बेबी पिंक**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त) आज आप फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, मनचाहा करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी अहमियत बढ़ने वाली है। किसी आयोजन को लेकर अति उत्साहित रहेंगे। **लकी नंबर : 17, लकी कलर : येलो**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर) अस्वस्थ लोगों को किसी की मदद मिल जायेगी। कुछ लोगों की सैलरी बढ़ने की संभावना है। वर्कप्लेस पर नए स्किल सीखने का मौका मिलेगा। घरेलू स्तर पर हुए बदलाव में ढ़लना जरुरी है। नया वाहन चलाने का मौका मिलेगा, तैयार रहें। **लकी नंबर : 5, लकी कलर : ग्रीन**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) इन्वेस्टमेंट से अच्छा मुनाफा होने की संभावना है। आप प्रोफेशनल क्षेत्र में बड़ी डील कर सकते हैं। स्वास्थ को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है। आपका मूडीनेस किसी को परेशान करने वाला है। **लकी नंबर : 9, लकी कलर : सिल्वर**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर–22 नवंबर) फिजूलखर्ची के प्रति सतर्क रहें, सेविंग जरुरी है। प्रोफेशनल क्षेत्र में संतोषजनक स्थिति रहेगी। बड़े बुजुर्ग की पसंद का ध्यान रखना होगा। पार्टनर की सलाह पर ध्यान देना होगा। **लकी नंबर : 18, लकी कलर : ब्राउन**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर) सोच पॉजिटिव रखें, सेहत में सुधार होने लगेगा। नया काम शुरु करेंगे, तरक्की का रास्ता खुलेगा। बच्चे को सुधारने के लिये धैर्य आवश्यक है। जीवन साथी के इमोशनल हेल्थ का ध्यान रखें। **लकी नंबर : 3, लकी कलर : व्हाइट**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर–21 जनवरी) सेहत को लेकर सतर्क रहें मोच या चोट के संकेत हैं। कमाई का सोर्स बढ़ाने पर जोर देंगे, स्थिति सुधरेगी। ऑफिस में क्षमता से अधिक जिम्मेदारी लेने से बचें। मैरेज प्रपोजल पर बात बन जाने की उम्मीद है। **लकी नंबर : 2, लकी कलर : ऑरेंज**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी) पढ़ाई से जुड़ी सलाह पर ध्यान देना होगा। करियर को लेकर गंभीर होने का समय है। बेवजह के खर्चे पर कंट्रोल करना जरुरी है। किसी घरेलू निर्णय में सहमति बनने वाली है। वेकेशन पर जाने का प्लान बन सकता है। **लकी नंबर : 4, लकी कलर : रेड**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च) फिटनेस और सेहत को लेकर कान्शसनेस बढ़ेगा। प्रॉपर्टी में निवेश से पहले सलाह आवश्यक होगा। घर में शांति और सामंजस्य बनाये रखना होगा। अकेडमिक स्तर पर अच्छा प्रदर्शन रहने वाला है। पार्टनर से कोई सरप्राइज मिलने के संकेत हैं। **लकी नंबर : 7, लकी कलर : गोल्डन**

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom
पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

# बाइडेन से मिले ट्रंप, पावर ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू

**वाशिंगटन,** (एजेंसियां): अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार रात व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति बाइडेन से मिलने पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक-दूसरे साथ हाथ मिलाया।

मुलाकात के दौरान बाइडेन ने ट्रम्प को राष्ट्रपति चुनाव में जीत की बधाई दी। साथ ही सत्ता के 'स्मूथ ट्रांजिसन' की बात दोहराई। डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को पद की शपथ लेंगे। व्हाइट हाउस में पावर ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी सिलसिले में दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात हुई है। मुलाकात के लिए बाइडेन ने ट्रम्प को न्योता भेजा था। बाइडेन ने नतीजों के बाद ट्रम्प को जीत की बधाई भी दी थी। अमेरिका में ये परंपरा रही है कि वर्तमान राष्ट्रपति चुनाव के बाद अगले राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में औपचारिक मुलाकात करते हैं।

इस मुलाकात को सत्ता सौंपने की प्रकिया की शुरुआत के तौर पर देखा जाता है। हालांकि जब डोनाल्ड ट्रम्प 2020 में जो बाइडेन के हाथों राष्ट्रपति चुनाव हार गए थे, तो उन्होंने बाइडेन को मुलाकात के लिए आमंत्रित नहीं किया था। डोनाल्ड ट्रम्प 2017 राष्ट्रपति पद से हटने के लगभग 4 साल बाद व्हाइट हाउस लौटे हैं।



व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प से बातचीत करते राष्ट्रपति बाइडेन। (छाया : प्रेट्र)

### ट्रम्प की पत्नी मेलानिया साथ नहीं गईं

बाइडेन के ट्रम्प को आमंत्रित करने के बाद फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन ने भी ट्रम्प की पत्नी मेलानिया को व्हाइट हाउस का न्योता भेजा था। हालांकि इस बार मेलानिया, डोनाल्ड ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस नहीं गई है ।परंपरा के मुताबिक मौजूदा फर्स्ट लेडी भावी राष्ट्रपति की पत्नी की मेजबानी करती हैं। 2016 में ट्रम्प की जीत के बाद भी ये परंपरा निभाई गई थी। मेलानिया के ट्रम्प के साथ नहीं पहुंचने को लेकर व्हाइट ने बयान भी जारी किया है। व्हाइट हाउस के मुताबिक फर्स्ट लेडी ने हाथ से लेटर लिखकर मेलानिया को न्योता भेजा था। फिर भी वो नहीं आई हैं

## पिता के स्टारडम से परेशान श्रुति बदल लेती थी अपना नाम




**मुंबई,** (आईएएनएस)। सुपरस्टार कमल हासन की बेटी श्रुति हासन ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने माता-पिता के स्टारडम से निपटने में आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की। इस दौरान उन्होंने कई मजेदार खुलासे भी किए। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें सारिका और कमल हासन की बेटी होने पर बहुत गर्व है, लेकिन बचपन में वह अक्सर चिढ़ जाती थीं। वो इसलिए क्योंकि, लोग मुझे देखकर उनके (कमल हासन) बारे में पूछने लगते थे। लोग मेरी ओर इशारा करते थे अरे, यह कमल की बेटी है और जब कोई मुझसे पूछता तो मैं अंजान बन जाती और कहती नहीं, मेरे पिता डॉक्टर रामचंद्रन है। यह हमारे डेंटिस्ट का नाम था और मैं पूजा रामचंद्रन हूं (यह नाम मैंने खुद बनाया था)।

स्पोर्ट्स राउंडअप

"श्रीलंका में आयोजित फीफा वित्तीय प्रशासन कार्यशाला में भाग लेने वाले अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के महासचिव अनिलकुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से सदस्य संघों को वित्तीय प्रबंधन को सुधारने और मजबूत करने में काफी मदद मिलेगी।"

# तिलक का शानदार शतक

## भारत की दक्षिण अफ्रीका पर 11 रन से रोमांचक जीत



**सेंचुरियन,** (भाषा): तिलक वर्मा (नाबाद 107) के पहले अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में बुधवार को यहां छह विकेट पर 219 रन बनाये। जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 ओवरों में 7 विकेट पर 208 रन ही बना पाई और 11 रन से हार गई। भारत की ओर से अर्शदीप ने शानदार 3 विकेट लिए। वहीं अक्षर पटेल ने क्लासेन का कैच लपक कर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। इससे पहले तिलक को अभिषेक वर्मा का बखूबी साथ मिला जिन्होंने 50 रन की आक्रामक पारी खेली। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्ररम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। बाईस वर्ष के तिलक ने अपनी 57 रन की पारी में सात छक्के और आठ चौके लगाये। उनकी पारी की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 प्रारूप में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाया। अभिषेक ने खराब फॉर्म से उबरते हुए 25 गेंद में पांच छक्कों और तीन चौकों की मदद से 50 रन बनाये।

तिलक ने पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये ।उन्होंने दूसरे विकेट के लिये अभिषेक के साथ 107 रन जोड़े । इससे पहले संजू सैमसन खाता खोले बिना आउट हो गए थे।

बीच के ओवरों में केशव महाराज ने रनगति पर अंकुश लगाया लेकिन तिलक ने आखिरी छह ओवरों में 22 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को बड़ा स्कोर दिलाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (एक), हार्दिक पंड्या (18) और रिंकू सिंह (8) नाकाम रहे।

### स्कोर बोर्ड

| भारत पारी | |
|---|---|
| संजू सैमसन बो. जानसेन | 00 |
| अभिषेक स्ट. क्लासेन बो. महाराज | 50 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 107 |
| सूर्यकुमार का. जानसेन बो. सिमलेन | 01 |
| हार्दिक पगबाधा बो. महाराज | 18 |
| रिंकू सिंह बो. सिमलेन | 08 |
| रमनदीप सिंह रन आउट | 15 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 01 |
| अतिरिक्त : | 19 |
| योग : 20 ओवर में | 6/219 |

विकेट पतन : 1/0, 2/107, 3/110, 4/132, 5/190, 6/218.

**गेंदबाजी :** जानसेन 4-0-28-1, कोएत्जी 3- 0-51-0, सिपाम्ला 4-0-45-0, सिमलेन 3-0-34-2, माक्रम 2-0-19-0, महाराज 4-0-36-2.

| दक्षिण अफ्रीका | 7/208 |
|---|---|

# ट्रंप सरकार में मस्क और रामास्वामी की एंट्री




● डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' की संभालेंगे कमान

**वाशिंगटन, (भाषा):** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को घोषणा की कि टेस्ला के मालिक एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' (सरकारी दक्षता विभाग) या डीओजीई का नेतृत्व करेंगे। ट्रंप ने घोषणा की, 'मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि एलन मस्क, अमेरिकी देशभक्त विवेक रामास्वामी के साथ मिलकर 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' (डीओजीई) का नेतृत्व करेंगे।' रामास्वामी अगले साल 20 जनवरी से प्रभावी हो रहे ट्रंप प्रशासन में किसी पद पर नियुक्त किए जाने वाले पहले भारतीय-अमेरिकी हैं। ट्रंप ने कहा, 'ये दोनों एक साथ मिलकर मेरे प्रशासन के लिए सरकारी नौकरशाही को खत्म करने, अतिरिक्त नियमों को कम करने, व्यर्थ व्यय में कटौती करने और संघीय एजेंसियों के पुनर्गठन का मार्ग प्रशस्त करेंगे, जो 'अमेरिका बचाओ आंदोलन' के लिए आवश्यक है।' ट्रंप द्वारा जारी बयान के अनुसार मस्क ने कहा, 'इससे व्यवस्था और सरकारी बर्बादी में शामिल किसी भी व्यक्ति को धक्का लगेगा, जो कि काफी लोग हैं।'

**यह विभाग मैनहट्टन प्रोजेक्ट बनेगा :** ट्रंप ने कहा कि यह संभावित रूप से 'मौजूदा दौर का द मैनहट्टन प्रोजेक्ट' होगा। 'द मैनहट्टन प्रोजेक्ट' द्वितीय विश्वयुद्ध का एक अभूतपूर्व, अति गोपनीय सरकारी कार्यक्रम था, जिसमें अमेरिका ने नाजी जर्मनी से पहले दुनिया का प्रथम परमाणु हथियार विकसित के लिए अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम चलाया था। ट्रंप ने कहा कि रिपब्लिकन नेताओं ने लंबे समय से डीओजीई का सपना देखा है। 'डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी' सरकार को बाहर से सलाह और मार्गदर्शन प्रदान करेगा तथा बड़े पैमाने पर संरचनात्मक सुधार लाने के लिए व्हाइट हाउस और प्रबंधन एवं बजट कार्यालय के साथ साझेदारी करेगा तथा सरकार में ऐसा उद्यमशील दृष्टिकोण पैदा करेगा जो पहले कभी नहीं देखा होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे आशा है कि एलन मस्क और विवेक रामास्वामी संघीय नौकरशाही में कार्यकुशलता को ध्यान में रखते हुए बदलाव करेंगे और साथ ही सभी अमेरिकियों के जीवन को बेहतर बनाएंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपने वार्षिक 6.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सरकारी खर्च में मौजूद भारी बर्बादी और धोखाधड़ी को खत्म करेंगे।'

### टीवी होस्ट को बना दिया रक्षा मंत्री



ट्रम्प ने अपनी कैबिनेट में फॉक्स न्यूज के होस्ट पीट हेगसेथ को भी जगह दी है। उन्हें रक्षा मंत्री बनाया गया है। ट्रंप-वैंस ट्रांजिशन टीम ने एक बयान में कहा, पीट सख्त, होशियार और अमेरिका फर्स्ट में सच्चा विश्वास रखने वाले हैं। पीट के नेतृत्व में अमेरिका के दुश्मनों को यह चेतावनी मिलेगी – हमारी सेना फिर से महान होगी, और अमेरिका कभी पीछे नहीं हटेगी। इस घोषणा पर नई दिल्ली समेत दुनियाभर की नजर थी। बयान में कहा गया कि हेगसेथ प्रिंसटन यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट हैं। उनके पास हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से भी ग्रेजुएशन की डिग्री है। वह एक आर्मी कॉम्बैट वेटरन हैं जो ग्वांतानामो बे, इराक और अफगानिस्तान का दौरा कर चुके हैं। युद्ध के मैदान में उनके कामों के लिए उन्हें दो ब्रॉन्ज स्टार के साथ-साथ एक कॉम्बैट इन्फैंट्रीमैन बैज से सम्मानित किया जा चुका है। ट्रांजिशन टीम के मुताबिक हेगसेथ आठ साल तक फॉक्स न्यूज में होस्ट रहे हैं। ट्रांजिशन टीम ने आगे कहा, पीट की हालिया पुस्तक, 'द वॉर ऑन वॉरियर्स', न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्ट-सेलर सूची में नौ सप्ताह तक रही।

# तकनीक पर काम करें रोहित-विराट : ब्रेट ली

**सिडनी,** (भाषा) : ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला से पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को सलाह दी है कि वे अपनी तकनीक पर काम करने के साथ "रीसेट बटन (पहले की तरह लय हासिल करें)" दबाएं। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला का आगाज पर्थ में 22 नवंबर से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की हालिया टेस्ट श्रृंखला में लचर प्रदर्शन के बाद इन दोनों बल्लेबाजों के ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की श्रृंखला में प्रदर्शन पर नजर रहेगी।

न्यूजीलैंड ने भारत को 3-0 से शिकस्त दी थी। ली ने कहा कि जब आप एक के बाद एक खराब प्रदर्शन करते हैं, तो दबाव बढ़ जाता है।

# सिनर ने फ्रिट्ज़ को फिर से हराया, मेदवेदेव भी जीते



**तूरिन (इटली),** (एपी) : विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में टेलर को सीधे सेटों में हराया। इटली के सिनर ने अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने फ्रिट्ज़ को 6-4, 6-4 से हराया। उन्होंने इस साल अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी अमेरिका के इस खिलाड़ी को सीधे सेटों में हराया था। टूर्नामेंट में लगातार दूसरी जीत दर्ज करने वाले सिनर ने कहा,''मुझे घरेलू कोर्ट पर खेलना पसंद है। अगर आप अपने प्रशंसकों और आपका समर्थन करने वालों को पसंद करते हैं तो इससे काफी मदद मिलती है।''

# ईरान : 200 महिलाओं से रेप के दोषी को सरेआम फांसी

**एतेहरान,** (एपी): पिछले दो दशक में कई महिलाओं से दुष्कर्म के दोषी एक ईरानी व्यक्ति को सार्वजनिक रूप से फांसी पर लटका दिया गया। ईरान के सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सरकारी 'आईआरएएन' अखबार ने बताया कि देश के उच्चतम न्यायालय ने अक्टूबर की शुरुआत में मोहम्मद अली सलामत की मौत की सजा बरकरार रखी थी जिसके बाद उसे फांसी दे दी गयी। उसे मंगलवार सुबह पश्चिमी हमेदान शहर में एक कब्रिस्तान में मौत की सजा दी गयी। करीब 200 महिलाओं ने दवा की दुकान और एक जिम चलाने वाले 43 वर्षीय सलामत पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। ऐसा आरोप था कि उसने पिछले 20 वर्ष में कई अपराधों को अंजाम दिया।

ईरानी मीडिया में आयी खबरों में कहा गया है कि कई मामलों में सलामत ने महिलाओं को शादी का प्रस्ताव देने के बाद या प्रेम प्रसंग के दौरान उनका दुष्कर्म किया। उसने कुछ महिलाओं को कथित तौर पर गर्भपात की दवाएं भी दीं जो ईरान में गैरकानूनी है। उसे जनवरी में गिरफ्तार किया गया था।

# गाजा : इजराइली हवाई हमलों में 46 की मौत



लेबनान में भी 33 लोग मारे गए, कई बिल्डिंगें तबाह

**दीर अल-बला, (एपी) :** इजराइली सेना द्वारा गत 24 घंटे में किए गए हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 46 लोगों की मौत हो गई जबकि लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर मंगलवार को की गई बमबारी में 33 लोगों की जान चली गई। गाजा के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि इलाके के उस क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया, जिसे इजराइल ने मानवीय क्षेत्र घोषित किया है। गाजा में जान गंवाने वाले 46 लोगों में से 11 लोग इसी क्षेत्र के एक अस्थायी कैफेटेरिया में मौजूद थे। गाजा स्थित नसीर अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि कैफेटेरिया पर हुए हमले में मारे गए लोगों में दो बच्चे थे। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, गाजा के उत्तरी शहर बेत हनून में एक घर पर मंगलवार को हुए हमले में 15 लोग मारे गए, जिनमें अल जजीरा के पत्रकार होसम शबात के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जो उत्तरी क्षेत्र से रिपोर्टिंग कर रहे थे। कमल अदवान अस्पताल के निदेशक होसम अबू सफिया ने बताया कि हमले में बतौर चिकित्सक कार्यरत मोहम्मद शबात, उनकी पत्नी दीमा एवं बेटी एलिया की मौत हो गई। फिलिस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि मध्य और दक्षिणी गाजा में हमलों में 20 अन्य लोग मारे गए।

उधर, लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में बड़े धमाके सुने गए। इस इलाके को दहियाह के नाम से जाना जाता है और यहां पर हिजबुल्ला की उपस्थिति मानी जाती है। इससे पहले इजराइल की सेना ने वहां 11 घरों को खाली करने की चेतावनी जारी की थी। इजराइली सेना ने बताया कि उसने हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है जिसमें कमान केंद्र और हथियार उत्पादन स्थल शामिल हैं, लेकिन उसने कोई सबूत नहीं दिया। हमले में बेरूत के पूर्व में स्थित एक अपार्टमेंट बिल्डिंग ध्वस्त हो गई, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए। वाएल मुर्तदा ने बताया कि नष्ट हुई इमारत उनके चाचा की थी और उसमें रह रहे लोग पिछले महीने दहियाह से भाग कर आए थे।

## पार्थिव पटेल बने गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजी कोच



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : गुजरात टाइटंस ने भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए बल्लेबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पार्थिव मुख्य कोच आशीष नेहरा के नेतृत्व वाले सहयोगी स्टाफ में दोहरी भूमिका निभाएंगे। फ्रेंचाइजी ने यहां जारी बयान में कहा कि गुजरात टाइटन्स को अपने नए सहायक और बल्लेबाजी कोच के रूप में पार्थिव पटेल की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने 17 साल के शानदार करियर का अनुभव टीम के साथ जोड़ेगा। बयान में कहा गया है,''टाइटंस आईपीएल के आगामी सत्र के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसे में पार्थिव की बल्लेबाजी तकनीक और रणनीति तैयार करने की क्षमता खिलाड़ियों के कौशल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## ऐश्वर्य-संजीता ने जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): ओलंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और संजीता दास ने बुधवार को यहां विश्व विश्वविद्यालय निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान टीम को तीसरा स्वर्ण दिलाया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में पांचवें स्थान पर रहने वाले और 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन्स में रजत पदक जीतने वाले ऐश्वर्य अंतत: स्वर्ण पदक अपने नाम करने में सफल रहे। उन्होंने और संजीता ने किम हयोबीन और ली जुनहवान की दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 17-15 से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। कांस्य पदक के मुकाबले में यूलिया पित्रोवस्का और मासीज कोवालेविज की पोलैंड की जोड़ी ने माणिनी कौशिक और उमामहेश मादिनेनी की भारतीय जोड़ी को एकतरफा मुकाबले में 16-0 से हराया।

# ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे ने जीता बुकर अवार्ड

## स्पेस स्टेशन पर आधारित उपन्यास के लिए मिला सम्मान




पृथ्वी के लिए बोलने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मैं यह पुरस्कार समर्पित करती हूं : हार्वे

**लंदन, (एपी):** ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे ने अपने 'महत्वाकांक्षी और खूबसूरत ' उपन्यास 'ऑर्बिटल' के लिए 2024 का बुकर पुरस्कार जीता है। यह 64,000 अमेरिकी डॉलर का साहित्य पुरस्कार जीतने वाला अंतरिक्ष पर आधारित पहला उपन्यास बन गया है। इस साल पुरस्कार के लिए नामित लेखकों में महिलाओं की संख्या अधिक है।

'ऑर्बिटल' अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर छह अंतरिक्ष यात्रियों के एक दिन के जीवन पर आधारित है, जो महाद्वीपों के पीछे चक्कर लगाते हुए पृथ्वी पर 16 सूर्योदय और सूर्यास्त देखते हैं। सामंथा को मंगलवार शाम को लंदन शहर में ओल्ड बिलिंग्सगेट में हुए एक समारोह में विजेता घोषित किया गया। हार्वे ने 'पृथ्वी के लिए बोलने वाले' प्रत्येक व्यक्ति को अपना पुरस्कार समर्पित करते हुए कहा, 'मैंने पहले सोचा कि पृथ्वी पर क्यों कोई एक महिला से अंतरिक्ष के बारे में सुनना चाहेगा, कल्पना करिए कि अंतरिक्ष में जब लोग होते हैं तो उन्हें कैसा लगता होगा।' यह उपन्यास महज 136 पृष्ठों का है जो पुरस्कार जीतने वाली दूसरी सबसे छोटी पुस्तक है। इस पुरस्कार के न्याय मंडल में पुरस्कार विजेता ब्रिटिश भारतीय संगीतकार नितिन साहनी, उपन्यासकार सारा कॉलिन्स, 'द गार्जियन' अखबार के फिक्शन संपादक जस्टिन जॉर्डन और चीनी-अमेरिकी लेखक एवं प्रोफेसर यियुन ली शामिल हैं। हार्वे को 64,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी गयी।

# गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में जैक टेक्सेरा को 15 साल की सजा



● यूक्रेन युद्ध से जुड़े इन दस्तावेजों के खुलासे से मुश्किल में पड़ गया था अमेरिका

**बोस्टन, (एपी):** बोस्टन के एक संघीय न्यायाधीश ने 'मैसाचुसेट्स एयर नेशनल गार्ड' के एक कर्मी को यूक्रेन युद्ध के संबंध में अत्यधिक गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के जुर्म में 15 साल की सजा सुनाई है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश इंदिरा तलवानी ने जैक टेक्सेरा को गोपनीय सैन्य दस्तावेजों को लीक करने के जुर्म में सजा सुनाई। टेक्सेरा ने राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी सूचनाओं को जानबूझकर एकत्र करने और प्रसारित करने के छह मामलों में इस साल की शुरुआत में जुर्म कुबूल किया था। सजा सुनाए जाने के दौरान टेक्सेरा संयमित दिखाई दिया। सजा सुनाए जाने से पूर्व उसने अपने कृत्यों के लिए माफी मांगी। टेक्सेरा ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि मैंने जो नुकसान पहुंचाया है, उसके लिए मैं माफी चाहता हूं।'' साथ ही उसने अपने परिवार, मित्रों और उसके कृत्य से प्रभावित हुए सभी लोगों से माफी मांगी। टेक्सेरा (22) ने स्वीकार किया कि उसने देश की कुछ सर्वाधिक खुफिया सूचनाओं को गैर कानूनी तरीके से एकत्र किया और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'डिस्कॉर्ड' पर साझा किया।

# जहां इज्जत और सम्मान मिलेगा उस टीम से खेलना चाहूंगा : राहुल



● आरसीबी के साथ जाने को लेकर भी कुछ साफ नहीं किया : लखनऊ के मालिक के साथ बहस के बाद टीम छोड़ने को लेकर कयास लगे थे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अनुभवी बल्लेबाज के एल राहुल ने कहा है कि वह एक ऐसे संतुलित माहौल में खेलना चाहते हैं, जहां उन्हें पूरी स्वतंत्रता के साथ खेलने का मौका मिले। साथ ही आरसीबी में शामिल होने को लेकर भी राहुल ने अपनी राय रखी है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने राहुल को रिलीज़ कर दिया था और अब वह मेगा नीलामी का इंतज़ार कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही लखनऊ फ्रेंचाइज़ी के मालिक संजीव गोयनका ने उन खिलाड़ियों को टीम में रिटेन करने की इच्छा जताई थी जिनके पास जीतने की मानसिकता हो और जो अपनी व्यक्तिगत आकांक्षाओं और लक्ष्यों से पहले टीम को महत्व दें। क्या इस बयान ने किसी तरह राहुल की नीलामी में जाने की इच्छा को प्रेरित किया? इस सवाल के जवाब में राहुल ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है निर्णय पहले ही लिया जा चुका था और मुझे नहीं पता कि उस बयान में क्या कहा गया था, लेकिन यह शायद रिटेंशन की घोषणा के बाद ही आया होगा। मुझे लगा कि मैं एक नई शुरुआत करना चाहता हूं, अपने विकल्पों को तलाशना चाहता हूं और वहां खेलना चाहता हूं, जहां मुझे थोड़ी स्वतंत्रता मिले और टीम का माहौल अधिक संतुलित हो।'

आईपीएल में पहले से ही बहुत दबाव होता है। आप गुजरात टाइटंस, चेन्नई सुपर किंग्स और अन्य टीमों को देखते हैं तो ऐसा साफ़ दिखता है कि जब वे जीतते या हारते हैं तो उनका संतुलन बना रहता है और ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत शांत होता है।

एक खिलाड़ी के रूप में यह मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि अगर ऐसा माहौल हो, तो सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का सबसे अच्छा मौक़ा मिलता है।